

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 147 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 08 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## पश्चिम एशिया संघर्ष पर सलमान खुर्शीद का बयान, बोले– युद्ध तुरंत रुकना चाहिए

लखनऊ। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में इतनी बड़ी त्रासदी होती है तो उसका असर हर देश पर पड़ता है, इसलिए यह युद्ध तुरंत रुकना चाहिए।
लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारत को इस युद्ध को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, लेकिन फिलहाल ऐसे प्रयास दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रयास नहीं हो रहे हैं तो यह चिंता का विषय है।
खुर्शीद ने कहा कि जब आपके घर के पास कोई पनडुब्बी आ जाए और आपके कार्यक्रम के लिए आई नाव को नष्ट कर दे, तो यह गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे घटनाक्रमों को देखते हुए विदेश नीति को लेकर कई प्रश्न उठते हैं।

# घुसपैठियों पर सख्त हुए अमित शाह

## बोले– "केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक को चुनकर भारत से बाहर करेंगे"

हरिद्वार। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में बड़ा बयान देते हुए कहा कि देश में जहां-जहां घुसपैठिए हैं, उन्हें चिन्हित कर भारत से बाहर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "केदारनाथ धाम से लेकर कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर देश से बाहर निकालने का काम किया जाएगा।"
कार्यक्रम में उन्होंने उत्तराखंड की पुष्कर धामी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में लगभग 10 हजार से अधिक अतिक्रमण हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अतिक्रमण हटाने का मामला नहीं है, बल्कि प्रदेश की संस्कृति और पहचान को सुरक्षित रखने का प्रयास भी है।

### तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक होगा न्याय

उन्होंने कहा कि नई न्याय व्यवस्था के पूरी तरह लागू होने के बाद किसी भी नागरिक की एफआईआर दर्ज होने से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला तीन साल के भीतर हो सकेगा। इससे आम नागरिकों को समय पर न्याय मिल पाएगा।

### राहुल गांधी पर साधा निशाना

इस दौरान गृह मंत्री ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो भारत का नागरिक नहीं है, उसका नाम मतदाता सूची में नहीं होना चाहिए। भाजपा चुनाव आयोग की प्रक्रिया का पूरा समर्थन करती है, क्योंकि यदि मतदाता सूची शुद्ध नहीं होगी तो लोकतंत्र सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हर विषय में नकारात्मकता ढूंढते हैं और एसआईआर का भी विरोध करते हैं।



### धामी सरकार के चार साल और मोदी सरकार के नौ साल

अमित शाह ने कहा कि आज उत्तराखंड में धामी सरकार के चार वर्ष पूरे हो रहे हैं, वहीं केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के नौ वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य के विकास का नया अध्याय शुरू किया है।

### रामपुर तिराहा की घटना का किया उल्लेख

गृह मंत्री ने राज्य आंदोलन के दौरान हुई रामपुर तिराहा घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनता आज भी उस घटना को नहीं भूली है, जब राज्य के अधिकारों के लिए आंदोलन कर रहे युवाओं पर गोलियां चली थीं। उन्होंने कहा कि उस समय भाजपा के वरिष्ठ नेता अटल बिहारी बाजपेयी ने उत्तराखंड राज्य का निर्माण कर जनता के संघर्ष को सम्मान दिया था।

### 1132 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने 1132 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। साथ ही नई न्याय संहिताओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंग्रेजों के समय के 150 साल पुराने कानूनों को हटाकर नई न्याय संहिताएं लागू की गई हैं।

### 2026 और 2027 चुनावों का भी किया जिक्र

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि 2026 में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनने जा रही है, जबकि 2027 में उत्तराखंड की जनता को फिर से पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बनानी है।

# राष्ट्रपति मुर्मु 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में शामिल हुईं

समाज जागरण

भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शनिवार को दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुईं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह संथाल समुदाय के लिए गर्व की बात है कि हमारे पूर्वज तिलका मांझी ने करीब 240 साल पहले शोषण के खिलाफ बगावत का झंडा उठाया था। उनके बगावत के करीब 60 साल बाद, बहादुर सिदो-कान्हू और चांद-भैरव ने बहादुर फूलो-झानो के साथ मिलकर 1855 में संथाल हुल का नेतृत्व किया था।

राष्ट्रपति ने कहा कि साल 2003 को संथाल समुदाय के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उस साल, संथाल भाषा को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। पिछले साल, पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर, संथाल भाषा में ओल चिकी स्क्रिप्ट में लिखा गया भारत का संविधान जारी किया गया था।

राष्ट्रपति ने कहा कि 1925 में पंडित रघुनाथ मुर्मू ने ओल चिकी स्क्रिप्ट बनाई थी। हाल ही में, हमने इस इन्वेंशन की 100वीं सालगिरह मनाई है। उनके योगदान ने संथाल भाषा बोलने वालों को अपनी बात कहने का एक नया मौका दिया। उन्होंने "बिदु चंदन," "खेरवाल वीर," "दलेगे धन," और "सिदो कान्हू – संताल हुल" जैसे नाटक भी लिखे।



इस तरह, उन्होंने संथाल समुदाय में साहित्य और सामाजिक चेतना की रोशनी फैलाई। उन्होंने कहा कि संथाल समुदाय के लोगों को दूसरी भाषाएं और स्क्रिप्ट पढ़नी चाहिए, लेकिन अपनी भाषा से जुड़े रहना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समुदायों ने सदियों से अपने लोक संगीत, नृत्य और परंपराओं को बचाकर रखा है। उन्होंने प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रकृति संरक्षण का सबक आने वाली पीढ़ियों को दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोक परंपराओं और पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ, हमारे आदिवासी समुदायों को आधुनिक विकास को अपनाना चाहिए और तरक्की की यात्रा पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि संथाल समुदाय समेत आदिवासी समुदायों के लोग तरक्की और प्रकृति के बीच तालमेल की मिसाल कायम करेंगे।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आज के समय में शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तीकरण पर ध्यान देना जरूरी है। आदिवासी युवाओं को शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के जरिए आगे बढ़ना चाहिए। लेकिन इन सभी कोशिशों में उन्हें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा और संस्कृति को बचाने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। इससे हमें एक सशक्त समाज और एक मजबूत भारत बनाने में मदद मिलेगी। (इनपुट-आईएएनएस)

# ओम बिरला की कार्यशैली की पीएम मोदी ने की सराहना, बोले– दलों से ऊपर उठकर निभा रहे जिम्मेदारी

समाज जागरण

कोटा/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की कार्यशैली और व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि वे जितने उत्कृष्ट सांसद हैं, उतने ही बेहतरीन लोकसभा अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि ओम बिरला संविधान के प्रति समर्पित हैं और उनमें संसदीय परंपराओं तथा प्रणालियों के प्रति स्पष्ट निष्ठा दिखाई देती है।
प्रधानमंत्री मोदी कोटा-बूंदी हवाई अड्डा परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला किसी एक पक्ष के प्रतिनिधि नहीं रहते, बल्कि पक्ष और विपक्ष दोनों से ऊपर उठकर सदन का संचालन करते हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी वे सदन में ओम बिरला को देखते हैं तो उन्हें यह महसूस होता है कि शिक्षा की नगरी ड्ङ्गइ से आने का प्रभाव उनके व्यक्तित्व में साफ दिखाई देता है। वे संतुलित और संयमित ढंग से सदन का संचालन करते हैं और सभी सांसदों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं।



उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला सदन के ऐसे मुखिया की तरह काम करते हैं जो सभी सांसदों की भावनाओं और आग्रहों का सम्मान करते हैं। वे सदन में मौजूद सभी सदस्यों को धैर्यपूर्वक सुनते हैं और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करते हैं।
प्रधानमंत्री ने कहा कि कई बार सदन में कुछ सदस्य ऐसे भी होते हैं जो बड़े राजनीतिक परिवारों से आते हैं और उत्तेजित व्यवहार कर बैठते हैं, लेकिन तब भी ओम बिरला पूरे संयम के साथ सदन को संभाल लेते हैं। वे किसी को अपमानित नहीं करते और सभी की तीखी तथा कड़वी बातें भी धैर्यपूर्वक सुनते हैं।
उन्होंने आगे कहा कि ओम बिरला के व्यक्तित्व की एक विशेषता उनकी हमेशा रहने वाली मुस्कान है। उनके चेहरे पर रहने वाली मधुर मुस्कान उन्हें और भी सहज बनाती है। यही कारण है कि वे सदन में सभी सांसदों के बीच लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और ओम बिरला इस जिम्मेदारी को पूरी गरिमा, संयम और संतुलन के साथ निभा रहे हैं।

## मुकेश अंबानी और अनंत अंबानी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति का किया स्वागत

समाज जागरण

मुंबई। उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके पुत्र अनंत अंबानी ने मुंबई स्थित अपने आवास पर फिनलैंड के राष्ट्रपति डॉक्टर अलेक्जेंडर स्टब का स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई। मुलाकात के दौरान आपसी सहयोग, मित्रता और विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।
इस बैठक को भारत और फिनलैंड के बीच संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया गया कि इस दौरान साझा मूल्यों और सहयोग को बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श हुआ।
यह मुलाकात आपसी मित्रता, संवाद और दोनों देशों के संबंधों को सुदृढ़ करने की भावना को दशार्ती है।

# खिताबी मुकाबले से पहले हनुमान मंदिर पहुंचे भारतीय खिलाड़ी, आज भारत और न्यूजीलैंड में भिड़ंत

नई दिल्ली। विश्व कप के खिताबी मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी शनिवार को हनुमान मंदिर पहुंचे और जीत की कामना की। रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा।
फाइनल से एक दिन पहले भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव मीडिया से बातचीत करेंगे। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उन्होंने पिच को करीब से नहीं देखा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि इस पिच पर रनों की अच्छी बरसात हो सकती है।




सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम भारत के खिलाफ फाइनल में बिना किसी दबाव के अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि टीम का लक्ष्य खिताब जीतना है और न्यूजीलैंड की टीम बड़े टूर्नामेंटों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रही है क्योंकि खिलाड़ी विपक्षी टीम या परिस्थितियों से घबराते नहीं हैं।
न्यूजीलैंड कप्तान ने हल्के अंदाज में कहा कि अगर उनकी टीम करोड़ों भारतीय प्रशंसकों के सामने खिताब जीतती है तो वह उनके लिए खास पल होगा। उन्होंने कहा कि उनकी टीम दबाव वाले मुकाबलों में संयम बनाए रखने पर भरोसा करती है और यही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

# ईरान का संचार तंत्र ठप, अब सिर्फ बिना शर्त समर्पण ही विकल्प: ट्रंप

वाशिंगटन/तेहरान। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर सख्त बयान देते हुए कहा है कि अब ईरान के साथ किसी प्रकार की बातचीत या समझौता नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अमेरिका को केवल बिना शर्त समर्पण ही स्वीकार है।
डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सामाजिक माध्यम पर लिखा कि हाल के दिनों में हुई सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान की ताकत काफी कमजोर हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान का संचार तंत्र भी ठप कर दिया गया है, जिससे वहां की व्यवस्था पर बड़ा असर पड़ा है।
उन्होंने कहा कि यदि ईरान समर्पण करता है तो वहां नया नेतृत्व चुना जाएगा और अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर देश को फिर से खड़ा करने में मदद करेगा। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका चाहता है कि ईरान में ऐसा नेतृत्व सामने आए जो अमेरिका, इजरायल और पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ बेहतर संबंध रख सके।



### ईरान का जवाब

दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि कुछ देश इस संघर्ष में मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ईरान का मानना है कि बातचीत उन्हीं देशों से होनी चाहिए जिन्होंने इस संघर्ष की शुरूआत की है।
तेहरान और तेल अवीव में हमले युद्ध के आठवें दिन भी हमले जारी रहे। शनिवार तड़के ईरान की राजधानी तेहरान में जोरदार धमाकों की खबर सामने आई। सामाजिक माध्यमों पर सामने आए वीडियो में मेहराबाद हवाई अड्डे के पास आग लगती दिखाई दी। इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने तेहरान में नए हमले किए हैं।

# यूजीसी 2026 के विरोध में प्रस्तावित प्रदर्शन पर पुलिस की रोक, आयोजकों में आक्रोश

समाज जागरण

नई दिल्ली। राजधानी के रामलीला मैदान में 8 मार्च को प्रस्तावित यूजीसी 2026 के विरोध में होने वाले प्रदर्शन पर दिल्ली पुलिस ने अंतिम समय में रोक लगा दी। इस कार्रवाई को लेकर आयोजकों और सवर्ण समाज के विभिन्न संगठनों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आरोप है कि पुलिस ने न केवल प्रदर्शन की अनुमति रद्द की, बल्कि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत, स्वामी आनन्द स्वरूप, पंकज धरवईया, पत्रकार अजित भारती सहित संगठन से जुड़े कई लोगों को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया, ताकि प्रस्तावित कार्यक्रम आयोजित न हो सके। स्वामी आनन्द स्वरूप ने पुलिस और सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि दिल्ली पुलिस को कार्यक्रम की अनुमति नहीं देनी थी तो पहले ही स्पष्ट कर देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस आयोजन की तैयारी में संगठन के लोग पिछले एक महीने से जुटे हुए थे और अंतिम समय में रोक लगाकर सारी मेहनत बेकार कर दी गई। स्वामी आनन्द स्वरूप ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को रात नौ बजे तक रिहा नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। खबर लिखे जाने तक करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ताओं की रिहाई को लेकर शासन या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक सूचना सामने नहीं आई थी। इस बीच यह भी खबर सामने आई है कि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लगातार अलग-अलग स्थानों पर ले जाया जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।





स्वामी आनन्द स्वरूप ने देशवासियों के नाम संदेश जारी करते हुए छात्रों, युवाओं, शिक्षकों और जागरूक नागरिकों से अपील की थी कि 8 मार्च को सुबह 10 बजे रामलीला मैदान, दिल्ली में एकत्र होकर शिक्षा के क्षेत्र में लागू किए जा रहे कथित अन्यायपूर्ण नियमों के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि देश के युवाओं और भविष्य का आंदोलन है और शिक्षा में अन्याय व भेदभाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सफलता-असफलता जीवन के दो अनिवार्य पहलू।

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा 'इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी'
कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है'
जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।
मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।
इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।



संजीव ठाकुर

# भविष्य की युद्ध प्रणाली और भारत की रणनीति

भारत की सुरक्षा व्यवस्था आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहाँ केवल सैनिकों की संख्या या पारंपरिक हथियार पर्याप्त नहीं रह गए हैं। आधुनिक युद्ध अब अत्याधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धि, दूर से संचालित प्रणालियों और तेज निर्णय क्षमता पर आधारित हो गया है। ऐसे समय में वायु शक्ति किसी भी देश की रक्षा नीति का सबसे महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। इसी पृष्ठभूमि में भारत छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास की दिशा में एक बड़ी रणनीतिक योजना पर विचार कर रहा है। यह पहल न केवल भारत की वायु शक्ति को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है बल्कि देश को वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी के अग्रिम पंक्ति में भी खड़ा कर सकती है। हाल की रिपोर्टों के अनुसार भारत यूरोप के एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में भागीदारी पर विचार कर रहा है जिसके अंतर्गत भविष्य की युद्ध प्रणाली विकसित की जा रही है। इस कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2017 में फ्रांस और जर्मनी ने की थी और बाद में स्पेन भी इसमें शामिल हो गया। इसका उद्देश्य आने वाले दशकों के लिए एक ऐसी युद्ध प्रणाली तैयार करना है जिसमें अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, मानवरहित यान और आपस में जुड़े हुए युद्ध नेटवर्क शामिल हों।

भारत द्वारा इस कार्यक्रम में रुचि दिखाना कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत पहले भी कई देशों के साथ मिलकर आधुनिक सैन्य तकनीक विकसित करने का प्रयास कर चुका है। रूस के साथ संयुक्त रूप से पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान पर काम करने की योजना भी बनी थी, परन्तु वह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। उसके बाद भारत ने अपनी स्वदेशी परियोजना पर अधिक ध्यान देना शुरू किया। वर्तमान में भारत स्वयं एक आधुनिक गुप्त लड़ाकू विमान विकसित कर रहा है, जिसका उद्देश्य वायु सेना को आने वाले समय के युद्ध के लिए तैयार करना है। इस परियोजना के अंतर्गत कई उन्नत तकनीकों को शामिल किया जा रहा है ताकि यह विमान भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें कृत्रिम बुद्धि आधारित प्रणालियाँ, उन्नत सेंसर और अत्यधिक गुप्तता प्रदान करने वाली संरचना शामिल की जाएगी जिससे यह विमान दुश्मन के राडार से बच सकेगा।

हालाँकि केवल पाँचवीं पीढ़ी की तकनीक भविष्य की चुनौतियों का पूरी तरह सामना करने के लिए पर्याप्त नहीं मानी जा रही है। विश्व की बड़ी शक्तियाँ पहले ही छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों पर काम शुरू कर चुकी हैं। अमेरिका, चीन और यूरोप इस दिशा में गहन अनुसंधान कर रहे हैं। इन विमानों की विशेषता यह होगी कि वे केवल एक विमान नहीं होंगे बल्कि पूरी युद्ध प्रणाली का हिस्सा होंगे। इनमें मानवरहित यानों के साथ समन्वय, अत्यधिक विकसित संचार प्रणाली, वास्तविक समय में सूचना का आदान-प्रदान और अत्यंत उन्नत हथियार प्रणाली शामिल होगी। ऐसे विमान युद्ध के मैदान में अकेले नहीं लड़ेंगे बल्कि कई स्वचालित यानों के साथ मिलकर एक संगठित शक्ति के रूप में काम करेंगे।

भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह इस तकनीकी दौड़ में पीछे न रह जाए। भारतीय वायु सेना के कई पुराने विमान आने वाले वर्षों में सेवा से बाहर होने वाले हैं और नई तकनीक से लैस विमानों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। इसी कारण सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की नीति अपनाई है। पिछले कुछ वर्षों में देश में रक्षा उत्पादन और निर्यात दोनों में वृद्धि देखी गई है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत केवल हथियारों का खरीदार न रहे बल्कि उन्हें विकसित और निर्यात करने वाला देश बने। इसी सोच के अंतर्गत स्वदेशी लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और अन्य सैन्य प्रणालियों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

यूरोप के साथ संभावित सहयोग इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यदि भारत इस कार्यक्रम में शामिल होता है तो उसे उन्नत तकनीकों तक पहुँच मिल सकती है। साथ ही भारतीय उद्योग और अनुसंधान संस्थानों को भी वैश्विक स्तर के परियोजनाओं में काम करने का अवसर मिलेगा। इससे देश के वैज्ञानिकों और अभियंताओं को अत्याधुनिक तकनीक विकसित करने का अनुभव प्राप्त होगा। यह सहयोग केवल एक विमान बनाने तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसके माध्यम से इंजन, सेंसर, संचार प्रणाली और युद्ध नियंत्रण जैसी कई महत्वपूर्ण तकनीकों में भी प्रगति संभव होगी।

इसके अतिरिक्त यह सहयोग भारत और यूरोप के बीच सामरिक संबंधों को भी मजबूत कर सकता है। भारत और फ्रांस के बीच पहले से ही रक्षा क्षेत्र में गहरा सहयोग रहा है। दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में साथ काम किया है और भविष्य में भी इस सहयोग को और बढ़ाने की संभावना जताई जाती रही है। यदि भारत इस नए कार्यक्रम में शामिल होता है तो यह संबंध और भी व्यापक हो सकता है। इससे भारत को रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दीर्घकालिक लाभ मिल सकता है और देश की सामरिक स्थिति भी मजबूत होगी।

हालाँकि इस योजना के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं। इतने बड़े कार्यक्रम में शामिल होना आर्थिक और तकनीकी दोनों दृष्टियों से कठिन कार्य होता है। छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान का विकास अत्यंत महंगा और जटिल होता है। इसके लिए वर्षों तक अनुसंधान, परीक्षण और विकास की आवश्यकता होती है। इसके अलावा विभिन्न देशों के बीच तकनीक के आदान-प्रदान, काम के बँटवारे और वित्तीय जिम्मेदारियों को लेकर भी कई बार मतभेद पैदा हो सकते हैं। यूरोप के इस कार्यक्रम में भी पहले से कुछ मतभेद सामने आ चुके हैं। इसलिए भारत को इसमें शामिल होने से पहले सभी पहलुओं का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना होगा।

इसके बावजूद कई विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत के लिए यह अवसर महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि भारत इस परियोजना में भागीदारी करता है तो उसे भविष्य की सैन्य तकनीकों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का मौका मिल सकता है। इससे देश के वैज्ञानिक और औद्योगिक आधार को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही भारत को अपने स्वदेशी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में भी सहायता मिल सकती है।

भारतीय रक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य अब केवल वर्तमान सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करना नहीं बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना है। आधुनिक युद्ध में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। कृत्रिम बुद्धि, स्वचालित प्रणालियाँ और उन्नत संचार नेटवर्क आने वाले समय के युद्ध की दिशा तय करेंगे। इसलिए भारत का यह प्रयास केवल एक नए लड़ाकू विमान के निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि यह देश की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच का हिस्सा है।

यदि यह योजना सफल होती है तो आने वाले दशकों में भारतीय वायु सेना को ऐसी शक्ति मिल सकती है जो उसे विश्व की अग्रणी वायु सेनाओं की श्रेणी में और मजबूती से स्थापित करेगी। इससे भारत की सुरक्षा क्षमता बढ़ेगी और देश की तकनीकी प्रतिष्ठा भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी। यह पहल भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के साथ-साथ उसे वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी के केंद्र में भी ला सकती है।

इस प्रकार छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास की दिशा में उठाया गया यह संभावित कदम केवल एक सैन्य परियोजना नहीं बल्कि भारत की व्यापक रणनीतिक दृष्टि का प्रतीक है। यह उस भविष्य की ओर संकेत करता है जहाँ भारत न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा बल्कि नई तकनीकों के निर्माण और विकास में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। आने वाले वर्षों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह योजना किस रूप में आगे बढ़ती है और भारत इस वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में किस प्रकार अपनी जगह बनाता है।



महेन्द्र तिवारी

# क्यों हो रही है योगी की छवि धूमिल करने की राजनीति

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव इन दिनों मोदी-योगी और बीजेपी के तमाम नेताओं के खिलाफ अपनी तीखी भाषा और तंज भरी शैली के चलते राजनीतिक हलकों में छाए हुए हैं। वे लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते रहते हैं, ठीक वैसे ही जैसे कांग्रेस के राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हैं। अखिलेश, सीएम योगी की छवि को धूमिल करने के लिए हर मौके को हथियार बनाते हैं। योगी की वेशभूषा पर सवाल उठाते हैं तो उनकी क्षमता पर भी चोट करते हैं। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की तारीफ देश-दुनिया कर रही हो, अखिलेश उसी पर तंज कसते हैं। भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं, निवेश प्रयासों का मजाक उड़ाते हैं। यहां तक कि योगी के विदेश दौरों को भी निशाने पर लेते हैं। वे उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के बीच कलह की अफवाहें फैलाते हैं। उन्हें सौ विधायक लाने और मुख्यमंत्री बनने का प्रस्ताव देते रहते हैं। अब तो यह भी कह रहे हैं कि 2027 का विधानसभा चुनाव नहीं होगा, बल्कि 2029 का लोकसभा चुनाव ही होगा। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बहाने भी योगी पर प्रहार कर रहे हैं। ये सारी बातें अखिलेश की रणनीति का हिस्सा लगती हैं, जो योगी सरकार को कमजोर दिखाने पर तुली हुई हैं।
खैर, राजनीति में बयानबाजी का यह खेल पुराना है, लेकिन अखिलेश इसे एक कला बना चुके हैं। वे हर सार्वजनिक मंच पर योगी को निशाना बनाते हैं। योगी जब भी कोई नया कदम उठाते हैं, अखिलेश तुरंत उस पर सवाल खड़े कर देते हैं। मसलन, योगी के विदेश भ्रमणों को वे व्यर्थ बताते हैं। कहते हैं कि ये दौरें केवल दिखावा हैं, असल में प्रदेश का विकास रुका हुआ है। निवेश सम्मेलनों का भी वे मजाक उड़ाते हैं। दावा करते हैं कि ये सब आंकड़े काल्पनिक हैं, जमीन पर कुछ नहीं हो रहा। कानून व्यवस्था पर तो उनकी बोलचाल में सबसे ज्यादा तीखापन आता है। योगी सरकार जब अपराध पर सख्ती की बात करती है, अखिलेश पुराने आंकड़े निकालकर हमला बोलते हैं। कहते हैं कि अपराधी अभी भी खुले घूम रहे हैं, पुलिस की कार्रवाई केवल नाम की है। भ्रष्टाचार के आरोप तो वे रोजमर्रा की बात की तरह लगाते हैं। विभागों पर भ्रष्टाचार का ठप्पा लगाते हैं,अधिकारियों को निशाना बनाते हैं। योगी की वेशभूषा पर तंज कसना उनका पुराना शगल है। भगवा वस्त्रों को लेकर व्यंग्य करते हैं, कहते हैं कि यह आडंबर है, असली सेवा जमीन पर दिखानी चाहिए। इन तमाम हमलों से योगी की साफ-सुथरी छवि पर ग्रहण लगाने की कोशिश साफ झलकती है।
अखिलेश की रणनीति में उपमुख्यमंत्रियों को शामिल करना नई चाल है। वे केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के बीच दरार की कहानियां गढ़ते हैं। कहते हैं कि योगी के नेतृत्व में ये दोनों असहज हैं। उन्हें बार-बार ललकारते हैं सौ विधायक लाओ, मुख्यमंत्री बन जाओ। यह बयान भाजपा के अंदर कलह फैलाने का प्रयास है। अखिलेश जानते हैं कि भाजपा की एकजुटता ही उसकी ताकत है। इसलिए वे छोटे-छोटे बीज बोकर दरार पैदा करने की कोशिश करते हैं। मौर्य और पाठक को निशाना बनाना इसलिए आसान है क्योंकि वे पिछड़े वर्ग और अन्य समुदायों के प्रतिनिधि हैं। अखिलेश इनके माध्यम से समाजवादी समर्थकों को लुभाने का प्रयास करते हैं। योगी पर सीधा हमला न हो सके तो अप्रत्यक्ष रूप से सरकार को कमजोर दिखाते हैं। यह चाल चाणक्य नीति जैसी लगती है, जहां शत्रु को अंदर से तोड़ा जाता है। भाजपा कार्यकर्ता इन बयानों से भड़कते हैं, लेकिन अखिलेश को इससे सुर्खियां मिलती हैं। मीडिया इन बयानों को प्रमुखता से दिखाता है, जिससे अखिलेश का संदेश दूर-दूर तक फैलता है।
सबसे चौंकाने वाला बयान तो 2027 के विधानसभा चुनाव न होने का है। अखिलेश कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में अब विधानसभा चुनाव नहीं होगा, 2029 का लोकसभा चुनाव ही मुख्य होगा। यह बयान केंद्र और राज्य की सत्ता पर सवाल उठाता है। विपक्षी नेता इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हैं, लेकिन अखिलेश इसे हथियार बनाते हैं। वे कहते हैं कि भाजपा चुनाव से डर रही है, इसलिए इसे टालने की साजिश रच रही है। यह दावा आधारहीन लगता है, लेकिन अखिलेश के समर्थकों में उत्साह भर देता है। वे इसे योगी सरकार की नाकामी का प्रमाण बताते हैं। वास्तव में यह बयान भविष्य की राजनीति को प्रभावित करने का प्रयास है। 2027 का चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि योगी की लोकप्रियता परखी जाएगी। अखिलेश पहले से ही प्रचार शुरू कर चुके हैं। समाजवादी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए यह बयान हवा में आग लगाने जैसा है। विपक्षी दल इसे दोहराते हैं, जिससे माहौल गरमाता जाता है। अखिलेश की यह शैली उन्हें युवा वोटरों का चहेता बनाती है। उनकी भाषा सरल, तीखी और याद रखने लायक होती है।
शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का मुद्दा उठाकर अखिलेश ने धार्मिक भावनाओं को भी छुआ है। शंकराचार्य ने योगी सरकार पर आलोचना की, तो अखिलेश ने इसे पकड़ लिया। वे कहते हैं कि धार्मिक नेता भी योगी से नाराज हैं। यह बयान हिंदू वोट बैंक को भेदने की कोशिश है। योगी की हिंदुत्व छवि मजबूत है, लेकिन अखिलेश इसे कमजोर करने पर तुले हैं। शंकराचार्य के बहाने वे कहते हैं कि योगी धार्मिक मामलों में भेदभाव करते हैं। यह प्रहार सीधा सीने पर है। उत्तर प्रदेश में धर्म का महत्व बहुत है, इसलिए अखिलेश इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। वे हर धार्मिक आयोजन पर योगी को घेरते हैं। राम मंदिर निर्माण हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, इनका श्रेय योगी को देते हुए भी कमियां निकालते हैं। अखिलेश की यह रणनीति लंबे समय से चल रही है। मुलायम सिंह यादव के जमाने से समाजवादी पार्टी विपक्ष की भूमिका निभाती रही है। लेकिन अखिलेश ने इसमें आधुनिकता जोड़ी है। सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं, छोटे वीडियो बनवाते हैं। उनके बयान वायरल होते हैं, लाखों लोग देखते हैं।
दरअसल, योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता अखिलेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। योगी ने पांच साल में विकास के कई काम किए हैं। सड़कें बनीं, बिजली पहुंची, अपराध पर नियंत्रण हुआ। निवेश सम्मेलनों से अरबों के प्रस्ताव आए। लेकिन अखिलेश इन सबको नकारते हैं। वे कहते हैं कि ये सब कागजी हैं, किसानों की हालत खराब है। बेरोजगारी बढ़ रही है, युवा परेशान हैं। महंगाई पर भी तंज कसते हैं। योगी के बुलडोजर अभियान को अन्याय बताते हैं। कहते हैं कि निदोर्षों के घर तोड़े जा रहे हैं। यह मुद्दा पिछड़े इलाकों में गूंजता है। इन्हीं बयानों के सहारे अखिलेश समाजवादी पार्टी को पुनर्जनन देने के लिए संघर्षरत हैं। 2017 में हार के बाद 2022 में फिर हार मिली। अब 2027 की तैयारी में जुटे हैं। उनकी तंज शैली वोटरों को जोड़ती है। खासकर यादव और मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करती है। वे योगी को चुनौती देते हैं बहस हो तो आओ। लेकिन बहस से बचते हैं।
अखिलेश की भाषा में व्यंग्य का पुट ऐसा है कि सुनने वाले हंसते भी हैं और सोचने पर मजबूर हो जाते हैं। वे योगी को महंत कहकर चिढ़ाते हैं। कहते हैं कि महंत साधु हैं, राजनीति में क्या करेंगे। वेशभूषा पर तंज मारते हुए कहते हैं कि भगवा पहनकर विकास नहीं होता। केशव प्रसाद मौर्य को ललकारते हुए कहते हैं कि साहब, साहब कहना बंद करो, सत्ता संभालो। ब्रजेश पाठक को चेतावनी देते हैं कि योगी के डर से मत डरो। ये बयान भाजपा के अंदर खलबली मचा देते हैं। योगी शांत रहते हैं, लेकिन उनके समर्थक जवाब देते हैं। राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। अखिलेश को इससे फायदा होता है। वे विपक्ष के चेहरा बन चुके हैं। अन्य दल उनके पीछे आते हैं।
यह सारी रणनीति 2027 के चुनाव के लिए है। अखिलेश जानते हैं कि योगी मजबूत हैं, लेकिन कमजोरियां ढूंढनी हैं। कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी ये मुद्दे उठाकर वे वोटरों को लुभाते हैं। शंकराचार्य का मुद्दा धार्मिक वोट प्रभावित करेगा। उपमुख्यमंत्रियों पर हमला भाजपा को बांटेगा। चुनाव न होने का दावा भय पैदा करेगा। अखिलेश की तंज शैली उन्हें अलग बनाती है। वे भाषणों में कविताएं सुनाते हैं, मुहावरों का इस्तेमाल करते हैं। युवा उन्हें पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर उनके क्लिप्स ट्रेंड करते हैं। समाजवादी पार्टी को नई ऊर्जा मिल रही है। योगी सरकार को सतर्क रहना होगा। अखिलेश के हमले तेज होंगे। राजनीति का यह युद्ध जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश की सियासत में रोमांच बना रहेगा। अखिलेश यादव सुर्खियों के सितारे बने रहेंगे।



अजय कुमार

# आजम का समय खराब तो अखिलेश का नये चेहरे पर दांव

उत्तर प्रदेश की सियासत में मुस्लिम मतदाता सदैव निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। करीब 125 सीटों पर इनका असर सीधे नतीजों को प्रभावित करता है, खासकर पश्चिमी इलाके में जहां मुस्लिम आबादी चालीस फीसद तक पहुंच जाती है। भाजपा को छोड़ अन्य सभी दल इन मतों को हथियाने के लिए होड़ लगाए रहते हैं, और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव इस दौड़ में सबसे आगे दिखते हैं। जेल में बंद आजम खान से लेकर बसपा और कांग्रेस छोड़ हाल ही में पार्टी में आए नसीमुद्दीन सिद्दीकी तक पर वे दांव लगा रहे हैं, ताकि यूपी में मुस्लिम वोटों के एक और सौदागर ओवैसी की बढ़ती चुनौती का मुकाबला हो सके। आज हालात यह है कि जेल में बंद आजम खान की कमी सपा के लिए गहरी चोट साबित हो रही है, क्योंकि रामपुर से सहारनपुर तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उन 60 से अधिक सीटों पर उनका जादू बरकरार है जहां मुस्लिम मतदाता जीत हार तय करते हैं। जेल की चारदीवारी में बंद होते हुए भी उनके समर्थक बाहर चिल्ला रहे हैं, पश्चिमी इलाके के छह जिलों में मुस्लिम आबादी पैंतालीस फीसद से ऊपर होने के कारण वहां सपा का वोट बैंक डगमगाने लगा है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी इस कमी को कितना भर पाएंगे, यह सवाल खड़ा हो गया है, क्योंकि बसपा से होते हुए कांग्रेस तक अपनी यात्रा में उन्होंने बुंदेलखंड के दर्जन भर जिलों में मुस्लिम मतों को संगठित करने का लोहा मनवा लिया है। हाल ही में पंद्रह फरवरी को सपा में शामिल होने के बाद वे बुंदेलखंड की उन पचास सीटों पर फोकस कर रहे हैं जहां मुस्लिम आबादी तीस फीसद के आसपास है, और पूर्व में बसपा के प्रमुख मुस्लिम नेता के रूप में उन्होंने वहां सत्रह विधायकों को जुटाया था।
नसीमुद्दीन की ताकत उनकी रणनीतिक चतुराई में है, जो आजम की जमीनी पकड़ से अलग लेकिन पूरक साबित हो सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आजम के खालीपन को वे पूरी तरह न भर सकें, क्योंकि वहां सहारनपुर से मुरादाबाद तक की इक्कीस मुस्लिम बहुल सीटों पर आजम का नाम ही वोट जुटाता रहा है। लेकिन बुंदेलखंड में उनकी पैठ गहरी है, जहां झांसी, बांदा, चित्रकूट जैसे जिलों की अट्ठारह सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक हैं और नसीमुद्दीन ने बसपा काल में इनमें से आधे पर असर डाला था। सपा को कुल मिलाकर एक सौ पचास सीटों पर फायदा हो सकता है, क्योंकि नसीमुद्दीन पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक सौ से अधिक सीटों पर मुस्लिम युवाओं को लुभाने का दावा कर रहे हैं। ओवैसी की पार्टी हर ग्राम पंचायत में इकसठ सदस्यीय समितियां गढ़ रही है, जो पश्चिमी इलाके की पचास सीटों पर सेंध लगा सकती है, लेकिन नसीमुद्दीन का अनुभव इस खतरे को कम कर सकता है।
सपा के अन्य मुस्लिम नेताओं द्वारा नसीमुद्दीन को स्वीकारना आसान नहीं होगा, क्योंकि पार्टी में पहले से इमरान मसूद जैसे सहारनपुर के दिग्गज हैं जिन्होंने पश्चिमी इलाके में दर्जन भर सीटों पर असर जमाया है। आशु मलिक जैसे नेता भी जिले के निकाय चुनावों में इमरान से टकरा चुके हैं, और सिसामऊ से इरफान सोलंकी तक सपा के छत्तीस मुस्लिम विधायकों में आंतरिक खींचतान पुरानी है। नसीमुद्दीन को बुंदेलखंड संभालने का मौका मिला तो इमरान सहारनपुर की आठ सीटों पर असहज हो सकते हैं, क्योंकि दोनों का वोट बैंक ओवरलैप करता है। लेकिन अखिलेश की चतुराई से यह संतुलन बन सकता है, क्योंकि पिछले चुनावों में सपा ने इक्यावन मुस्लिम बहुल सीटों पर मजबूत प्रदर्शन किया था और नसीमुद्दीन जैसे चेहरे से वह संख्या सत्तर तक पहुंच सकती है।
आजम की कमी का असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उन छब्बीस जिलों में सबसे ज्यादा दिखेगा जहां मुस्लिम आबादी छब्बीस फीसद है, और सपा को वहां सत्तावन सीटें गंवाने का डर सता रहा है। नसीमुद्दीन इसकी भरपाई बुंदेलखंड से कर सकते हैं, जहां उन्होंने बसपा में अठारह नेताओं को संगठित किया था और अब सपा के सत्रह पूर्व विधायकों के साथ मिलकर चालीस सीटों पर दबदबा बना सकते हैं। ओवैसी का भूत सपा के सिर सवार है, क्योंकि उनकी पार्टी पंचायत स्तर पर बूथ मजबूत कर रही है और मुस्लिम युवाओं को छीनने की कोशिश में जुटी है, लेकिन नसीमुद्दीन का आना सपा को सांस लेने का मौका देगा। शिवपाल सिंह यादव की जेल मुलाकातें आजम का आशीर्वाद दिला सकती हैं, और अगर आजम ने हामी भरी तो नसीमुद्दीन को आगे बढ़ाया जाएगा। सपा की भाषा शैली अब बदल रही है, क्योंकि नसीमुद्दीन जैसे नेता मुस्लिम वोटों को जोड़ने के साथ जाट और पिछड़े समीकरण भी साधेंगे। उत्तर प्रदेश की कुल मुस्लिम आबादी पांच करोड़ के करीब पहुंच चुकी है, जो सवा सौ सीटों पर फैली हुई है। आजम के बिना पश्चिमी इलाके की उन तैंतीस सीटों पर खतरा बढ़ गया जहां मुस्लिम तीस फीसद से ज्यादा हैं, लेकिन नसीमुद्दीन बुंदेलखंड की उन सत्ताईस सीटों से भरपाई करेंगे जहां उनका पुराना नेटवर्क काम आएगा। पार्टी के अन्य मुस्लिम चेहरों जैसे नईम उल हसन या नफीस अहमद स्वीकार करेंगे या नहीं, यह आंतरिक कलह पर निर्भर है, लेकिन इमरान मसूद की असहजता पहले ही सतह पर आ चुकी है।
कुल मिलाकर नसीमुद्दीन आजम की कमी का आधा भर सकते हैं, क्योंकि पश्चिमी यूपी में आजम का जादू अनोखा है जो इक्कीस जिलों की सौ एक सीटों पर फैला है, जबकि नसीमुद्दीन बुंदेलखंड और पूर्वांचल की सौ सीटों पर मजबूत हैं। सपा के मुस्लिम नेताओं में कलह बरकरार रहेगी, क्योंकि सिकंदरपुर के जियाउर रिजवी से गोपालपुर के नफीस तक कई दावेदार हैं, लेकिन अखिलेश की रणनीति से संतुलन बनेगा। ओवैसी की आक्रामकता पश्चिमी इलाके में सेंध लगाएगी, लेकिन नसीमुद्दीन का सहारा सपा को मजबूत कर सकता है। योगी सरकार तुष्टीकरण पर हमला बोलेगी, पर अगर आजम का समर्थन मिला तो सपा बेदम नहीं पड़ेगी। इस जोड़ी की सफलता से सपा की कमर सीधी हो सकती है, वरना ओवैसी का डर हकीकत बन जाएगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# हत्या का खुलासा: एक्सप्रेस-वे थाना पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

नोएडा। थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने मैनुअल खुफिया जानकारी और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की मदद से हत्या की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार और तीन लाख दो हजार रुपये नकद भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 2 मार्च 2026 को पंचशील




अंडरपास के पास सर्विस रोड किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान महिला की पहचान कविता उर्फ काव्या पत्नी शंकर, निवासी साहिबाबाद, गाजियाबाद के रूप में हुई। मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना एक्सप्रेस-वे में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने खुफिया जानकारी और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के आधार पर आरोपी विक्की पुत्र मोहनलाल माथुर को सेक्टर-129 नोएडा से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी विक्की (34 वर्ष) गणेश नगर, पांडव नगर कॉम्प्लेक्स, थाना मंडावली, पूर्वी दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार और तीन लाख दो हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पिता की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने घटना का किया खुलासा

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने हत्या की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की भारी ठोस पिन (छड़) भी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के अंतर्गत यमुना डूब क्षेत्र, सेक्टर-135 में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। जांच में मृतक की पहचान राकेश कुमार पुत्र गिंदर निवासी ग्राम जरीफनगर, थाना जरीफनगर, बदायूं (वर्तमान पता यमुना डूब क्षेत्र, सेक्टर-135 नोएडा) के रूप में हुई।

घटना की सूचना मिलते ही थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया। जांच के दौरान पुलिस ने मैनुअल खुफिया जानकारी और साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त सतेन्द्र कुमार पुत्र राकेश को छपरौली लेबर चौक, सेक्टर-168 नोएडा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके और उसके पिता के बीच वाहन की किस्त के पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था।



अभियुक्त के अनुसार 28 फरवरी 2026 की रात गुस्से में आकर उसने लोहे के हुक से अपने पिता राकेश पर वार कर दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सतेन्द्र कुमार (22 वर्ष) मूल रूप से ग्राम जरीफनगर दुर्गपुर, थाना जरीफनगर, जिला बदायूं का निवासी है और वर्तमान में यमुना डूब क्षेत्र, सेक्टर-135 नोएडा में रह रहा था।

थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही घटना में प्रयुक्त लोहे की छड़ को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नोएडा प्राधिकरण का 'नारी लीड्स स्वच्छता' अभियान

नोएडा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नोएडा प्राधिकरण ने ‍ह्यनारी लीड्स स्वच्छताञ्ज अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत 8 से 14 मार्च 2026 तक सप्ताह भर महिलाओं की स्वच्छता और सामुदायिक नेतृत्व में भूमिका को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्राधिकरण के अनुसार इस पहल का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को सम्मान देना है। इस सप्ताह के दौरान उन महिलाओं के कार्यों और उपलब्धियों को रेखांकित किया जाएगा, जो समाज को स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक समावेशी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# सांसद खेल महोत्सव एवं विधायक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। नोएडा के सेक्टर-21 स्थित अंतरंग क्रीड़ा परिसर में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव एवं विधायक खेल प्रतियोगिता (7 व 8 मार्च 2026) का उद्घाटन सांसद डॉ. महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का संगम देखने को मिला, जिसमें नोएडा क्षेत्र के कनिष्ठ, उप-कनिष्ठ तथा छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद और विधायक ने खिलाड़ियों से संवाद किया और उन्हें प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

आज आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में दौड़-कूद, कबड्डी, वालीबॉल, कुश्ती, जूडो, भारोत्तोलन, फुटबॉल तथा बैडमिंटन के खिलाड़ियों को




अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। विधायक पंकज सिंह ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए उनके खेलों के बारे में जानकारी ली और कहा कि जो खिलाड़ी अपने जिले और विधानसभा स्तर से आगे बढ़ेंगे, उन्हें मंडलीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा।

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव, स्वस्थ भारत, खेलो भारत तथा विकसित भारत के लिए स्वस्थ युवा जैसे अभियानों के माध्यम से देश की युवा शक्ति खेलों के जरिए भारत के उज्वल भविष्य का निर्माण कर रही है।

इस आयोजन में जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह (गौतमबुद्ध नगर एवं बुलंदशहर) तथा क्रीड़ाधिकारी प्रवेज अली और सभी खेल प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सांसद खेल महोत्सव का समापन 8 मार्च 2026 को होगा।

इस अवसर पर नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, कार्यक्रम संयोजक संजय बाली, चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, मनीष शर्मा, डिम्पल आनंद, ओमवीर अवाना, विनोद शर्मा, मुक्तानंद प्रधान, उमेश पहलवान, मनोज चौहान, भूपेश चौधरी, राजकुमार बंसल, अमित त्यागी, घनश्याम यादव, लोकेश कश्यप, रामनिवास यादव, विपुल शर्मा, राजेश सिंह, प्रमोद बहल, गौतम शर्मा, सत्यनारायण महावर, शशीधर उपाध्याय, मनीष तिवारी, दीनबंधु कुमार कुशवाहा, प्रदीप चौहान, नीरज चौधरी, रामकिशन यादव सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले दो शातिर साइबर अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और साक्ष्य संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले दो शातिर साइबर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रईस पुत्र वहीद तथा जितेन्द्र कुमार पुत्र रूपचन्द के रूप में हुई है। दोनों को जनपद रामपुर, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस जांच में अभियुक्तों के बैंक खातों में करीब 7.14 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त होने की जानकारी मिली है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लोगों को शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर उनसे धनराशि ठगते थे। इस संबंध में थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों के बैंक खातों के विरुद्ध देश के विभिन्न राज्यों से कुल 17 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें लगभग 1 करोड़ 32 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इनमें उत्तर प्रदेश से 1, आंध्र प्रदेश से 3, असम से 1, महाराष्ट्र से 4, गुजरात से 1, कर्नाटक से 1, मध्य प्रदेश से 1,




राजस्थान से 1, तमिलनाडु से 2 तथा पश्चिम बंगाल से 2 शिकायतें शामिल हैं।

पूछताछ में पता चला कि रईस पुत्र वहीद साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को अपने बैंक खाते में प्राप्त करता था, जबकि जितेन्द्र कुमार अन्य लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उनमें साइबर ठगी की रकम मंगाने का कार्य करता था। मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में भी जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त रईस (42 वर्ष) निवासी जनपद रामपुर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जबकि दूसरा अभियुक्त जितेन्द्र कुमार (35 वर्ष) जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखंड का निवासी है। पुलिस ने दोनों के पास से मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### साइबर जागरूकता के लिए सुझाव

शेयर मार्केट में अधिक लाभ का लालच देने वाले अनजान कॉल या संदेश से सावधान रहें।

अपरिचित लिंक, ऐप या टेलीग्राम और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से निवेश न करें।

अनजान व्यक्तियों के बैंक खाते या यूपीआई में पैसे ट्रांसफर करने से बचें।

ओटीपी, पासवर्ड और बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 127 शिकायतें दर्ज, 12 का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसामान्य की समस्याओं को सुनते हुए कुल 127 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

तहसील जेवर में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनसामान्य की शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी (भू-व्यवस्था/अधिग्रहण) बच्चू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 86 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

वहीं तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 06 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## 12 मार्च को राजकीय आईटीआई अलीगंज में कैंपस भर्ती अभियान

समाज जागरण

लखनऊ, 07 मार्च 2026। युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 मार्च 2026 को राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में कैंपस भर्ती अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती अभियान डॉ. रेड्डी फाउंडेशन द्वारा नियोक्ता सैडेन विकास ग्रुप के सहयोग से वर्चुअल माध्यम से संचालित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से आईटीआई पास आउट अभ्यर्थियों तथा दिव्यांग उम्मीदवारों को रोजगार और शिक्षुता के अवसर प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों से जोड़ते हुए उनके कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराना है। इस भर्ती अभियान के जरिए योग्य अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे, जिससे युवाओं को अपने करियर की दिशा में आगे बढ़ने का मौका मिल सकेगा।

# 14 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

गौतमबुद्धनगर, 07 मार्च 2026। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों एवं जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय तथा तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी अपर जिला जज-द्वितीय/विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम से जुड़े मामले, बिजली और पानी से संबंधित विवाद, धारा 138 एनआई एक्ट के वाद, भू-राजस्व से जुड़े मामले, सेवा संबंधी प्रकरण तथा प्री-लिटिगेशन मामले शामिल किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त ऐसे अन्य विवाद भी लोक अदालत में रखे जाएंगे, जिनका निस्तारण आपसी सहमति और समझौते के माध्यम से संभव हो।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि जिनके मामले सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाए जा सकते हैं, वे राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने विवादों का शीघ्र और सरल समाधान प्राप्त करें। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर)

# 09 मार्च को विकास भवन में होगी महिला जनसुनवाई

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 07 मार्च 2026। राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में 09 मार्च 2026 को जनपद में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जनसुनवाई प्रातः 11:30 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने देते हुए बताया कि जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित शिकायतों, समस्याओं और सुझावों को सुना जाएगा तथा उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।

उन्होंने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को सीधे राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष रखें और इस अवसर का लाभ उठाएं। (सौजन्यः सूचना विभाग,

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे.

# रायपुर बांगर के पास विकसित होगा वन क्षेत्र, मियावाकी पद्धति से लगाए जाएंगे एक लाख पौधे

समाज जागरण

संदीप गर्ग / ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पहल पर रायपुर बांगर के पास वन क्षेत्र विकसित किया जाएगा। यह कार्य पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस और कैच फाउंडेशन की ओर से कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड के माध्यम से किया जा रहा है। शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने पौधरोपण कर इस अभियान का शुभारंभ किया।

इस वन क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से करीब एक लाख देसी पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने रायपुर बांगर में ग्रीन बेल्ट की भूमि उपलब्ध कराई है।

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक (उद्यान) अजीत भाई पटेल ने बताया कि आसपास के औद्योगिक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए इस ग्रीन बेल्ट को विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना कैच वन संरक्षण




प्रणाली के अंतर्गत मियावाकी पद्धति पर आधारित है, जो शहरी क्षेत्रों में अधिक घनत्व वाले देशी वनों के निर्माण की एक प्रभावी तकनीक मानी जाती है।

इस पद्धति में मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारने, विभिन्न स्वदेशी प्रजातियों के पौधों को एक साथ लगाने और बहुस्तरीय वनस्पति विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वन तेजी से विकसित होता है।

कैच फाउंडेशन इस वृक्षारोपण परियोजना का तीन वर्षों तक रखरखाव और निगरानी करेगा, ताकि पौधे विकसित होकर एक आत्मनिर्भर और घने वन पारिस्थितिकी तंत्र का रूप ले सकें। इसके अंतर्गत नियमित सिंचाई, मिट्टी का पोषण, मल्चिंग, पौधों की जीवित रहने की निगरानी तथा आवश्यकतानुसार रिक्त स्थानों पर नए पौधे लगाए जाएंगे।

विशेषज्ञों के अनुसार शहरी मियावाकी वन पारंपरिक वृक्षारोपण की तुलना में काफी तेजी से विकसित होते हैं और कुछ ही वर्षों में घने हरित क्षेत्र का रूप ले लेते हैं। ऐसे वन वायु गुणवत्ता सुधारने, जैव विविधता बढ़ाने, मृदा स्वास्थ्य बहाल करने, शहरी गर्मी कम करने और कार्बन अवशोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह पहल तेजी से शहरीकरण वाले क्षेत्रों में जलवायु अनुकूलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉरपोरेट सीएसआर कार्यक्रमों की बढ़ती भूमिका को भी दर्शाती है।

इस अवसर पर पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस की ओर से मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सतीश कुमार सिंह, कंपनी सचिव वीना कामत, आईटी प्रमुख अनुभव राजपूत तथा कैच फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष भरत सिसोदिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बड़े नवाचार भारी बजट से नहीं, बड़े विचारों से जन्म लेते हैं : प्रो. संदीप पोद्दार

समाज जागरण

मुरादाबाद। लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया के रिसर्च एंड इनोवेशन के डिप्टी वाइस चांसलर रंल्लीास्त्र ढर्ङ्गी१ ने कहा कि बड़े नवाचार हमेशा बड़े बजट से नहीं, बल्कि बड़े विचारों से जन्म लेते हैं। यदि सोच स्पष्ट हो और उद्देश्य मजबूत हो, तो सीमित संसाधनों में भी प्रभावशाली और उपयोगी नवाचार किए जा सकते हैं।

प्रो. संदीप पोद्दार तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से आयोजित सस्टेनेबल इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप विषयक कार्यशाला में बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि टेलीफोन और विमान जैसे कई महत्वपूर्ण आविष्कार सीमित संसाधनों और अनेक असफलताओं के बावजूद विकसित किए गए। हमें प्रकृति से सीखना चाहिए, क्योंकि प्रकृति स्वयं एक महान शिक्षक है। आज कई आधुनिक तकनीकें जैव-अनुकरण (बायोमिमिक्री) के सिद्धांत पर आधारित हैं, जहां वैज्ञानिकों ने प्रकृति के डिजाइन और कार्यप्रणाली से प्रेरणा लेकर नवाचार विकसित किए हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं ऑप्टोमेट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, फॉरेंसिक साइंसेज विभाग के अध्यक्ष रवि कुमार, आईआईसी समन्वयक योगेश कुमार, रेडियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष अमित बिष्ट तथा डॉ. पिनाकी अदक सहित अन्य शिक्षाविद भी मौजूद रहे।

मुख्य सत्र के बाद रिसर्च पब्लिकेशन एंड इनोवेशन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र लेखन, स्कोपस व यूजीसी-केयर जर्नल चयन, शोध में नैतिकता, पेटेंट प्रक्रिया और अकादमिक नवाचार को उद्योग से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रो. पोद्दार ने कहा कि आज कई भ्रामक और शोषणकारी वेबसाइटें तथा शोध पत्रिकाएं भी मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य केवल शोधकर्ताओं से धन प्राप्त करना होता है। ऐसी पत्रिकाओं



में शोध की गुणवत्ता और अकादमिक मानकों का पालन नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि शोध केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, उद्योग और पर्यावरण से जुड़ी वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजने की प्रक्रिया है। कार्यशाला में रेडियोलॉजी, ऑप्टोमेट्री, फिजियोथेरेपी, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीक्स और फॉरेंसिक साइंसेज विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने स्टार्टअप, फंडिंग, नवाचार की चुनौतियों और सतत व्यवसाय मॉडल से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया।

## सेक्टर-130 वाजिदपुर के ओपन जिम व पार्क में सफाई और रखरखाव कार्य

समाज जागरण

नोएडा। शहर को स्वच्छ और हरित बनाए रखने के उद्देश्य से नोएडा प्राधिकरण लगातार विभिन्न क्षेत्रों में सफाई और रखरखाव कार्य करा रहा है। इसी क्रम में 6 मार्च 2026 को सेक्टर-130 स्थित वाजिदपुर के ओपन जिम और पार्क में साफ-सफाई और रखरखाव से जुड़े कार्य किए गए।

प्राधिकरण के अनुसार इस पार्क और ओपन जिम परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई, हरियाली का रखरखाव तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# नालों व सड़कों की सफाई में लापरवाही पर दो कंपनियों पर डेढ़ लाख का जुमार्ना

नोएडा। प्राधिकरण के महाप्रबंधक (सिविल) ने शनिवार को सेक्टर-94, 124, 125, 126, 127 और 128 क्षेत्र में मुख्य नालों, नालियों तथा मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में कई गंभीर कमियां पाई गईं, जिस पर संबंधित ठेकेदार कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 1.50 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।



निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर नालों में कूड़ा-कचरा और सील्ट जमा था। विशेष रूप से सेक्टर-126 स्थित डंपर मार्केट में स्थिति अत्यंत खराब मिली। इसके अलावा सुबह 10:30 बजे तक भी मार्गों पर झाड़ू या मैकेनिकल सफाई नहीं की गई थी, जिसके कारण सड़कों पर पत्तों और कूड़े के ढेर लगे हुए थे। जांच में यह भी सामने आया कि फुटपाथों पर बड़ी मात्रा में जंगली घास उगी हुई थी, जिससे साफ-सफाई की व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण ने नालों और नालियों की सफाई में लापरवाही बरतने पर अनुबंधित संस्था वर्मा एंटरप्राइजेज पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। वहीं मार्गों और फुटपाथों की सफाई में लापरवाही के लिए अनुबंधित संस्था न्यू मॉडर्न एंटरप्राइजेज पर 1 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया। प्राधिकरण की ओर से दोनों संस्थाओं को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा मिलने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक संपन्न, 8 मार्च को होगा होली मिलन समारोह

**समाज जागरण**



चंदौसी। अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड की एक बैठक घंटाघर स्थित कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी 8 मार्च 2026 को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।
जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रंगों का त्योहार होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता है। इसी पावन पर्व के उपलक्ष्य में 8 मार्च 2026, रविवार को घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा।
उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में योगेंद्र मोहन शास्त्री, विनय जी अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता, कृष्ण गोपाल गुप्ता, योगेंद्र कुमार शर्मा, एडवोकेट संजय गुप्ता, एडवोकेट मुकेश अग्रवाल, डॉ. जयशंकर दुबे, बृजेश चौहान, क्षेम प्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग पर नलकूपों का हो रहा कायाकल्प, श्रद्धालुओं और किसानों को मिल रही सुविधाएं

**समाज जागरण**



संभल। 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग (श्री वंश गोपाल तीर्थ) पर स्थित नलकूपों का कायाकल्प कर उन्हें आकर्षक और सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। इन नलकूपों पर परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं और किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था के तहत बेंच लगाई गई हैं तथा पीने के लिए पानी की भी व्यवस्था की गई है। नलकूपों को इस तरह से सजाया-संवारा गया है कि उनकी सुंदरता लोगों को सेल्फी लेने के लिए भी आकर्षित कर रही है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में हर खेत को पानी के संकल्प को तेजी से साकार किया जा रहा है। सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर किसान चौपाल का आयोजन किया जा रहा है और नलकूप विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।
विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक किसान तक समय पर और पर्याप्त सिंचाई जल पहुंचे, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़े और किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इसके तहत नलकूपों के रीबोर, लाइन गूल की मरम्मत, विद्युत आपूर्ति के बेहतर समन्वय तथा आईओटी जैसी नई तकनीकों के उपयोग को भी प्राथमिकता दी जा रही है।
प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बंद और अक्रियाशील नलकूपों को पुनः चालू कर लाखों हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा से जोड़ा गया है। इससे जल प्रबंधन बेहतर हुआ है और किसानों की निजी साधनों पर निर्भरता भी कम हुई है।
नलकूप विभाग की तत्परता, पारदर्शिता और जवाबदेही से सिंचाई तंत्र मजबूत हुआ है। नियमित निरीक्षण, समयबद्ध मरम्मत और तकनीकी उन्नयन के माध्यम से विभाग किसानों के हित में कार्य कर रहा है।
हर खेत को पानी केवल एक नारा नहीं बल्कि किसानों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बन रहा है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में नलकूप विभाग प्रदेश के कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आत्मनिर्भर किसान तथा समृद्ध प्रदेश के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# डीएम जसजीत कौर ने गौशाला का किया निरीक्षण, फेंसिंग ऊंची करने व गुलदार के लिए पिंजरा लगाने के निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान, बिजनौर**



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने खंड विकास कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा नसीब स्थित देव गो आश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी नगीना विजय शंकर, उप जिलाधिकारी न्यायिक आशुतोष जैसवाल, तहसीलदार अमरपाल, खंड विकास अधिकारी ज्योति चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।
जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि गो आश्रय स्थल में 112 गोवंश मौजूद हैं और सभी स्वस्थ अवस्था में हैं। गौशाला की बाउंड्री कम ऊंचाई की पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि फेंसिंग बाउंड्री वाल को ऊंचा किया जाए, ताकि गुलदार जैसे जंगली जानवर गौशाला में प्रवेश न कर सकें।
हरा चारा उपलब्धता के संबंध में केयरटेकर ने बताया कि गौशाला की भूमि में लिप्टिस के पेड़ होने के कारण वहां चारा उगाना संभव नहीं है, जिसके चलते चारे की व्यवस्था बाहर से करनी पड़ती है। वहीं गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसे का भंडारण भी पाया गया।
जिलाधिकारी ने पानी की हौज की सफाई कराने के निर्देश देते हुए कहा कि पानी में नियमित रूप से चूना और क्लोरीन डाला जाए, ताकि स्वच्छता बनी रहे।
निरीक्षण के दौरान केयरटेकर द्वारा बताया गया कि चार दिन पूर्व गौशाला के आसपास गुलदार को घूमते हुए देखा गया था। इस पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गौशाला के पास पिंजरा लगवाने के निर्देश दिए।
इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मृत गोवंशों का किसी भी स्थिति में गौशाला के आसपास निस्तारण न किया जाए और उनके उचित निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# 1108 महाकुण्ड मृत्युन्जय माँ पीताम्बरा महायज्ञ के अवसर पर निकली भव्य कलश यात्रा।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। राजा ताल पर विश्व कल्याणार्थ 1108 महाकुण्ड मृत्युन्जय माँ पीताम्बरा महायज्ञ के अवसर पर शनिबार को 11 हजार सौभाग्यवती महिलायों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गयी
इस विशाल कलश यात्रा का शुभारम्भ 1108 महाकुण्ड महायज्ञ स्थल से किया गया जो राजाताल की मार्किट से महाराणा प्रताप चौक व नेशनल हाइवे होती हुई वापिस पुलिस चौकी के समीप से निकलती हुई महायज्ञ प्रांगड़ में पहुंचकर सम्पन्न हुई।
इस विशाल एवं भव्य शोभायात्रा में सर्वप्रथम मां पीतांबरा माई की पालकी के बाद गुरुजी चल रहे थे उसके बाद सौभाग्यवती सभी महिलाये पीले वस्त्रों को पहने हुईं थी। और अपने-अपने सिरों पर कलश धारण किये हुई थी।
कलश यात्रा का राजाताल वासियो ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस भीषण गर्मी में पानी की विशेष रूप से व्यवस्था की गई
हांइवे से कलश यात्रा को निकलने के दौरान वाहनों की लम्बी -लम्बी कतारे लगी दिखाई दी। कलश यात्रा के दौरान महापौर कामिनी राठौर कलश उठाते हुए कलश यात्रा में साथ चल रही थी। कलश यात्रा में विधायक सदर मनीष असीजा पूर्व एमएलसी डॉक्टर दिलीप ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मीनारायण यादव शिव मोहन श्रोतीय राधेश्याम यादव अशोक यादव राकेश शंखवार श्रीनिवास शर्मा रामनरेश कटारा धर्मेंद्र शर्मा पीतांबरा श्यामसिंह यादव प्रमोद बघेल के अलावा शहर के उद्योगपति के साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# संभल में बड़ी कार्रवाई: 2 करोड़ की 39 बीघा पशुचर भूमि कराई कब्जा मुक्त

**समाज जागरण**



संभल। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर जनपद में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के अभियान के तहत संभल राजस्व प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व ग्राम मन्नीखेड़ा में करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य की 39 बीघा पशुचर भूमि को कब्जा मुक्त कराया।
नायब तहसीलदार बबलू कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम एवं पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर भूमि का चिन्हांकन किया और अवैध कब्जों को हटाया। टीम में राजस्व निरीक्षक योगेन्द्र और चन्द्रपाल तथा लेखपाल मनोज और मयूरी शामिल रहे।
जानकारी के अनुसार ग्राम मन्नीखेड़ा स्थित गाटा संख्या 1266 (1.587 हेक्टेयर) पशुचर भूमि पर विजय पुत्र गंगाराम द्वारा सरसों और गेहूं की फसल बोई गई थी, जबकि धीरज, नीरज और रनवीर पुत्र नौबत द्वारा भी गेहूं की फसल उगाई गई थी। इसके अलावा गाटा संख्या 1339 (0.324 हेक्टेयर) पशुचर भूमि पर भी धीरज, नीरज और रनवीर द्वारा अवैध रूप से गन्ने की फसल बो रखी थी। वहीं गाटा संख्या 1267 (0.660 हेक्टेयर) भूमि पर सुरेश, जयसिंह पुत्र नन्हे तथा राकेश पुत्र लीलाधर द्वारा गेहूं और मक्का की फसल बोकर कब्जा कर रखा था।
राजस्व टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए कुल 80 बीघा पशुचर भूमि में से 39 बीघा भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है।
जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने स्पष्ट किया कि जनपद में सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 35 मामलों की सुनवाई, चार परिवारों में हुआ समझौता



बहजोई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निदेशानुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में आयोजित की गई। बैठक नियमित काउंसलिंग केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई।
बैठक के दौरान पति-पत्नी के बीच उत्पन्न हुए आपसी विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। काउंसलिंग के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह ने काउंसलर्स के सहयोग से आपसी सुलह-समझौते के आधार पर मामलों के निस्तारण का प्रयास किया।
इस दौरान कुल 35 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 10 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। वहीं चार परिवारों को आपसी सहमति से मिलाया गया। दो पत्रावलियों को आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद कर दिया गया, जबकि तीन मामलों में विधिक कार्रवाई करने की संस्तुति की गई।
बैठक में काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, कांस्टेबल शहजाद मलिक, रश्मि गहलोत तथा ज्योति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# नगीना में अवैध नर्सिंग होम की जांच के निर्देश, सम्पूर्ण समाधान दिवस में 25 शिकायतें दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो: शमीम सिद्दीकी, बिजनौर**



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नगीना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं अस्पतालों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को जांच कर विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।
जिलाधिकारी शनिवार को तहसील नगीना सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही थीं। इस दौरान पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नगीना में अवैध रूप से नर्सिंग होम और अस्पतालों के संचालन की शिकायत की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि पूरे प्रकरण की संवेदनशीलता के साथ जांच कराई जाए और नगीना सीएचसी में तैनात नोडल अधिकारी के कार्यकाल की अवधि की भी आख्या प्रस्तुत की जाए।
वहीं शाइनिंग हॉकी क्लब नगीना द्वारा स्थानीय एमएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में गहराई होने के कारण पानी भरने की समस्या को लेकर मैदान में मिट्टी भराव कराने का अनुरोध किया गया। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी नगीना और उपायुक्त मनरेगा को मौके का निरीक्षण कर मनरेगा के माध्यम से मैदान का भराव कराने के निर्देश दिए।
जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जन समस्याओं का एक ही स्थान पर उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से त्वरित समाधान करना है। यदि किसी कारण से मौके पर समाधान संभव न हो तो एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।
उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत दोबारा प्रस्तुत करने का अर्थ है कि पहले उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं सुना गया या उसका संतोषजनक समाधान नहीं हुआ। इसलिए सभी अधिकारी जन शिकायतों का मानक के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा मौके पर जाकर शिकायतकर्ता और स्थानीय लोगों से बातचीत कर समस्या का समाधान करें।
तहसील दिवस में कुल 25 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।
इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विजय शंकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कैंटर से भिड़ी बाइक, 27 वर्षीय युवक की मौके पर मौत

## चालक वाहन छोड़कर फरार, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा।

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। हरेवली बिरला फार्म मार्ग पर गांव मोहम्मद अलीपुर चौहड़ के समीप बाइक और आयशर कैन्टर की आमने-सामने की टक्कर में 27 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। सड़क दुर्घटना के बाद कैन्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव चाहड़वाला निवासी हीरा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका भाई हरजीत सिंह उर्फ बंटी (27) पुत्र कश्मीर सिंह शुक्रवार दोपहर किसी काम से अफजलगढ़ आया हुआ था। करीब ढाई बजे वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह हरेवली बिरला फार्म मार्ग पर गांव मोहम्मद अलीपुर चौहड़ के पास पहुंचा,सामने से तेज रफ्तार में आ रहे आयशर कैन्टर से उसकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हरजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सड़क दुर्घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी व हल्का इंचार्ज राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भिजवा दिया। बताया गया कि मृतक हरजीत सिंह की शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी और वह खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता था। अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उधर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मृतक के भाई हीरा सिंह की तहरीर पर अज्ञात कैन्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस।

**समाज जागरण**

बहजोई। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।
संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए।
आज तहसील गुन्नौर में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें।
मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए।
इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार,तहसीलदार गुन्नौर रविन्द्र विक्रम सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टीम इंडिया की सफलता के लिए की गई पूजा-अर्चना

**समाज जागरण**

चंदौसी। टी20 विश्व कप 2026 में टीम इंडिया की शानदार सफलता और खिताबी जीत के लिए देश भर में उत्साह का माहौल है।
क्रिकेट प्रेमियों ने फाइनल में जीत के लिए विशेष पूजा-अर्चना फैंस का मानना है कि खिलाड़ियों का जोश और देशवासियों की सामूहिक प्रार्थना टीम को विश्व विजेता बनाएगी।
चंदौसी के सीता रोड स्थित श्रीराम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई,




जिसमें टीम इंडिया की सफलता के लिए दीप आराधना और मंत्रोच्चार किया गया। पूरे देश में फैंस तिरंगे के साथ टीम का समर्थन कर रहे हैं, और "भारत माता की जय" व "टीम इंडिया की जीत" के नारे गूंज रहे हैं।
अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि भारतीय टीम के साहसिक प्रदर्शन और फाइनल में न्यूजीलैंड/विरोधी टीम को एकतरफा हरा देगी हम सब यही प्रार्थना करते हैं कि भारतीय टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखे और विश्व कप को देश में लाए....।
डॉ टीएस पाल ने कहा देश के खिलाड़ियों के साथ एक सौ चालीस करोड़ देश वासियों की शुभकामनाएं है इंडिया फाइनल जरूर जीतेगी।ऐसा हमें पूरा विश्वास है। इस दौरान रितिक वार्ष्णेय, पंडित रमाकांत, गणेश वार्ष्णेय, कुश रावत, सुमित यादव, विक्की गौर, सोनू धर्मशाला, प्रियांशु टाइगर,हेमंत अप्पी बालाजी आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू जिलाध्यक्ष ने यूपीएससी उत्तीर्ण चंद्रवाहिनी चौधरी को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो: शमीम सिद्दीकी, बिजनौर**

नजीबाबाद। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जनपद बिजनौर के जिलाध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान ने 662वीं रैंक के साथ संघ लोक सेवा



आयोग की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली होनहार बेटी चंद्रवाहिनी चौधरी को उनके आवास पर पहुंचकर पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। चंद्रवाहिनी चौधरी ग्राम नांगल जट निवासी चौधरी अरुण कुमार की पुत्री हैं। इस अवसर पर चौधरी सुनील प्रधान ने चंद्रवाहिनी चौधरी और उनके परिजनों को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
उन्होंने कहा कि चंद्रवाहिनी चौधरी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र और जिले का नाम रोशन हुआ है तथा यह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।
इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, अरुण कुमार, विपुल चौधरी, चौधरी लखन सिंह, विनीत चौधरी सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# नियोक्ता ने उनकी भारत वापसी यात्रा का खर्च वहन किया

**समाज जागरण**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के स्वतः हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप विदेश मंत्रालय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाईलैंड में पिछले छह महीनों से अपने नियोक्ता द्वारा यातना झेल रहे छह भारतीय श्रमिकों को छुड़ाया है। विदेश मंत्रालय को एनएचआरसी के 20 फरवरी 2026 को पत्र भेजे जाने के अगले ही दिन ही उनमें से चार श्रमिकों को भारत वापस लाया गया। वे बैंकॉक से अपने नियोक्ता द्वारा बुक की गई उड़ान से कोलकाता पहुंचे। विदेश मंत्रालय के दक्षिणी प्रभाग ने सूचित किया है कि वह शेष दो बचाए गए श्रमिकों की स्वदेश वापसी के मामले को थाई आव्रजन अधिकारियों के साथ आगे बढ़ा रहा है क्योंकि वे अपने वीजा की अवधि से अधिक समय तक रुके हुए थे। गौरतलब है कि 20 फरवरी 2026 को आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए विदेश मंत्रालय से पूछा था कि क्या वह छह बंधक श्रमिकों के परिवारों को कोई सहायता प्रदान कर सकता है।

# बेंगलुरु में माई भारत-एनएसएस चिंतन शिविर के पहले दिन केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे की गरिमामयी उपस्थिति

## विकसित भारत के प्रति अपना दृष्टिकोण बनाने के लिए युवाओं को बनाया जाए सशक्त: डॉ. मनसुख मांडविया

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के युवा कार्यक्रम विभाग ने बेंगलुरु स्थित स्टेम सेल विज्ञान और पुनर्योजी औषधि संस्थान (इनस्टेम) में दो दिवसीय 'माई भारत-एनएसएस चिंतन शिविर' के पहले दिन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस चिंतन शिविर का उद्देश्य सहयोग को मजबूत करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और भारत की 'अमृत पीढ़ी' को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार के रूप में सशक्त बनाने तथा 'विकसित भारत @2047' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करना है।
चिंतन शिविर का उद्घाटन केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे द्वारा युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल, अतिरिक्त सचिव श्री नितेश कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव श्री शिव रतन, माई भारत की सीईओ डॉ. प्रियंका शुक्ला और मंत्रालय, माई भारत व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न



राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस विचार-विमर्श में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र सहित 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों ने भाग लिया।
चर्चा का एजेंडा निर्धारित करते हुए, युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने चिंतन शिविर के मुख्य उद्देश्यों और अपेक्षित परिणामों को रेखांकित किया और माई भारत तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्लेटफार्मों के माध्यम से एकीकृत योजना, संस्थागत समन्वय और मजबूत युवा जुड़ाव के महत्व पर बल दिया।
मुख्य भाषण देते हुए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के युवाओं को न केवल विकास में भाग लेना चाहिए, बल्कि उन्हें राष्ट्र के भविष्य का निमार्ता बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा नागरिक को विकसित भारत के प्रति अपना दृष्टिकोण विकसित करने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए, जिसके लिए युवा विकास के लिए काम करने वाले संस्थानों के बीच मजबूत तालमेल, समन्वय, नेटवर्किंग और अनुभवों के निरंतर आदान-प्रदान की आवश्यकता है।

# डीएम व एसपी ने जन चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, अधूरे कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

देहात क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित रामलीला ग्राउंड में शनिवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने जल निकासी, सड़क निर्माण और विधवा पेंशन सहित कई समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने सभी शिकायतों के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। शनिवार को जिलाधिकारी अरविंद चौहान और पुलिस अधी क्षक नरेंद्र प्रताप ने रामलीला ग्राउंड में जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सलेमपुर मार्ग निवासी



चौधरी शाहरुख ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके मार्ग पर जल निकासी की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण सड़क पर अक्सर जलभराव रहता है। उन्होंने जल निकासी के लिए तालाब निर्माण की मांग की। और पुलिस अधीक्षक से मांग की के क्षेत्र में लगातार नशे का ग्राफ बढ़ता जा रहा है नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।वहीं कादिर सिद्दीकी ने बताया कि कई महीनों से टंकी निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन अभी तक लोगों के घरों तक पेयजल की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, जबकि सड़कों पर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। ग्रामीण इकराम ने कहा कि देहात क्षेत्र में कच्ची सड़कें होने के कारण बारिश के समय कीचड़ हो जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पक्की सड़क निर्माण की मांग की।इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है या नहीं और यदि किसी प्रकार की समस्या है तो उसे अवगत कराया जाए। साथ ही गांव में पानी की निकासी और अन्य विकास कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली।ग्राम सचिव अनुज तोमर ने मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण किया तथा अन्य समस्याओं को लिखित रूप में दर्ज कर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।जिलाधिकारी ने विकासखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत से संबंधित सभी शिकायतों का समय पर निस्तारण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।इस मौके पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार, थाना प्रभारी सतीश कुमार सहित विकासखंड के अधिकारी मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से विद्युत पोल में लगी आग, कई घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के बाईपास मार्ग पर देर रात एक विद्युत पोल में शॉर्ट सर्किट होने के कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आस पास मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत मामले की सूचना बिजलीघर पर दी, जिसके बाद विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई और बड़ा हादसा टल गया।आग लगने के कारण विद्युत पोल से जुड़े तार जलकर टूट गए और जमीन पर गिर पड़े। तार गिरने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई और आसपास के इलाकों में



अंधेरा छा गया। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया।कई घंटे की मेहनत के बाद विद्युत लाइन को दुरुस्त कर आपूर्ति को फिर से चालू कराया गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। विद्युत विभाग ने इस दौरान कुछ समय तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी।विद्युत विभाग के अवर अभियंता धीरज कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण विद्युत पोल में आग लग गई थी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर दी है। अब क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सुचारु कर दी गई है।

# नाना-मामा पर मारपीट का आरोप, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।**
नगर के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने नाना और मामा पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।शनिवार को मोहल्ला खेल निवासी महिला सम्मो ने थाने पर पहुंचकर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी हरियाणा के गन्नौर में हुई है। उसका कहना है कि उसके नाना और मामा का घर भी पास में ही है। आरोप है कि दोनों उसे अपने पास रखना चाहते हैं, जिस कारण आए दिन उसके साथ मारपीट करते हैं।पीड़िता ने बताया कि किसी तरह वह अपनी जान बचाकर मायके पहुंची। इसके बाद उसने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# कैराना में डीएम–एसपी ने सुनीं समस्याएं

## — 28 शिकायतों में से तीन निस्तारित, गैरहाजिर दो अफसरों को नोटिस

**समाज जागरण**
कैराना।(फुरकान जंग) तहसील में डीएम व एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मौके पर 28 शिकायती पत्रों में से तीन का निस्तारण कर दिया। वहीं, गैरहाजिर दो अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम अरविंद कुमार चौहान व एसपी एनपी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों के समक्ष जलभराव की समस्या, अवैध कब्जे आदि से संबंधित 28 शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से मौके पर तीन शिकायती पत्रों निस्तारण करा दिया गया। शेष शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दिया।



डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके
से निस्तारण सुनिश्चित करें।
इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, संपूर्ण समाधान दिवस में जल निगम व ड्रेनेज विभाग के अधिशासी अभियंता अनुपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम निधि भारद्वाज व तहसी लदार अर्जुन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# युवक ने ब्लेड से खुद को किया लहूलुहान

**समाज जागरण**

कैराना। नशे में धुत एक युवक ने ब्लेड से खुद को लहूलुहान कर लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगर के मोहल्ला बिसातियान में शनिवार दोपहर करीब दो बजे एक युवक ने खुद को ब्लेड मारकर लहूलुहान कर लिया, जिसके चलते परिजनों में अफरा–तफरी मच गई। युवक को गर्दन और हाथ पर ब्लेड लगे थे। आनन–फानन में परिजनों द्वारा युवक को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि युवक नशे में धुत था और उसने खुद को लहूलुहान कर लिया।

# घर में हुई चोरी के मामले में पीड़ित ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, एसपी को शिकायत

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग )**

थानाभवन क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी एक व्यक्ति ने घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है। पीड़ित ने बरामद माल में गड़बड़ी, रिपोर्ट दर्ज न करने तथा दबाव बनाकर जबरन हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया है।

गांव हसनपुर लुहारी निवासी निसार अहमद खान पुत्र गुलाम कादिर खान ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 10 दिसंबर 2025 को उसके घर में चोरी की घटना हुई थी, जिसमें करीब 12.5 तोला सोना, 10.5 तोला चांदी और एक हीरे की अंगूठी सहित अन्य कीमती सामान चोरी हो गया था। घटना की सूचना उसी दिन कादरगढ़ चौकी प्रभारी को दी गई थी, लेकिन कई बार अनुरोध के बावजूद मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। 18 दिसंबर 2025 को चौकी प्रभारी ने चोरी का खुलासा होने, आरोपियों की गिरफ्तारी और माल बरामद होने की जानकारी दी। जांच में गांव हसनपुर लुहारी निवासी शोकीना पत्नी स्व. जाकिर राव और उसकी पुत्री शिफा का नाम सामने आया। आरोप है कि चोरी का सामान शोकीना अपनी बहन के माध्यम से गांव बन्तिखेड़ा निवासी एक सुनार को बेच दिया गया था। बरामद माल की कोई आधिकारिक सूची या जब्ती संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए। उसे केवल करीब तीन तोला सोना और 70 हजार रुपये नकद दिए गए, जबकि चोरी हुआ सामान इससे कहीं अधिक था। आरोप है कि चौकी प्रभारी द्वारा सुनार से केवल चार तोला सोना दिलाने की बात तय कराई गई और इस पर दबाव बनाकर पीड़ित से एक कागज पर हस्ताक्षर करा लिए गए। पीड़ित का कहना है कि कुछ दिन बाद जब उसने सुनार से संपर्क किया तो उसने फोन उठाना बंद कर दिया। आरोपी है कि पुलिस सुनार का नाम हटाने के लिए दबाव बनाया गया।

# काजल चौहान को पूर्वा मंत्री ने दिया आशीर्वाद

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**
क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी काजल चौहान पुत्री नफे सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में 403वीं रैंक प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। काजल की इस उपलब्धि



से गांव चढ़ाव सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों द्वारा उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं।शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं एमएलसी विरेन्द्र सिंह काजल चौहान के आवास पर पहुंचे और उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने काजल को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।इस अवसर पर काजल के पिता नफे सिंह सहित पूर्व प्रधान संजीव चौधरी, राजपाल चौहान, तहेन्दर प्रधान, दिग्विजय सिंह, पूर्व प्रधान चरण सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सहकारी समिति का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) पुरमाफी के संचालक, सभापति और उपसभापति पदों के लिए शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत तीन पदों पर मतदान हुआ, जबकि छह पदों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। सभापति पद पर अमित कुमार और उपसभापति पद पर संजीव कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।
निर्वाचन अधिकारी अर्पण मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति के संचालक पदों के लिए 26 फरवरी को नामांकन प्रक्रिया पूरी कराई गई थी। इसके बाद 28 फरवरी को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए, जबकि 6 मार्च को मतदान कराया गया। संचालक पद के लिए विभिन्न गांवों से चुने गए प्रतिनिधियों में ताना गांव से रविन्द्र पुत्र सेवाराम, चोंदाहेड़ी से ईश्वर पुत्र सुखीर, नोनांगली से मंजू देवी पत्नी कंवरपाल, पुरमाफी से अमित कुमार पुत्र सतबीर, पुरमाफी द्वितीय से राखी



पत्नी अमित कुमार, पेलखा से अजय कुमार पुत्र सतपाल, मालैंडी से संजीव पुत्र मलखान, मालैंडी द्वितीय से वीरेन्द्र पुत्र श्रीचंद तथा सिंभालका से राजेन्द्र पुत्र रूला को निर्वाचित घोषित किया गया।
निर्वाचन अधिकारी के अनुसार ताना, सिंभालका और पेलखा गांवों में संचालक पद के लिए मतदान कराया गया, जबकि अन्य छह पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। शनिवार को सभापति और उप सभापति पदों के लिए नामांकन कराया गया, जिसमें अमित कुमार और संजीव कुमार ने ही नामांकन पत्र दाखिल किए। अन्य किसी उम्मीदवार द्वारा नामांकन न किए जाने के कारण दोनों को क्रमशः सभापति अमित कुमार और उप सभापति पद पर संजीव कुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी अर्पण मलिक व सहायक
निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार ने सभी निर्वाचित संचालकों, सभापति और उपसभापति को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनोज चेयरमैन मालैंडी, देवेन्द्र, जयराज प्रधान, अशोक मुखिया, मनोज प्रधान सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शव पेड़ से लटका मिला दो वकीलों पर हत्या का आरोप

**समाज जागरण**
शामली। (फुरकान जंग)शामली तहसील के पास एक व्यक्ति का शव पुलिया के समीप लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने दो वकीलों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही पुलिस मृतक की जेब से मिले सुसाईड नोट के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लांक निवासी 50 वर्षीय विनोद पुत्र धर्मवीर सिंह शामली तहसील में वकीलों के चेंबर में पानी पिलाने का काम करता था। गत शुक्रवार देर शाम विनाद ने परिजनों को फोन कर कुछ लोगों पर मारपीट करने और जान खतरे में होने की जानकारी दी। सूचना पाकर पुत्र सुमित और पत्नी सुनीता सहित परिवार के अन्य लोग शामली तहसील पहुंचे और उन्होने डायल 112 पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए विनोद की तलाश की, जिसके बाद उसका शव तहसील शामली से करीब 500



मीटर दूर मेरठ हाईवे सडक किनारे पेड से लटका मिला। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने शव को पेड से नीचे उतारा और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को परिजनों ने दर्जनों ग्रामीणों को साथ लेकर थाने पहुंचकर हंगामा किया और दो वकीलों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की। पुत्र सुमित ने आदर्श मंडी थाने में दी तहरीर में बताया कि पिता विनोद वकीलों को पानी पिलाने का काम करते थे। आरोप है कि दो दिन पहले उसके पिता ने बताया था कि तहसील में कार्यरत दो वकील उससे नाराज हैं और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मृतक के हाथ पर भी दोनों वकीलों के नाम लिखे हुए थे और जेब से एक पर्ची भी मिली, जिसमें उक्त वकीलों के नाम लिखे थे। थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# मारपीट और फायरिंग का आरोप, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
कैराना। एक युवक के साथ मारपीट करने और उस पर फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। गांव जहानपुरा निवासी सादिक ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि बुधवार शाम करीब पांच बजे वह मोहल्ला आलखुर्द में रिश्तेदारी में आया हुआ था। जब वह हॉस्पिटल के पास से गुजर रहा था, तभी मोहल्ला आलखुर्द निवासी हुजैफा, अम्मार, साकिब, आसिफ व दानिश के अलावा पांच अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों, बेल्ट और हॉकी से उसके साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उस पर तमंचे से फायर भी किया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विवाहिता से मारपीट, दिया तलाक

**समाज जागरण**
कैराना। दहेज को लेकर मारपीट और तीन तलाक देने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। नाहिद कॉलोनी निवासी विवाहिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसका निकाह चार सितंबर 2022 को जनपद बागपत के थाना बिनौली क्षेत्र के गांव गुलियान निवासी युवक के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उससे अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।उसके पिता ने किसी तरह ससुराल पक्ष को 50 हजार रुपये भी दिए थे, लेकिन इसके बावजूद उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। उसने आरोप लगाया कि उसका जेठ उस पर बुरी नजर रखता था और उसने उसके साथ दुराचार का प्रयास भी किया। जब उसने यह बात अपने पति और ससुराल वालों को बताई तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। मामले में पुलिस ने पति व जेठ समेत आठ लोगों को नामजद कराया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षिकाओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरस्वती शिशु वाटिका की प्रधानाचार्य पल्लवी ऐरन ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी महिलाएं



अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। शिक्षिका सविता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और जिस भी क्षेत्र में वे कार्य कर रही हैं, उसे पूरी ईमानदारी और परिश्रम के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही सच्चे अर्थों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर स्वाति जैन, लक्ष्मी गर्ग, प्रीति शर्मा, रिचा संगल, बिंदिया बिंदल, रितु शर्मा, इना गर्ग, मीनाक्षी शर्मा उपस्थित रहीं।

# आवारा कुत्तों के झुंड ने किया बुजुर्ग महिला पर हमला, हालत गंभीर

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बडा बाजार स्थित मुरारीवाला कुआ पर इन दिनों कुत्तों का आतंक छाया हुआ है। शनिवार को आवारा कुत्तों के एक झुंडी ने बुर्जुग पर हमला बोलकर लहुलुहान कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुर्जुग को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।
शहर के बडा बाजार में कुत्तों का आतंक छाया हुआ है। यहां बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों पर अक्सर कुत्ते हमला बोल देते है। यही हाल नौकुआ रोड और मुरारीवाला कुआ का भी है। कुत्तों के आतंक से परेशान लोगों ने बाजारों में जाना तक बंद कर दिया है। शनिवार को पवन जैन नामक के एक बुर्जुग मुरारी वाला कुआ स्थित कमल पंडित के यहां अपनी पत्री दिखाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन जैसे ही वह गेट पर पहुंचे तो इसी दौरान वहां पहुंचे से बैठे कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। कुत्तों से हमले से बुर्जुग जमीन पर गिर पडे। शोर शराबा सुनकर आसपास मौजूद दुकानदार मौके पर पहुंचे और किसी तरह बुर्जुग की जान बचाई। दुकानदारों का कहना है कि कुत्तों का हमले लगातार बढ रहे है। लोगों का बाजारों में निकला तक मुश्किल हो गया है, लेकिन नगर पालिका द्वारा कुत्तों को पकडने का अभियान सिर्फ कागजों तक में ही सीमित है। दुकानदारों ने नगर पालिका प्रशासन से कुत्तों के पकडे जाने की मांग की। बाद में बुर्जुग को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

# उधारी के रुपये मांगने पर की मारपीट

**समाज जागरण**

कैराना। मोहल्ला खैलकलां निवासी आरिफ ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भाई हारून के काम के बंटवारे में मोहल्ले के ही रशीद पर एक लाख 36 हजार रुपये बकाया थे। मंगलवार शाम करीब छह बजे हारून ईदगाह के पास चाय की दुकान पर बैठा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान रशीद, आसिफ, साहिल और काला तथा एक अज्ञात व्यक्ति लोहे की रॉड और तमंचा लेकर वहां पहुंचे। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि साहिल ने उस पर तमंचा तानकर गोली मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच के साथ-साथ लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया।
एसपी एनपी सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, अनुशासित और सुव्यवस्थित बनाना है। अभियान के



अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इन दिनों सुबह और शाम के समय हल्की धुंध तथा दृश्यता में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहती है, जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी महत्वपूर्ण चौराहों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर विशेष सतर्कता और निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

# पश्चिमी बंगाल की युवती के शारीरिक शोषण पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। पश्चिमी बंगाल की युवती के शारीरिक शोषण और धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पश्चिमी बंगाल निवासी एक युवती ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि वह बंगाल में ही जॉब करती है। इस दौरान कैराना के मोहल्ला अंसारियान निवासी मोहम्मद दानिश ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। बाद में शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने 2023 में बंगाल में थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था, जिस पर आरोपी के परिजन उसके पास पहुंचे थे तथा शादी कराने का आश्वासन देते हुए मुकदमे में फैसला करा लिया था। वह 16 फरवरी को आरोपी के घर आई थी। गुरुवार दोपहर आरोपी दानिश ने शादी करने से इनकार करते हुए उसे घर से निकाल दिया तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# निर्माण कार्यों में अनियमितता का आरोप

**समाज जागरण**
कैराना। सभासदों ने नगरपालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा।
शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में सभासदों ने आरोप लगाया कि वार्ड–22 खैलकलां, पानीपत रोड और वार्ड–7 सहित कई स्थानों पर नाला व सड़क निर्माण कार्य मानकों के विरुद्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर स्टीमेट के मुताबिक सक्षम अधिकारी की देखरेख में निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की।

# पूर्व सभासद पर चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण**
कैराना। घर से मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे पूर्व सभासद पर रंजिशन चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।
शनिवार शाम करीब पांच बजे नगरपालिका के वार्ड–25 के पूर्व सभासद मोहल्ला अफगानान निवासी सुकैब खान घर से मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते पिता पुत्र सहित चार आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिस कारण वह घायल हो गए। बाद में आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। परिजन घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे और घटना की जानकारी की। इसके बाद पुलिस ने घायल को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दिशा बैठक में सांसद ने योजनाओं की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

जनपद के विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

**समाज जागरण बागपत।** जनपद के समग्र विकास और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद डॉ राजकुमार सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया



जाए। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। सांसद ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली और पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को टूलकिट वितरित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है, इसलिए केवल कागजी प्रगति नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक लाभ सुनिश्चित किया जाए। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव और शहरों में नियमित भ्रमण कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा जाए तथा गांव स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था सुधारने, सड़कों पर जलभराव न होने देने और गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने के सुझावों पर भी कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने वृद्धावस्था, दिव्यांग और विधवा पेंशन समय से मिलने पर जोर दिया। साथ ही दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष कैंप लगाकर प्रमाण पत्र और कार्ड बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए आयुष्मान भारत योजना के तहत अधिक से अधिक गोल्डन कार्ड बनाने और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन, कृषि योजनाओं, नहरों की सफाई, तालाबों के संरक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना, कौशल विकास और सड़क निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनपद की रैंक सुधारने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें।

बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल, मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र शुक्ल, अपर जिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पति जय किशोर, हरकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्वी यमुना नहर पर बने पुराने पुल को तोड़ने का काम शुरू

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर के छपरौली मार्ग स्थित पूर्वी यमुना नहर पर बने पुराने पुल को जल्द तोड़ने का काम शुरू होने की उम्मीद है। इसके तोड़ने से पहले बराबर में अस्थायी पुल बना दिया गया है, जिससे हल्के वाहन गुजर सकते हैं। मार्ग से बसों का संचालन भी बंद हो सकता है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पूर्वी यमुना नहर पर बने पुल की चौड़ाई कम होने के कारण जाम की समस्या रहती है। इससे वाहन चालकों को जाम में फंसने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जाम की समस्या को कम करने के लिए पुराने पुल को तोड़कर इसकी जगह चौड़ाई के साथ नये पुल का निर्माण किया जाएगा।लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार



पुल को तोड़ने का काम जल्द शुरू किया जा सकता है। नया पुल बनने में करीब चार से पांच माह का समय लगने की उम्मीद है। इससे पहले कोताना मार्ग पर बने पुल को तोड़कर नया पुल बना दिया गया है, जिससे वाहनों का संचालन शुरू हो गया है। पुल का निर्माण शुरू होने पर छपरौली मार्ग से जुड़े मलकपुर, लोयन, सिनौली, नंगला, शेरपुर, लुहारा, चांदनहेड़ी शबगा ककोर बदरखा सहित, छपरौली समेत लगभग 25 गांव के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# बागपत पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पशु तस्करों को दबोचा

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 3 गाड़ियों में क्रूरता पूर्वक भरे 25 पशु बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में आसिफ पुत्र मोमीम निवासी मोहल्ला



देशराज, कल्लू पुत्र खलील इनाम, अरबाज पुत्र इनाम निवासी मोहल्ला केतीपुरा, और नौशाद उर्फ मोनू पुत्र शौकत निवासी माता कालोनी कस्बा व थाना कोतवाली बागपत शामिल हैं। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 पशु, 01 गाड़ी आयशर कैंटर नं० UP-17BT-0193, 01 गाड़ी महिन्द्रा पिकअप UP-17BT-9144 और 01 गाड़ी महिन्द्रा पिकअप UP-17BT-0237 बरामद की है।

# सपा की मासिक बैठक में वोटर लिस्ट को लेकर दिए गए निर्देश

**समाज जागरण**

बागपत। सपा की मासिक बैठक में नई वोट बनवाने और एस० आई० आर० अभियान के बाद प्राप्त नोटिस के निष्पादन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। बागपत के जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय परिसर में सपा संगठन की मासिक बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र देव यादव ने की और संचालन राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी राहुल यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि सभी बी०एल०ए० और सपा संगठन पदाधिकारीयों को आवंटित बूथों पर नई वोट बनवाने के लिए फॉर्म 6 को भरवा कर जमा करने, साथ ही साथ जिन लोगों को एस०आई० आर० अभियान के बाद नोटिस प्राप्त हुए हैं



उनके नोटिस के निष्पादन में उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए विपक्षी दलों के समर्थकों और उनके प्रभाव वाले मतदाताओं का नाम हटाने के प्रयास को असफल करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें ताकि 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, शौकेन्द्र तोमर, डॉ शालिनी, काला विधूड़ी, डॉ० सतीश गौड़, सरेन्द्र पंवार, जगपाल यादव, सन्नी सुला निया, रविशंकर शर्मा, सलीम त्यागी, मोमिना, रामफल उपाध्याय, मगन कश्यप समेत बड़ी संख्या में समाज वादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संपत्ति विवाद में चाचा ने भतीजे पर किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

सांकरौद गांव में जमीन के विवाद ने ले लिया खूनी रंग , रिश्तों की मयार्दा हुई तार - तार

**समाज जागरण**

खेड़का। सांकरौद गांव में संपत्ति के विवाद में चाचा ने अपने ही भतीजे पर जानलेवा हमला कर दिया। शनिवार को हुए इस हमले में भतीजे के सिर में गंभीर चोट आई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सांकरौद गांव के एक खेतीहर परिवार में पिछले काफी समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को इसी विवाद ने तूल पकड़ लिया और चाचा ने लाठी-डंडों से भतीजे पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बहसबाजी देखते ही




देखते हिंसा में बदल गई और चाचा ने डंडे से भतीजे के सिर पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया और घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। कोतवाली प्रभारी प्रभाकर कैंतूरा ने बताया कि घटना की तहरीर मिल गई है और आरोपी के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है। जांच जारी है और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में 9 मार्च को धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण बड़ौत।**

तहसील में 9 मार्च को सामान्य जाति के लोग यूजीसी एक्ट के विरोध में धरना प्रदर्शन करेंगे। वरिष्ठ समाजसेवी दीपक शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में होने वाले इस प्रदर्शन की तैयारी जोरों पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं की जा रही हैं और लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की जा रही है।



शनिवार को सादिकपुर सिनोली ब्राह्मण पुट्ठी गांव में यूजीसी एक्ट के खिलाफ सामान्य जाति के संघर्ष समिति द्वारा बैठक बुलाई गई, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने वरिष्ठ समाजसेवी दीपक शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में 9 मार्च को होने वाले धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में कृष्ण दत्त शर्मा, प्रधान समाजसेवी विनीत शर्मा, त्रिलोकी नाथ शर्मा, ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा, श्याम दत्त शर्मा, रविंद्र शर्मा, मांगेराम शर्मा समेत काफी संख्या में लोगों ने 9 मार्च को होने वाले तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए हुंकार भरी।

# जिला अध्यक्ष स्वागत में भाजपाइयों ने ट्रैफिक कानूनों को सरेआम रौंदा

नए जिलाध्यक्ष के काफिले में नियम टूटे पुलिस तमाशबीन बनकर देखती रही

भाजपा जश्न में सड़कें बनी अखाड़ा ट्रैफिक नियमों की उड़ी धज्जियां

सत्ता के जोश में भाजपाइयों ने शहर की सड़कों को जाम बना दिया

नियमों को ताक पर रखकर भाजपाइयों का शक्ति प्रदर्शन शहरभर में लगा जाम

**समाज जागरण**

बागपत। वीआईपी संस्कृति और कानून व्यवस्था पर बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा के कार्यकताओं ने शनिवार को शहर की सड़कों पर ट्रैफिक नियमों को खुली चुनौती दे दी। नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के स्वागत में निकले वाहनों के लंबे काफिले ने शहर में ऐसा जाम लगाया कि आम लोगों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनके आधार पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।



दरअसल, भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को लेकर चमरावल रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। इस दौरान डुंडा हैड़ा चेकपोस्ट से लेकर राष्ट्र वंदना चौक तक सैकड़ों वाहनों का काफिला शहर की सड़कों पर निकल पड़ा। बताया जाता है कि करीब 350 से अधिक गाड़ियां इस काफिले में शामिल थीं। काफिले में शामिल कई वाहनों ने खुलेआम ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाईं। कुछ वाहन हाईवे पर रॉन्ग साइड दौड़ते दिखाई दिए, तो कई गाड़ियों की छत और फुटबोर्ड पर खड़े होकर कार्यकर्ता जश्न मनाते नजर आए। कई वाहनों में क्षमता से अधिक लोग बैठे हुए थे और पटाखे भी छोड़े गए। इन सबके कारण चमरावल रोड पर लंबा जाम लग गया। सबसे अधिक परेशानी उस समय हुई जब परीक्षा देकर लौट रही सैकड़ों स्कूल बसें इस जाम में फंस गईं। स्कूली बच्चों से भरे वाहन काफी देर तक सड़क पर खड़े रहे। वहीं तेज रफ्तार काफिले के कारण सामने से आ रहे एक स्कूली वाहन को भी अचानक ब्रेक लगानी पड़ी और बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर मौजूद परिवहन और ट्रैफिक विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय वाहनों के लिए रास्ता साफ कराते दिखाई दिए। जबकि आम दिनों में यही विभाग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सैकड़ों चालान काटता है। अब सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस द्वारा जांच कर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

यदि नियमों के अनुसार कार्रवाई होती है तो काली फिल्म, सीट बेल्ट, छत पर खड़े होने, फुटबोर्ड पर सवारी और पटाखे छोड़ने जैसे मामलों में भारी जुमार्ना और वाहन सीज तक की कार्रवाई संभव है।

# मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज में गृहसज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। मां अम्बा बालिका डिग्री कालिज में गृहसज्जा में चित्र का प्रयोग विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने गृह प्रयोग के चित्रों से सबका मन मोह लिया।



प्रतियोगिता में इरम जहां को प्रथम, दानिशता को द्वितीय, और दीपमाला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आभा गर्ग, सलिहा, उरशा, और अफिया के चित्रों को भी सराहा गया। कालिज प्रबंधक ब्रजपाल सिंह शास्त्री ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि बेटिया घर की रौनक होती हैं। प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने भी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ रवि पवार, डॉ शबाना, देशपाल तोमर, यशपाल सिंह, डॉ गीता, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी भीषण आग, गृहस्थी जलकर राख

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

जुगैल/ सोनभद्र। जुगैल टोला सेमरा में शुक्रवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। यहाँ स्थित सदाब्रिज गुर्जर पुत्र किस्मत लाल गुर्जर के घर में सुबह करीब 10:00 बजे जैसे ही बिजली आई, तारों में हुए शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी ने कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। देखते-देखते फैला तांडव; प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पहले कपड़ों में लगी आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को घेर लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी विकराल थीं कि सब कुछ जलकर खाक हो गया।

हजारों का नुकसान; इस अग्निकांड में पीड़ित सदाब्रिज गुर्जर का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार; घर में रखे नकदी (रुपए) और कीमती जेवरात पूरी तरह जल गए। कपड़े, अनाज और दैनिक उपयोग का सारा सामान राख के ढेर में तब्दील हो गया। घर की छत और दीवारें भी इस भीषण तपिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

# तीन घायल, ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर

**समाज जागरण**

खेकड़ा। रेलवे रोड पर शनिवार को दो ई-रिक्शाओं की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को तुरंत उपचार के लिए भेजा गया। घटना के अनुसार, तेज गति से आ रही दो ई-रिक्शाएं अचानक



आपस में टकरा गईं, जिसमें लाइनपार बस्ती निवासी आसमीन, नीटू और संजीव घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रूस के तेल पर ढील दे सकता है अमेरिका,भारत को खरीद की अनुमति के बाद बड़ा संकेत

वैश्विक तेल आपूर्ति बनाए रखने के लिए अमेरिका रूस के तेल पर लगे कुछ और प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार कर रहा है , जबकि भारत को रूसी कच्चा तेल खरीदने की अनुमति मिल चुकी है ।

वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच अमेरिका ने रूसी तेल को लेकर बड़ा संकेत दिया है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि दुनिया में तेल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए अमेरिका रूसी तेल पर लगे कुछ और प्रतिबंधों में ढील दे सकता है। इससे वैश्विक बाजार में सप्लाई बढ़ाने में मदद मिल सकती है।



दरअसल हाल ही में अमेरिका ने भारत को समुद्र में पहले से मौजूद रूसी कच्चे तेल की खेप खरीदने की अनुमति दी है। इसी फैसले के बाद यह संकेत मिला है कि अमेरिका जरूरत पड़ने पर अन्य रूसी तेल पर लगे प्रतिबंध भी हटा सकता है।

भारत को रूसी तेल खरीदने की अनुमति स्कॉट बेसेंट ने एक इंटरव्यू में बताया कि अमेरिकी ट्रेजरी ने अपने सहयोगी देशों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि भारत को उस रूसी तेल को खरीदने की अनुमति दी गई है जो पहले से समुद्र में मौजूद है और जिसे पहले प्रतिबंधों के कारण खरीदा नहीं जा पा रहा था।

उनका कहना है कि इस कदम का उद्देश्य वैश्विक बाजार में तेल की अस्थायी कमी को दूर करना है। अगर दुनिया में तेल की आपूर्ति कम हो जाती है तो कीमतों में तेज उछाल आ सकता है, जिससे कई देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। बेसेंट के अनुसार इस समय समुद्र में बड़ी मात्रा में रूसी तेल मौजूद है जिस पर प्रतिबंध लागू हैं। अगर इन पर से प्रतिबंध हटाए जाते हैं तो बाजार में तुरंत अतिरिक्त सप्लाई आ सकती है।

समुद्र में मौजूद हैं बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित तेल

ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा कि इस समय समुद्र में करोड़ों बैरल रूसी कच्चा तेल मौजूद है जिस पर विभिन्न प्रतिबंध लागू हैं। अगर अमेरिका इन पर से प्रतिबंध हटाने का फैसला करता है तो इससे वैश्विक बाजार में आपूर्ति बढ़ेगी और कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिल सकती है।

उन्होंने यह भी संकेत दिया कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका और भी रूसी तेल को प्रतिबंधों से मुक्त कर सकता है ताकि दुनिया भर में ऊर्जा संकट जैसी स्थिति पैदा न हो।

तेल की कीमतों में तेज उछाल

इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड की कीमत शुक्रवार को 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। इसकी बड़ी वजह मध्य पूर्व क्षेत्र में बढ़ता तनाव और संघर्ष है।

खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते खतरे के कारण कई तेल टैंकर इस मार्ग से गुजरने से बच रहे हैं। ऊर्जा क्षेत्र के कई विशेषज्ञों का मानना है कि अगर क्षेत्र में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर जा सकती है।

टैंकरों की सुरक्षा के लिए नई योजना

ऊर्जा आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए अमेरिकी प्रशासन ने एक नई योजना भी तैयार की है। इसके तहत अमेरिकी इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन जहाजों के लिए रीइंश्योरेंस कार्यक्रम लागू कर सकता है।इस योजना का उद्देश्य उन जहाजों को सुरक्षा देना है जो होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरते हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत करीब 20 अरब डॉलर तक के संभावित नुकसान को कवर करने की व्यवस्था की जा सकती है।

ईरान को लेकर भी सख्त रुख

स्कॉट बेसेंट ने ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिकी अभियान को लेकर भी सख्त बयान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कार्रवाई काफी प्रभावी रही है और ईरान की ओर से आर्थिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिशें सफल नहीं होंगी।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी नेतृत्व से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग की थी। उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि जब तक ईरान झुक नहीं जाता, तब तक अमेरिकी कार्रवाई जारी रहेगी। बेसेंट ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने इन सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति तैयार की है और आगे की कार्रवाई उसी योजना के अनुसार आगे बढ़ रही है।

# कोर्ट ने एक दोषी को सुनाई सजा

**समाज जागरण**

कैराना। लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सजा सुनाई। वर्ष 2022 में थाना गढीपुख्ता पर प्रवीण शर्मा निवासी गांव नाला थाना कांधला के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में शनिवार को न्यायालय ने दोषी को न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# देश की महिलाओं में बढ़ा हेल्थ कवर लेने का क्रेज, लेकिन अभी भी बड़ा गैप बाकी !

भारत में कामकाजी महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी लगभग दोगुनी होकर 40% के पार पहुंच गई है। पिछले सात सालों में करीब 1.56 करोड़ महिलाएं फॉर्मल जॉब्स यानी औपचारिक नौकरियों से जुड़ी हैं। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के बावजूद, अपनी सेहत को लेकर भारतीय महिलाएं अब भी काफी पीछे हैं। हेल्थ इंश्योरेंस के मामले में एक बड़ा गैप देखने को मिल रहा है, जिसे भरने की जरूरत है। महिला दिवस 2026 को लेकर केयर हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा शेयर किए गए आंकड़े बताते हैं कि उनकी व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों Individual Health Insurance Policy में महिला प्रपोजर्स (पॉलिसी खरीदने वाली) की हिस्सेदारी 28-30% है। राहत की बात यह है कि पिछले कुछ सालों में इस आंकड़े में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है, लेकिन इसमें और बढ़ोतरी जरूरी है। भारतीय महिलाएं अभी 10 से 15 लाख




रुपये तक का बीमा कवर चुन रही हैं, जो बढ़ती मेडिकल महंगाई को देखते हुए एक सही कदम माना जा सकता है।

बदल रही है सोचः महिलाएं अब खुद के लिए भी सजग पारंपरिक तौर पर भारतीय घरों में महिलाएं पूरे परिवार की सेहत का ख्याल रखती आई हैं, लेकिन जब बात खुद की सुरक्षा की आती है, तो वे इसे अक्सर टाल देती हैं। केयर हेल्थ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) मनीष डोडिया कहते हैं कि महिलाएं हमेशा से परिवार की हेल्थ एंकर रही हैं, जो अपनी जरूरतों से ऊपर दूसरों की सेहत को रखती हैं। हालांकि, अब यह सोच बदल रही है। आज महिलाएं न केवल घर के आर्थिक फैसले ले रही हैं, बल्कि खुद के लिए प्राइमरी पॉलिसीहोल्डर भी बन रही हैं।

1 अप्रैल से इंश्योरेंस कंपनियों के लिए नया नियम करेगा लागूः पॉलिसीधारकों के लिए क्या बदलेगा? मनीष कहते हैं कि आज की महिलाएं केवल बेसिक बीमा ही नहीं ले रही हैं, बल्कि वे अपनी खास जरूरतों के हिसाब से राइडर्स (अतिरिक्त कवर) भी चुन रही हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह आज, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्यातिथि

## - विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया जाएगा सम्मानित

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 07 मार्च (सुरेश जोरासिया) बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में आठ मार्च रविवार को राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।




समारोह में महिला सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान की झलक दिखाई देगी। जिला प्रशासन द्वारा समारोह को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को भी साझा किया जाएगा, ताकि महिलाओं को अपने अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक किया जा सके।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों और प्रतिभागियों के लिए बैठने, पेयजल, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, ताकि आने वाले सभी प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

समारोह में पहुंचने का यह रहेगा रूट

समारोह स्थल पर जाने के लिए चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) के गेट नंबर दो (मिनी बाइपास) से प्रवेश कराया जाएगा। सभी वाहनों की एंट्री इसी गेट से होगी। बड़े वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था सीवी रमन भवन के पीछे तथा डॉ. अंबेडकर भवन के पास की गई है। वहीं, मीडिया प्रतिनिधियों व छोटे वाहनों के लिए अलग से पार्किंग आईटी सेंटर के सामने निर्धारित की गई है। समारोह को लेकर पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

# शिरोमणि कमेटी UPSC परीक्षा पास करने वाले सिख स्टूडेंट्स को 1-1 लाख रुपये देकर सम्मानित करेगी: एडवोकेट धामी

**(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब रघुनंदन पराशर)**

जैतो, 7 मार्च : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने यू.पी.एस.सी. परीक्षा पास करके हायर एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज के लिए चुने गए सिख स्टूडेंट्स को बधाई दी है और ऐलान किया है कि शिरोमणि कमेटी उन्हें 1 लाख रुपए देकर सम्मानित करेगी। शनिवार को ऑफिस से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में एडवोकेट धामी ने कहा कि यू.पी.एस..सी. जैसी मुश्किल परीक्षा में कामयाबी हासिल करना युवाओं की कड़ी मेहनत, लगन और पक्के इरादे की निशानी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा पास करने वाले स्टूडेंट्स सिमरनदीप कौर और सनवरदीप सिंह समेत दूसरे सिख स्टूडेंट्स ने यूं.पी.एस.सी. कॉम्पिटिटिव परीक्षा पास करके न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि यह सिख कम्युनिटी के लिए भी गर्व की बात है।उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि देश भर में 15वीं पोजीशन हासिल करने वाली लड़की सिमरनदीप कौर खालसा कॉलेज पटियाला की स्टूडेंट है, जिसे शिरोमणि कमेटी चलाती है। एडवोकेट धामी ने कहा कि शिरोमणि कमेटी सिख स्टूडेंट्स को कॉम्पिटिटिव एग्जाम देने के लिए लगातार कोशिश कर रही है।



शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि शिरोमणि कमेटी तो यू.पी.एस.सी. एग्जाम पास करने वाले सिख स्टूडेंट्स को एक-एक लाख रुपये की रकम देकर सम्मानित करेगी। शिरोमणि कमेटी प्रेसिडेंट ने कहा कि शिरोमणि कमेटी हमेशा से युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करने की कोशिश करती रही है और भविष्य में भी इसी तरह एक्टिव रहेगी। उन्होंने खास तौर पर बताया कि शिरोमणि कमेटी के आने वाले बजट में एडमिनिस्ट्रेटिव एग्जाम की तैयारी के लिए एक खास रकम रखी जाएगी, जिससे जरूरतमंद गुरसिख बच्चों को इस फील्ड में मदद की जाएगी। उन्होंने स्टूडेंट्स और उनके परिवारों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विजिलेंस ब्यूरो ने ड्रग इंस्पेक्टर को 1,00,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चंडीगढ़, 7 मार्च :पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी चल रही मुहिम के दौरान श्री मुक्तसर साहिब के ड्रग विंग में तैनात ड्रग इंस्पेक्टर रमनदीप गुप्ता को 1,00,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ बठिंडा निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसे 'के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता रेडिनेक्स लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, बठिंडा और उसकी कंपनी साल 2020 से एलोपैथिक दवाएं बना रही है। आरोपी ड्रग इंस्पेक्टर ने छापेमारी के बाद उसकी कंपनी को सील कर दिया था। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ड्रग इंस्पेक्टर ने उसकी कंपनी से सील हटाने की कोशिश की। उससे हर महीने दो लाख रुपये रिश्वत मांग रहा है। किसी भी तरह की रिश्वत देने का कोई इरादा नहीं है। इस वजह से शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो रेंज, बठिंडा से संपर्क किया। उसकी शिकायत की शुरूआती जांच के बाद, विजिलेंस ब्यूरो टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपियों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 1,00,000 रुपये की पहली किस्त ली। उसे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।इस संबंध में, आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन, बठिंडा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच चल रही है।



# आढ़ती भाइयों के हितों की रक्षा के लिए हरियाणा सरकार का फैसला सराहनीय: महेश आजाद

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान खरीदी गई गेहूं पर काटी गई घटौती को आढ़ती भाइयों को रिफंड करने तथा चालू वित्त वर्ष में पीआर धान की खरीद पर 9.12 प्रति क्विंटल अतिरिक्त दाम देने की ऐतिहासिक घोषणा पर पूरे हरियाणा के आढ़ती भाइयों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार एवं अनेकानेक धन्यवाद। यह निर्णय स्पष्ट करता है कि भाजपा की सरकार किसान, मजदूर और आढ़ती वर्ग के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार के इस जनहितैषी




फैसले से मंडियों से जुड़े लाखों परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और मंडी व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। हम आशा करते हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा और किसान-आढ़ती वर्ग के हित सर्वोपरि रहेंगे।

# आर.पी.एफ. ने चलाए ऑपरेशन अमानत, नन्हे फरिश्ते अभियान दौरान 157 बच्चों को परिवार से मिलवाया

## आरपीएफ ने 60 लाख से अधिक का सामान लौटाया

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,7 मार्च : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शनिवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि फिरोजपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने इस वित्त वर्ष के अप्रैल से फरवरी 2026 माह* के दौरान यात्रियों का खोया लगभग 60 लाख रुपए का सामान उनके मालिकों को वापस कराया। इसके साथ ही ट्रेनों में चोरी करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। आर.पी.एफ.की ओर से यात्रियों की सुरक्षा और संवेदनशील सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई ऑपरेशन चलाए गए। इन ऑपरेशनों के तहत आरपीएफ द्वारा की गई कार्रवाईयों का विवरण में बताया कि ऑपरेशन अमानतः- आरपीएफ द्वारा ऑपरेशन अमानत के तहत 392 मामलों में खोया हुआ सामान खोजकर यात्रियों को वापस लौटाया गया। कुल मूल्य 60,23,405/- रहा, जिसमें लैपटॉप, मोबाइल, बैग, पर्स और अन्य कीमती सामान शामिल हैं।



ऑपरेशन नन्हे फरिश्तेः- आरपीएफ ने लापता, घर से भागे या अपहृत बच्चों को उनके परिवार से मिलाने के लिए ऑपरेशन ह्यनन्हे फरिश्तेह्ल चलाया। इस अभियान में 157 (लडके 119 व लड़कियां 38) बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंपा गया।ऑपरेशन जन जागरण के दौरान रेलयात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए आरपीएफ ने 285 ड्राइव चलाए। इन ड्राइव के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करने, रेलगाड़ियो अथवा स्टेशन परिसर में कोई लावारिस वस्तु दिखने या कोई अपराधिक गतिविधि दिखने पर रेलवे को सूचित करने, बिना उचित कारण के ट्रेन पुलिंग न करने, नशा खुरानी से बचाव आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। मुहिम के दौरान करीब 635 यात्रियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस मुहीम के तहत 754 अनाधिकृत व्यक्तियों के गिरफ्तार किया गया। ऑपरेशन दस्तक अभियान के तहत आरपीएफ ने रेलवे स्टेशनों पर अनाधिकृत फेरीवालों और विक्रेताओं के खिलाफ 1423 मामलो में कार्यवाही की गई और उनसे 1,71,200/- का जुमार्ना वसूल किया गया।

# सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम से वंचित आवेदनकर्ता किसानों की जमा राशि वापस दिलवाले के लिए एडीसी को ई-मेल के माध्यम से भेजा मांग पत्र: लखविंदर सिंह औलख

## -सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम के आवेदन कर्ता किसानों को ना तो कनेक्शन मिला और ना ही तीन महीनों से पेमेंट वापस मिल रही है: लखविंदर सिंह औलख

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

सिरसा,7 मार्च :बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख की अध्यक्षता में गत दिवस झोरड़ रोही गांव में किसानों की मीटिंग हुई, जिसमें सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम हेतु जमा करवाई गई राशि सोलर कनेक्शन ना मिलने वाले किसानों को तुरंत वापस करने के लिए ई-मेल के माध्यम से अतिरिक्त उपायुक्त सिरसा को मांग पत्र भेजा। औलख ने कहा कि सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम आवेदनकर्ता किसानों को जिनका वर्क आर्डर में नाम नहीं है और किसानों ने जमा राशि वापस लेने के लिए आवेदन भी दिया है, उन्हें विभाग पेमेंट वापसी के लिए बार-बार चक्कर कटवा रहा है। हरियाणा के किसानों ने सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम लगवाने के लिए आवेदन के साथ 10 एचपी डीसी सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम के लिए 109924/- रुपए और 3 एचपी से लेकर 10 एचपी तक अलग-अलग कैटेगरी के आवेदन कर्ता किसानों ने सरकार को आवेदन राशि दिसंबर 2025 में ही भेज दी थी। हरियाणा में 27973 किसानों ने सोलर लगवाने के लिए आवेदन किया था, जिसमें से 8050 किसानों को सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम लगाने का वर्क आर्डर जारी हुआ है, बाकी 19923 किसानों की लगभग 170 करोड़ जमा राशि तीन महीनों से सरकार के पास पड़ी है, जिसका किसानों को वापसी भुगतान नहीं किया जा रहा है। सिरसा जिले के हजारों किसानों की जमा राशि भी इसी में शामिल है। किसानों को सोलर कनैक्शन भी नहीं मिला और वह अपनी जमा राशि वापस लेने के लिए बार-बार विभाग के चक्कर काट रहे हैं। औलख ने अतिरिक्त उपायुक्त से मांग पत्र के माध्यम से सोलर कनैक्शन से वंचित सभी किसानों को पेमेंट जल्द से जल्द जारी करने की अपील की और जब भी वर्ष 2026 में पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर कनैक्शन की नई स्कीम आए, उसमें दिसंबर 2025 के आवेदन कर्ता किसानों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि सोलर कनैक्शन से वंचित किसानों को कनैक्शन मिल सके और तब तक सभी आवेदन कर्ता किसानों की जमा राशि उनके बैंक खातों में वापस डाली जाए। इस मौके पर बीकेई हलका प्रधान नत्था सिंह, पूर्व सरपंच नछत्तर सिंह, दर्शन सिंह, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह, तेजा सिंह, अंग्रेज सिंह, रघुबीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, कुलदीप सिंह, गुलाब सिंह, अमरीक सिंह, सुखदीप सिंह, निका सिंह, रणधीर सिंह, गगी आदि किसान मौजूद रहे।



# यूं.पी.एस.सी.में जैतो के आशुतोष गर्ग ने 479वां रैंक हासिल किया

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,7 मार्च : यूं.पी.एस.सी. सिविल सर्विसेज परीक्षा का फाइनल रिजल्ट 2025 शुक्रवार को जारी हुआ। जिसमें जैतो के आशुतोष गर्ग पुत्र प्रदीप कुमार गर्ग ने 479वां रैंक हासिल कर अपने परिवार व शहर का नाम रौशन किया है।2020 में आशुतोष गर्ग की बहन ने भी यू.पी.एस.सी. परीक्षा उत्तीर्ण



कर चुकी हैं। आशुतोष गर्ग ने बताया कि वह आजकल बठिंडा में ड्रग इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि वह 2016 से इस कठिन परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने बाद में इसकी तैयारी छोड दी लेकिन बहन आसमा गर्ग जो यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी हैं के कहने और माता-पिता के सहयोग से उन्होंने पिछले 3 साल से फिर इस परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी और इस बार उन्होंने 479वां रैंक हासिल कर लिया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन आसमा गर्ग व पत्नी सोनिया गर्ग व पूरे परिवार को दिया है। इस बीच पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पवन गोयल जैतो , राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित रघुनंदन पराशर, पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शैली गर्ग व नरेश जिंदल बालाजी आयल वालों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक आदि व गणमान्य नागरिक ने आशुतोष गर्ग व उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।

# गोनियाना मंडी में भागवत कथा के पांचवें दिन गोवर्धन पूजा हुई और भगवान को छप्पन भोग लगाया गया

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

गोनियाना (बठिंडा), 7 मार्चः बेसहारा गौशाला (गली भूपसोही) गोनियाना मंडी में चल रही श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन व्यास गद्दी के प्रवक्ता भागवत रसिक श्री वरिंदर हरि जी महाराज वृंदावन वाले ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। स्वामी जी ने कहा कि यह कथा भगवान श्री कृष्ण द्वारा इंद्र का घमंड तोड़ने और बृज के लोगों की रक्षा करने से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि जब इंद्र ने सेतु में भारी बारिश करवाई तो भगवान कृष्ण जी ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सात दिनों तक सभी को सुरक्षित रखा और इंद्र ने अपनी गलती मान ली। तभी से गोवर्धन पूजा की जाने लगी। इसके साथ ही स्वामी जी ने कहा कि अच्छे कर्मों से ही कोई व्यक्ति श्री भागवत पुराण की कथा सुनने आता है, इसलिए आप सभी भाग्यशाली हैं कि आप श्री भागवत की कथा सुन रहे हैं। आज भगवान को भोग लगाया गया। इस मौके पर कथा पंडाल भक्तों से पूरी तरह भरा हुआ था। आज की आरती मुख्य जजमान सुशील कुमार गर्ग और उनकी पत्नी श्रीमती शिमला और परिवार ने की। इस मौके पर पवन कुमार बुर्जनवाले, बिट्टू देवनवाले, राज कुमार लिली, लाजपत राय गोयल, विजय कुमार गोयल, नरिंदर बंसल, गगनदीप शर्मा, राजिंदर बिंदर, दर्शन सिंह नेहियांवाला, अमृतपाल टल्ली, दलजीत खुरमी, इंद्रजीत कालरा, अशोक सिंगला, मुरारी लाल जिंदल, संजू, अशोक मोंगा, बलबीर गिरी ज्योतिष पासवान, वगैरह मौजूद थे। भागवत कथा वाचक वरिंदर हरि जी महाराज वृंदावन वाले कथा सुनाते हुए और भक्तों की भारी भीड़।







# रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक नागपुर मुख्यालय हड़ोली की मासिक बैठक का आयोजन

**समाज जागरण (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर )**

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक नागपुर मुख्यालय हड़ोली की मासिक सभा जगजीत सिंह ब्लॉक प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन सचिव राजकुमार हड़ोली ने किया सभा में भोला सिंह जिला प्रधान ने विशेष रूप से भाग लिया



सभा में जिला प्रधान ने बोलते हुए कहा कि जिस तरह से अमेरिका दुनिया के छोटे देशों पर दादागिरी चलाकर उनको अपने व्यापारिक समझौते को अपने हितों के लिए दवाब डाल रहा है जैसा कि अमेरिका का ईरान पर हमला सोची समझी चाल है रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा इसका विरोध करता है और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से अपील करता है कि इसके मध्यक्षता करके युद्ध को बंद करवाने की कोशिश करें दूसरा भारत के प्रधानमंत्री को अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते को रद्द करना चाहिए इससे भारत की अर्थव्यवस्था पर दूरभाषी-बुरे प्रभाव पड़ेंगे और हिंदुस्तान में तेल खाद्य पदार्थ एवं अन्य जरूरी वस्तुएं महंगी होगी जिससे गरीबों का जीना मुश्किल हो जाएगा देश में अराजकता बढ़ेगी और प्रजातांत्रिक ढांचा तहस नहस हो जाएगा आज की मीटिंग में कर्मियों ने मास्टर वजीर सिंह को राष्ट्रीय महासचिव चुने जाने पर खुशी जाहिर की, अपनी मांगों में 65 वर्ष की आयु पर 10% 70 वर्ष पर 20% की बढ़ोतरी 18 मास का एरियर कॉम्यूटेशन रिकवरी 10 साल 8 महीने में कैशलेस मेडिकल सुविधा बीना शर्त एलटीसी की आयु सीमा खत्म करना यह मांगे जल्द से जल्द लागू करें आज की सभा में श्री देवराज सुरेश चंद हरबंस सिंह मास्टर गमदूर तुलसीराम लक्ष्मण सिंह सीताराम बेगराज आदि 15- 20 साथियों ने भाग लिया ब्लॉक प्रधान ने मिटिंग में आए साथियों का धन्यवाद किया

# श्री शिव भोले नंदी शाला के सेवादारों ने की श्री कृष्ण गौशाला में सेवा कार्य

**समाज जागरण (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)**

रतिया, 7 मार्च श्री शिव भोले नंदी शाला के सेवादारों ने आज सेवादारों की टीम के प्रधान दीपू सिंगला की अगुवाई में आकर श्री कृष्ण गौशाला में हरा चारा काटने की सेवा की। जानकारी देते हुए दीपू सिंगला ने बताया जैसे ही उन्हें पता चला की श्री कृष्णा गौशाला में लेवर की कमी है तो वो अपनी पूरी टीम के साथ श्री कृष्ण गौशाला में पहूंचे और यहां आ कर हरे चारे को काटने की सेवा की।उन्होंने कहा कि जब तक लेवर की कमी रहेगी वो निरंतर अपनी टीम के साथ श्री कृष्ण गौशाला में सेवा करते रहेंगे। श्री कृष्ण गौशाला कमेटी ने श्री शिव भोले नंदीशाला से आए हुए सभी सेवादारो का धन्यवाद किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री कृष्ण गौशाला कमेटी ने सभी इलाका वासियो से भी अपील करते हुए कहा की श्री कृष्ण गौशाला में लेवर की कमी है इसलिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में सेवादार श्री कृष्ण गौशाला में आकर गौमाता की सेवा करें और पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

# शहीदों को नमन और नशे के खिलाफ 23 मार्च को फतेहाबाद में निकलेगी विशाल यात्रा

## नशे के खिलाफ एक निर्णायक जंग का बिगुल फूंका जाएगा:भवानी सिंह

**समाज जागरण**
**(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)**

रतिया,7 मार्च अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नशे के खिलाफ एक निर्णायक जंग का बिगुल फूंका जाएगा। उक्त विचार प्रगट करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक व प्रधान भवानी सिंह ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आगामी 23 मार्च को फतेहाबाद में "नशा मुक्ति विशाल यात्रा" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में युवा और ग्रामीण शिरकत करेंगे।

शहीदों के सपनों का भारत बनाने की पहल महाराज रेस्टोरेंट रतिया में आयोजिक बैठक के दौरान भवानी सिंह और शर्मा चंद लाली, सतपाल जिंदल ने इस यात्रा की रूपरेखा सांझा की। प्रधान भवानी सिंह ने बताया कि हमारे शहीदों ने एक सशक्त और स्वस्थ भारत का सपना देखा था, लेकिन आज नशा हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। इसी के विरोध में और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए यह यात्रा आयोजित की जा रही है कयह विशाल यात्रा फतेहाबाद के मुख्य मार्गों से होते हुए समाज को नशे के खिलाफ एकजुट होने का संदेश देगी। शर्मा चंद लाली ने कहा कि शहीदी दिवस जोश और जज्बे का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि युवा अपनी ऊर्जा नशे में बर्बाद करने के बजाय देश निर्माण में लगाएं। बैठक में लिए गए कयात्रा को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट की टीमें हर गांव में जाकर युवाओं को इस मुहिम से जोड़ेंगी। यात्रा के समापन पर उपस्थित जनसमूह को नशा न करने और न करने देने की सामूहिक शपथ दिलाई जाएगी।

अश्लीलता और संस्कृति के अपमान के विरोध में रैपर बादशाह का पुतला दहन रतिया में महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया क किया गया तत्वावधान में स्थानीय पालिका बाजार में प्रसिद्ध रैपर बादशाह के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया और उनका पुतला फूँका गया। यह विरोध प्रदर्शन बादशाह के हालिया रिलीज हुए गाने 'ततीरी' में प्रयुक्त कथित अश्लील शब्दावली और स्कूली छात्राओं के फिल्मांकन के विरोध में आयोजित किया गया।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि गाने के बोल और दृश्य सामाजिक मर्यादाओं के खिलाफ हैं। विशेष रूप से गाने में स्कूली वर्दी में लड़कियों को दिखाना और आपत्तिजनक इशारों का प्रयोग करना निंदनीय है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि बादशाह के खिलाफ पहले ही हरियाणा के पंचकूला समेत कई स्थानों पर ब्ढ3 की धारा 296 और स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि संगीत के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता को समाज स्वीकार नहीं करेगा। यदि इस गाने को डिजिटल प्लेटफॉर्म से तुरंत नहीं हटाया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

भवानी सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा: "कला की आड़ में हमारी संस्कृति और युवाओं की मानसिकता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बादशाह जैसे कलाकारों को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।"

नशा मुक्त समाज के लिए महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की अहम पहल रतिया में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ट्रस्ट के पदाधिकारियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भवानी सिंह ने कहा कि नशा न केवल एक व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट का लक्ष्य रतिया और आसपास के क्षेत्रों को पूरी तरह नशा मुक्त बनाना है।

शर्मा चंद लाली ने बताया कि रतिया इलाके में नशे ने युवाओं को खोखला कर दिया है कजिसके कारण आज हर रोज हम देखते हैं कि मीडिया में, बाजार में हर जगह आज नशे से मरे युवाओं या नशे की घटनाओं का जिक्र है इसलिए युवाओं को नशे से बाहर निकालने के लिए समाज का हर वर्ग को आगे आकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए कताकि फतेहाबाद जिले को नशा मुक्त किया जा सके क आज समाज में गिरते ही सामाजिक ताने बाने को बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा क इस अवसर पर शर्मा चंद लाली ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई केवल ट्रस्ट की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है। उन्होंने ग्रामीणों और युवाओं से अपील की कि वे नशे के सौदागरों की सूचना महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट व प्रशासन को दें और पीड़ितों को मुख्यधारा में लाने में मदद करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में गांव-गांव जाकर सभाएं और जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे ताकि युवाओं को खेलों और सकारात्मक कार्यों की ओर प्रेरित किया जा सके क

बैठक में शर्मा चंद लाली, सतपाल जिन्दल, पारस सिंगला, डॉ नैब सिंह मंडेर, कामरेड अजमेर सिंह, गुरप्रीप सिंह नैन ,अभी नेहरा, पवन सिंगला,बलदेव कुमार, शिव वधवा, अजय कुमार, अमन वर्मा, गुरदीप अयालकी, अमृत सिंह बल आदि क्षेत्र के कई सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं और किसान प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक स्वर में ट्रस्ट के इस अभियान को पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा शोक सभा का आयोजन

**समाज जागरण / आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा एक शोक सभा का आयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में किया गया जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव के पिताजी के आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉक्टर रियाजुद्दीन खान ने




कहा कि डीबीए की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार यादव के पिता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया जाता है। इस दुख की घड़ी में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव ने कहा कि आज हम यहाँ एक महान आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए इकट्ठे हुए हैं, जिन्होंने अधिवक्ता राजेश यादव जी के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मृत्यु एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनकी यादें और आदर्श हमेशा हमारे साथ रहेंगे। शोक सभा में प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, चंद्र प्रकाश सिंह, बीपी सिंह, सुरेश कुशवाहा, अशोक कनौजिया, शैलेंद्र कुमार, संतोष यादव, रविंद्र पटेल, प्रीति सिंह, राम गुल्ली, राकेश सिंह पटेल, गोबिंद, शाहनवाज आलम खान आदि लोग उपस्थिति रहे !

# रमजान माह व चैत्र रामनवमी के दृष्टिगत जनपद के समस्त थाना/चौकी पर पीस कमेटी की बैठकें आयोजित

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में आगामी रमजान माह/ईद एवं चैत्र रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 07.03.2026 को जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी परिसरों



में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठकों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों तथा क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए त्यौहारों के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं पारस्परिक सम्मान बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों से कहा गया कि सभी नागरिक मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में उपस्थित नागरिकों द्वारा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया तथा सभी ने मिलकर त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने का संकल्प व्यक्त किया।

# अनपरा पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अनपरा पुलिस को एक और सफलता मिली है। इस अभियान के तहत थाना अनपरा पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल




कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा शनिवार 07 मार्च 2026 को कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान रामकेवल पुत्र स्वर्गीय फुलेसर भारती, निवासी लालटावर थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 47 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था, जिसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा उसे पकड़कर हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और फरार चल रहे वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे।

# ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित होंगे; डॉ0 बृजेश महादेव

**- जयपुर में 5 अप्रैल को मिलेगा सम्मान**

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। बेसिक शिक्षा विभाग के नवाचारी शिक्षक एवं समाजसेवी डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव का चयन ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवॉर्ड 2026 के लिए किया गया है। यह सम्मान भव्य फाउंडेशन, जयपुर (राजस्थान) द्वारा आयोजित ग्लोबल डायमंड आइकन अवॉर्ड एवं अंतर राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन के अवसर पर 5 अप्रैल 2026 को प्रदान किया जाएगा। फाउंडेशन की निदेशक डॉ. निशा माथुर व संस्थापक शैलेंद्र माथुर ने ई-मेल के माध्यम से डां बृजेश महादेव के चयन की जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में देश-विदेश के कई विशिष्ट अतिथि, शिक्षाविद् तथा मंत्रीगण उपस्थित रहेंगे। सोनभद्र जनपद के निवासी डॉ. बृजेश महादेव, जो वर्तमान में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां में सहायक अध्यापक तथा ब्लॉक स्काउट मास्टर नगवां के रूप में कार्यरत हैं, को यह सम्मान शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में दीर्घकालीन योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जा रहा है। डॉ0 बृजेश महादेव एक प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। प्रारंभ से ही वे शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहे हैं। उनकी शैक्षणिक रुचि शोध, नवाचार और समाजोपयोगी ज्ञान के विकास की ओर केंद्रित रही है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान केवल कक्षा शिक्षण तक सीमित न रहकर शैक्षिक संस्थानों के विकास, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान तक विस्तृत है।




उन्हें शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें प्रमुख हैं– एशियन एजुकेशन अवॉर्ड, नेशनल बिल्डर्स अवॉर्ड तथा राज्य आईसीटी अवॉर्ड। वे एक सक्रिय स्काउट मास्टर के रूप में भी विशिष्ट सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

डॉ0 बृजेश महादेव ने समाज के शैक्षिक और बौद्धिक विकास के लिए एक दर्जन से अधिक विद्यालयों एवं पुस्तकालयों की स्थापना और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही उनके द्वारा एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन व प्रकाशन भी किया गया है, जो शिक्षा, समाज और विचार-जगत में उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। उनका व्यक्तित्व सरल, कर्मठ और प्रेरणादायक है। वे मानते हैं कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। उनका जीवन शिक्षा, सेवा और संस्कारों के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। डॉ0 बृजेश महादेव राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सोनभद्र के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भी हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, समाजसेवियों और शुभचिंतकों ने उन्हें अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

# आगामी रमजान व चैत्र रामनवमी के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा कस्बा दुद्धी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में आगामी रमजान माह एवं चैत्र रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय द्वारा कस्बा दुद्धी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों एवं अन्य सम्भ्रांत नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर त्यौहारों के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं पारस्परिक सम्मान बनाए रखने की अपील की गई।



क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा उपस्थित लोगों से कहा गया कि सभी लोग मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट पर ध्यान न दें। यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बैठक के दौरान शांति व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता तथा त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा की गई।

# महिला थाना दुद्धी पुलिस की तत्परता से भटकी हुई नाबालिग बालिका को परिजनों से सकुशल मिलाया गया

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**

सोनभद्र। थाना दुद्धी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि लगभग 17 वर्ष की एक बालिका भटककर दुद्धी क्षेत्र में आ गई है तथा उसकी मानसिक स्थिति सामान्य प्रतीत नहीं हो रही है। सूचना प्राप्त होते ही महिला थाना दुद्धी की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लेकर महिला थाना दुद्धी लाया गया।

प्रारंभिक पूछताछ के दौरान बालिका अपनी मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण अपना सही नाम व पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी। महिला थाना दुद्धी पुलिस द्वारा धैर्यपूर्वक लगातार पूछताछ करने पर बालिका द्वारा अपना नाम रागिनी सिंह बताया गया तथा उसके निवास स्थान एवं संबंधित थाने के संबंध में



आंशिक जानकारी प्राप्त हुई।

क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के नेतृत्व में महिला थाना दुद्धी पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए संबंधित थाना सरई (जनपद सिंगरौली, मध्य प्रदेश) से संपर्क स्थापित किया गया। वहां के माध्यम से बालिका के परिजनों से संपर्क कर उन्हें महिला थाना दुद्धी बुलाया गया।

आज दिनांक 07.03.2026 को आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत बालिका रागिनी सिंह पुत्री स्व० जयदुईनाथ निवासी ग्राम सरई, थाना सरई, नगर परिषद वार्ड क्रमांक-15 जनपद सिंगरौली (मध्य प्रदेश) को उसके भाई प्रदुमनाथ सिंह व लाला सिंह के सुपुर्द सकुशल कर दिया गया।

बालिका को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा सोनभद्र पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# बहुद्देशीय चोपन निषाद नाविक एवं मत्स्यजीवी सहकारी समिति का चुनाव संपन्न

**सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष सदाफल, उपाध्यक्ष राजाराम**

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। बहुद्देश्यीय चोपन निषाद नाविक एवं मत्स्यजीवी सहकारी समिति का चुनाव शनिवार को संपन्न हो गया। चुनाव में सव सम्मति से सदाफल को समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया। चुनाव के दौरान समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सोनभद्र चुनाव विभाग की ओर से चोपन ब्लॉक में नियुक्त निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप एवं सचिव दिलीप कुमार ने औपचारिक रूप से पदाधिकारियों के नामों की घोषणा करते हुए चुने गए सदस्यों के नाम पढ़कर सुनाए। इस दौरान उपाध्यक्ष पद के लिए भी सर्व सम्मति से राजाराम का चयन किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सदाफल ने कहा कि समिति को मिलने वाली मत्स्य पालन से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ समिति के सदस्यों तक पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने बताया कि जलाशयों में मछली पालन योजना के माध्यम से सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा और सरकार



की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मछुआ आवास योजना के तहत पहले भी कई लाभार्थियों को लाभ दिलाया गया है और आगे भी पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाया जाएगा, जिससे मछुआ समुदाय के गरीब तबके का जीवन स्तर सुधर सके। सदाफल ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि नदी से जुड़े ठेके जैसे जलाशयों का टेंडर और बालू से संबंधित कार्य मछुआ समुदाय को दिए जाएं, जिससे उनके रोजगार के साधन बढ़ सकें और सरकार के राजस्व में भी बढ़ोतरी हो। उन्होंने कहा कि पहले नदियों में मछली का ठेका दिया जाता था, लेकिन सेंचुरी घोषित होने के कारण उस पर रोक लग गई है। उन्होंने बताया कि बालू के ठेकों के कारण कई जगह नदियों का मार्ग बाधित हो गया है, जिससे नाव संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने मांग की कि चोपन स्थित छठ घाट और बजरंग घाट से अघोरी तक नौका विहार आम लोगों के लिए सुचारू रूप से संचालित किया जाए, जो मछुआ समुदाय की आजीविका का प्रमुख साधन बन सकता है। साथ ही नदी घाटों पर पक्के निर्माण की भी आवश्यकता बताई। अध्यक्ष ने कहा कि समिति में वर्तमान में कुल 63 सदस्य हैं और अच्छे कार्य होने पर सदस्यों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने सरकार से समिति को लोन उपलब्ध कराने की भी मांग की, ताकि समिति बड़े कार्य लेकर अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सके।

इस दौरान मौके पर संचालक सदस्यों में ओमप्रकाश, जानकी, नरेश, प्रेमनाथ, मोदर, लकी देवी, संजू देवी शामिल रहे वही डेलिगेशन सदस्य के रूप में त्रिलोकी नाथ, राजकुमार, संजू देवी और कंटू मौजूद रहे।

# जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के अध्यक्ष/मा0 सांसद छोटेलाल खरवार की अध्य क्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की गयी। बैठक में दिशा समिति की पूर्व बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या पर चर्चा की गयी। मा० सांसद जी द्वारा सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि विभागों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए मिलने वाली धनराशि, क्या काम कराया गया और कितना व्यय किया गया, इसकी सूचना मा० जनप्रतिनिधिगण को दी जाय। विकास कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मानक समय सीमा निर्धारित की जाय तथा उसी अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाय। यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है तो उसका कारण बताया जाय। इस बैठक में समस्त संबंधित अधिकारीगण की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय, जिससे आम जनता से प्राप्त होने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान पर चर्चा की जा सके। इसके अतिरिक्त मा० जन प्रतिनिधियों जैसे मा० विधायकगण, मा० प्रमुखगण आदि भी उपस्थित हों जिससे इस समिति के माध्यम से जनता की समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान कराया जा सके।

मा० सांसद द्वारा पटवध से बसुहारी सम्पर्क मार्ग के अभी तक पूर्ण नहीं हो सकने पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि उस सम्पर्क मार्ग को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय। सम्पर्क मार्ग के निर्माण से उस क्षेत्र के ग्रामीणों को बहुत राहत मिलेगी। यदि कोई समस्या है तो सम्बन्धित विभाग समन्वय कर समाधान निकालें। मा० अध्यक्षा नगर




पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि नगर विभिन्न स्थानों पर बिजली के तार एवं खम्भे जर्जर हो गये हैं। उन्हें तत्काल ठीक कराया जाय। इसके अतिरिक्त जो ग्राम नगर पालिका परिषद में शामिल हुए हैं उनमें विद्युतीकरण एवं पेयजल हेतु कनेक्शन की व्यवस्था की जाय। समिति के नामित सदस्य द्वारा बताया गया कि अभी भी नगवां क्षेत्र के कुछ इलाकों में मोबाइल टावर काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण संकट के समय ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है। एस०डी०ओ० दूरसंचार द्वारा अवगत कराया गया कि समस्या का समाधान कराया जा रहा है और इसके लिए विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। मा० सांसद द्वारा निर्देशित किया गया कि उन्हें भी सूचित किया जाय जिससे उनके स्तर से भी समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया जा सके। मा० सांसद द्वारा बताया गया हर घर नल योजना के अन्तर्गत किये गये पेयजल कनेक्शन की स्थिति ठीक नहीं है। पेयजल पाइप डालने के लिए सड़कों की खुदाई कर दी गयी है किन्तु उसे विभाग द्वारा ठीक नहीं कराया गया है। विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तत्काल इसे ठीक करायें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी गावों में लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो।

मा० सांसद जी द्वारा लोढ़ी में टोल प्लाजा के संबंध में निर्देशित किया गया कि टोल प्लाजा के कारण आये दिन जाम लगता रहता है जिसके कारण आम जनमानस को परेशानी होती है। इसके लिए ट्रकों के लिए अलग लेन तथा आम जनमानस एवं एम्बुलेन्स आदि के लिए अलग लेन बनायी जाय। रात में अक्सर गाड़ियों की लाइन लग जाती है जिसके रोका जाय। मा० नामित सदस्य रामनिहोर द्वारा अनपरा में निर्मित 100 बेड के अस्पताल को सही तरीके से संचालित कराये जाने एवं उस अस्पताल में पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की मांग की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने डाक्टरों एवं अन्य स्टाफ की कमी की बात बतायी। मा० सांसद जी द्वारा निर्देशित किया गया कि उन्हें इसके लिए शासन को लिखे गये पत्र की प्रति उपलब्ध करायी जाय जिससे वे अपने स्तर से प्रयास कर सकें। विकास खण्ड बभनी एवं म्योरपुर में चिकित्सा व्यवस्था को और दुरुस्त कराये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती राधिका पटेल, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद, ब्लाक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गौंड़, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व कमेटी के सद स्यगण उपस्थित रहें।

# शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित:- मुख्य विकास अधिकारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मार्च महीने प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस राबट ्र्सगंज में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा शिकायत कताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, उप जिलाधिकारी राबट् र्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी आदि ने 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 05 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबट्र्सगंज में कुल 11 मामले निस्तारित हुए, बाकी 68 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसी लदार सदर अमित कुमार, नायब तहसी लदार सहित अन्य अधि कारीगण उपस्थित रहें।

02- सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर जिला धिकारी (वि0 /रा0), उप जिला धिकारी ओबरा श्री विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार ओबरा आदि ने 37 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण का निस्तारण किया गया, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 32 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

03- सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी घोरावल श्री आशीष कुमार त्रिपाठी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणव त्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल श्री आशीष कुमार त्रिपाठी व तहसीलदार घोरावल प्रवीण कुमार आदि ने 49 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण का निस्तारण किया गया, इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 08 मामले निस्तारित हुए, बाकी 41 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

04-सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 25 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 23 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

# सेवा का संकल्प ओबरा में लगातार आठवें महीने भी जारी रहा श्री राम सेवा समिति का खिचड़ी भंडारा

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र/ओबरा। उत्तर प्रदेश की ऊर्जा राजधानी और प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी नगर पंचायत, ओबरा में सेवा परमो धर्म का जीवंत उदाहरण देखने को मिल रहा है। सुभाष चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में श्री राम सेवा समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाला खिचड़ी भंडारा सफलता के नए सोपान तय कर रहा है। इस शनिवार, 7 मार्च को आयोजित भंडारे में ओबरा थर्मल पावर परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक (CGM) आर. के. अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने हाथों से श्रद्धालुओं और राहगीरों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई जनसेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। समिति के संस्थापक, पत्रकार अजीत सिंह के मार्गदर्शन में यह अभियान पिछले




आठ महीनों से निरंतर अबाध गति से चल रहा है। सेवा, समर्पण और त्याग की भावना से ओतप्रोत होकर अजीत सिंह और उनकी टीम समाज के हर वर्ग तक पहुँचने का प्रयास कर रही है। इस सप्ताह के भंडारे में किड्स केयर के प्रबंधक अमरदीप सिंह, और पतंजलि योगाचार्य विरेंद्र श्रीवतास्तव का विशेष सहयोग रहा, जिनके सौजन्य से भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की सफलता के पीछे समिति के उन कर्मठ सदस्यों की मेहनत है जो बिना किसी स्वार्थ के घंटों सेवा में जुटे रहते हैं। समिति ने विशेष रूप से निम्नलिखित सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। वरिष्ठ सदस्य ओम प्रकाश सिंह, संकट मोचन झा, रीता कुमारी, उमाशंकर केसरी, आदित्य वर्मा, करण जोगले, सर्वेश दुबे, सरिता सिंह, पुष्पा दुबे, चंदन सोनी, इनके साथ ही तमाम अन्य स्वयंसेवकों के सहयोग के प्रति समिति ने दिल से आभार प्रकट किया है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से न केवल सामाजिक समरसता बढ़ती है, बल्कि जरूरतमंदों को संबल भी मिलता है।

# पान दरीबा के बड़े व्यवसायी ने फांसी लगाकर दी जान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। चेतगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को एक पान व्यवसायी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



जानकारी के अनुसार चेतगंज क्षेत्र के लहंगपुरा निवासी राजेश चौरसिया (53 वर्ष) शहर के प्रसिद्ध पान बाजार नया पान दरीबा में पान, सिगरेट और पान मसाले के बड़े व्यवसायी थे। उनका परिवार आर्थिक रूप से काफी संपन्न माना जाता है। ऐसे में उनके द्वारा उठाए गए इस कदम से परिवार के लोग और आसपास के निवासी स्तब्ध रह गए। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना मिलने पर चेतगंज थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर थाना प्रभारी वीके शुक्ला तथा पान दरीबा चौकी प्रभारी रोहित तिवारी भी पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया, जिसने मौके की बारीकी से जांच की।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

# नारी के हर रूप का सम्मान करना चाहिए चाहे वह किसी रूप में हो-फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर गाजीपुर के प्रबंधक एवं मिशन ग्रीन गाजीपुर के संरक्षक फादर पी विक्टर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में बताया की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों और नारी-सम्मान के तौर पर समूचे विश्व में मनाया जाता है। हमारे भारतीय संस्कृति में स्त्री की भूमिका पुरुष से कहीं अधिक सम्माननीय है। हमारे पुराणों में भी नारी को गुरुतर मानते हुए यह कहा गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहां नारियों की पूजा की जाती है, महिलाओं को सम्मान मिलता है, देवता का निवास भी वहीं होता है।



**नारी-सृजन की शक्ति**

फादर पी विक्टर ने कहा की महिला के बिना पुरुष अस्तित्व विहीन है। सृष्टि पर मानव जगत का आधार स्त्री ही है। नारी को सृजन की शक्ति मानकर समूचे विश्व में 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

सैकड़ों वर्ष पूर्व सतयुग, त्रेता और द्वापर युग में देवता भी नारी की शक्ति का सम्मान करते थे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के मूल में महिलाओं को कुरीतियों के मझधार से निकालकर उसे विकसित, परिष्कृत और सुसंस्कृत करना है। इसका उद्देश्य ना केवल खुद को सशक्त होना है बल्कि एक शक्तिशाली समाज के निर्माण में भरपूर योगदान करना है।

**पहला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सबसे पहले अमेरिका में सोशालिष्ट पार्टी के आह्वान पर 28 फरवरी 1909 को मनाया गया था। अमेरिका में उस समय महिला दिवस मनाए जाने के पीछे महिलाओं को वोट देने का अधिकार हासिल करना था।

क्योंकि तत्कालीन परिस्थिति में संपूर्ण विश्व में कहीं भी महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्राप्त नहीं था। महिला दिवस की महत्ता तब और अधिक बढ़ गई जब रूस की महिलाओं से रोटी और कपड़े के लिए वहां की तत्कालीन सरकार के लिए आन्दोलन छेड़ दिया।

जब यह आन्दोलन प्रारंभ हुआ उस समय वहां जुलियन कैलेंडर के मुताबिक 28 फरवरी, रविवार का दिन था। लेकिन ग्रेगेरियन कैलेंडर के मुताबिक यह दिन 8 मार्च को पड़ता था इसलिए कालांतर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 28 फरवरी को ना मनाकर 8 मार्च को मनाया जाता है।

भारत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों और नारी-सम्मान के तौर पर मनाया जाता है।

फादर विक्टर ने कहा की भारतीय संस्कृति में महिला को माता का स्थान दिया गया है। इतिहास के पन्ने नारी के गुणगान से भरे हैं। भारत की आजादी में रानी लक्ष्मीबाई जैसी ना जाने कितनी वीरांगनाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी।आज वर्तमान में भी महिलाएं पुरूषों के मुकाबले किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है वल्कि पुरूष समाज के समानांतर उनके कंधे से कंधा मिलाकर हर जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही है।भारतवर्ष का वेद पुराण एवं इतिहास इनसे भरा है।भारतवर्ष में तो ज्ञान की देवी सरस्वती शक्ति की देवी मां दुर्गा और धन की देवी के रूप में मां लक्ष्मी की पूजा आदि काल से की जा रही है।हिन्दू धर्म में त्रिदेव हैं तो तीन देवियां भी है।सीता सावित्री गायत्री अनसुईया पार्वती तारा सुलोचना कौशल्या कैकेयी सुमित्रा सुलोचना देवकी यशोदा मीरा राधा के जीवनी एवम उनके चरित्र से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।फादर विक्टर ने कहा की नारी अबला नहीं सबला है.नारी के बिना श्रृष्टि में कुछ भी संभव नहीं है।हम सभी को नारी के हर रूप का सम्मान करना चाहिए चाहे वह किसी रूप में हो।

# मनरेगा कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, बीडीओ हरहुआ को सौपा पत्रक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। मनरेगा कर्मचारियों ने शनिवार को बांह पर काली पट्टी बांध विरोध जताते हुए हरहुआ के बीडीओ को डीएम के नाम प्रेषित पत्रक सौपा।

मनरेगा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले हरहुआ ब्लाक में तैनात तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, कंप्यूटर आपरेटर का आरोप रहा कि सात माह से मानदेय नही मिल रहा है।




पत्रक सौपने वालो में मुकेश कुमार विश्वकर्मा, टी0ए0 हरिश्चंद्र भारती, ग्राम सेवक रोजगार गण सुरेश सिंह ,कपिलदेव, संदीप कुमार मौर्य, रामानन्द प्रजापति,सोनखर प्रसाद, विजय कुमार वर्मा ,अशोक कुमार सहित कई रोजगार सेवक कर्मचारी मौजूद रहे। बीडीओ ने पत्रक लेकर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# राष्ट्रीय सनातन संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राष्ट्रीय सनातन संघ का होली मिलन समारोह चोलापुर विकासखंड अंतर्गत मोहाव चौराहे के बगल में स्थित कान्हा रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवनारायण सिंह, खंड विकास अधिकारी चोलापुर, ने कहा कि सनातन संस्कृति को अपनाकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

डॉक्टर आर बी यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक चोलापुर, ने कहा कि सनातन संस्कृति हमें पर्यावरण के साथ चलने और भाईचारे के साथ जीवन जीने की शिक्षा देती है। दीपक कुमार, थाना प्रभारी चोलापुर, ने कहा कि सनातन संस्कृति हमें प्रेम और एकता के साथ रहने की प्रेरणा देती है।




राष्ट्रीय सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया पांडेय ने कहा कि सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। राष्ट्रीय प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने कहा कि सनातन संस्कार को हर गांव में खोलकर हर सनातनियों को सनातन संस्कार देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर गजेंद्र सिंह, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष, सोनू सिंह, दैनिक जागरण के पत्रकार, और सुमन पांडेय, मंडल अध्यक्ष वाराणसी, ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वाराणसी मंडल, वाराणसी जिला, और वाराणसी नगर के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह संपन्न।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल का होली मिलन समारोह कार्यालय बापू गली मे प्रदेश अध्यक्ष वी.एस.गुप्ता की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ जिस मे प्रदेश के कई जनपदो से व्यापारियो नें प्रतिभाग किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त खाद्य सुरक्षा एवं ओषधि चन्दन पाण्डे उपस्थिति हुए!

होली के हर्षौंउल्लास के बीच प्रदेश अध्यक्ष वी.एस. गुप्ता नें अपने सम्बोधन मे होली की बधाई देने के साथ संगठन की कार्यशेली की चर्चा करते हुए कहा कि संगठन का मुख्य उदेश्य व्यापारीसमाज को उसके सम्मान की रक्षा करना ओर उन्हें विभागीय अधिकारियो के अनावश्यक उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ाई लड़ते हुए """व्यापारी जाति """ को संख्या बल के आधार पर राजनैतिक भागदारी के लिए आवाज उठाना हैं जिसमे आप सभी के सहयोग ओर गतिशीलता से सफलता मिल रही है।




मुख्य अतिथि उपायुक्त चन्दन पांडे नें अपने महत्वपूर्ण सम्बोधन मे "शुद्ध भोजन " के अधिकार पर विस्तृत चर्चा करते हुए खा कि खाद्यानो मे हो रही मिलावट पूरे समाज के लिए अभिशाप है जो केवल कानून के दण्डबिधानो से नही रोकी जा सकती है, उन्होंने खाद्यान ओर किराना व्यापारियो से अपील की कि इस सामाजिक बुराई को रोकने मे प्रशासन का सहयोग करते हुए , यदि कही कोई मिलावट की जानकारी हो तो विभाग को सूचित करे! उन्होंने व्यापारियो को विभाग के अधिकारियो द्वारा अनावश्यक उत्पीड़न नही होने का आश्वासन दिया, प्रदेश प्रभारी संजय गुप्ता नें मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा संगठन आवश्यक सुधार लाने के लिए सरकार का सहयोग करता है, परन्तु संगठन व्यापारियों अनावश्यक उत्पीड़न नही होने देगा, समारोह मे प्रदेश से प्रमुख पदाधिकारी, संजय केशरवानी प्रयागराज, राहुल वर्मा आगरा,आनन्द गुप्ता कानपुर, विजय गुप्ता एटा, गणेश अग्रवाल, सामर्थ गौलस, नितिन अग्रवाल, संजय मित्तल, आदि व्यापारी नेताओं नें प्रतिभाग किया, संचालन जिलामंहामंत्री महेन्द्र कुशवाह नें किया, होली का मुख्य पेय "ठंडाई ओर गुजिया " के जलपान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# पीड़ित हरहुआ पुलिस को शिकायती पत्र देकर निजी क्लिनिक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागाँव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत सेहमलपुर स्थित एक निजी क्लिनिक पर पीड़ित नन्दलाल पटेल निवासी घमहापुर ,कुवार, फूलपुर ने शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नन्दलाल पटेल की पत्नी उषा देवी का लगभग सात माह से इलाज चल रहा था। 2 मार्च को जाँच के दौरान लापरवाही से गर्भ में पल रहे नवजात शिशु की मौत होने साथ ही इलाज से जुड़े कोई पर्चा,दवा की रसीद ,मेडिकल रिपोर्ट न देकर साक्ष्य छिपाने का आरोप लगाया गया है।

चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानन्द द्विवेदी के अनुसार क्लिनिक पर आरोप लगाकर आवश्यक कार्यवाही सम्बन्धी शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है। सूचना पर दोनो पक्षों से क्लिनिक पर जाकर जानकारी ले ली गई है। आवश्यक कार्यवाही जल्द की जाएगी।

# ट्रक के चक्के से महिला का पैर कुचला, हरहुआ पुलिस ट्रामा सेंटर कराया भर्ती

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागाँव थाना क्षेत्र के हरहुआ चौकी अंतर्गत रिंग रोड चौराहे पर शनिवार को संगीता पटेल पत्नी बसंतलाल पटेल उम्र करीब 56 वर्ष निवासी बालीपुर, जौनपुर का पैदल रोड क्रॉस करते समय ट्रक से पैर कुचल जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गई।सूचना पर हरहुआ चौकी पुलिस पहुंच गई। चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानन्द द्विवेदी के अनुसार बाबतपुर से राजातालाब की तरफ जा रही ट्रक वाहन संख्या UP65GT1584 के पिछले चक्के से पैर कुचल गया था।

मौके से तत्काल एंबुलेंस की सहायता से इलाज हेतु ट्रामा सेंटर भेजवा दिया गया। घायल के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# जैविक किसान मेले का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मिर्जापुर।। नमामि गंगे योजना से जुड़े बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मिजार्पुर कोन विकासखंड के हुसैनीपुर गांव में जैविक किसान मेले का आयोजित किया गया। जैविक कृषि मेला में किसानों से जैविक खेती करने का आह्वान किया गया। विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने कम लागत



में अधिक उत्पादन के तौर-तरीके बताए। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से उपजाऊ भूमि के बदलते स्वभाव एवं लगातार हो रही कार्बन की कमी को लेकर किसानों को आगाह किया। किसानों से पशुपालन कर पशुओं के गोबर से तैयार खाद का प्रयोग करने की अपील किया। घर पर मिट्टी की पी एच की जांच तथा अम्लीय और क्षारीय मिट्टी की सुधार के बारे में भी बताया गया। कौशल सिंह ने किसानों को प्रकृति में जो भी उपलब्ध है , उसका समावेश करके खेती में प्रयोग कर अपनी उपज को बढ़ाने के बारे में बताते हुए सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आदर्श सिंह, हिमांशु सिंह, गुलाब सिंह, दिवाकर मौर्य, करन सिंह आदि सहित सैकड़ों किसानो ने मेले में आ कर कृषि संबंधित जानकारी ली।

# संपत्ति विवाद में पत्नी ने पति को जबरन पिलाया मच्छर लोशन, हालत गंभीर

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र के कोटला रोड स्थित लोधीपुरम इलाके में शनिवार दोपहर संपत्ति विवाद को लेकर हैरान करने वाली घटना सामने आई। आरोप है कि पत्नी ने पति को जबरन मच्छर भगाने वाला लोशन पिला दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार घटना शनिवार दोपहर करीब एक बजे की है। लोधीपुरम निवासी रामविलाश ने आरोप लगाया कि संपत्ति और पारिवारिक विवाद को लेकर उसकी पत्नी ने उसे जबरन मच्छर लोशन पिला दिया। लोशन पीने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया।

घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों और परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए उपचार शुरू कर दिया है।

पीड़ित रामविलाश ने इस मामले में पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक पति-पत्नी के बीच काफी समय से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बोलेरो और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने की टक्कर में बोलेरो चालक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने एटा-शिकोहाबाद मार्ग पर किया जाम।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र के एटा मार्ग पर सिरोला के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब बोलेरो और स्विफ्ट डिजायर कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे के बाद, स्विफ्ट डिजायर कार सवार मौके से फरार हो गए, जिससे ग्रामीण और परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया।

मृतक की पहचान 24 वर्षीय उमेश कुमार पुत्र डम्बर सिंह के रूप में हुई है, जो एटा के थाना रिजोर क्षेत्र के गांव कुंवरपुर का निवासी था। उमेश अपने बोलेरो में जसराना की ओर जा रहा था, जबकि स्विफ्ट डिजायर कार एटा की दिशा में आ रही थी। सिरोला के निकट दोनों वाहनों में टक्कर हो गई, जिसके परिणामस्वरूप बोलेरो पलट गई और उमेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जैसे ही स्थानीय लोगों को इस घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंचे और उमेश के शव को देखते ही आक्रोशित हो गए। उन्होंने एटा-शिकोहाबाद मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे दोनों तरफ वाहन रुक गए। जाम की सूचना पर सीओ प्रेमप्रकाश पांडेय और नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जाम को खुलवाने के लिए बातचीत की, और अंततः आक्रोशित लोगों को कार्रवाई का भरोसा देकर स्थिति को नियंत्रित किया। सीओ प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा हम लोगों की चिंताओं को समझते हैं और उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हैं। हमारी प्राथमिकता मृतक के परिजनों को मदद पहुंचाना और इस मामले में न्याय सुनिश्चित करना है। घटना के बाद, पुलिस ने उमेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने पुष्टि की कि दुर्घटना के बाद स्विफ्ट डिजायर के चालक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा हमारा ध्यान इस मामले में सभी तथ्यों को एकत्रित करना और उचित कार्रवाई करना है। यह दुर्घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा के मुद्दे को उजागर करती है। स्थानीय लोगों ने मांग उठाई है कि प्रशासन को सड़क पर सुरक्षा उपायों को और मजबूत करना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।



# जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं-डाक्टर प्रीति सिंह

**विकास रायब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेज की निदेशक डाक्टर प्रीति सिंह ने विश्व महिला दिवस के पूर्व संध्या पर कहा की हमारी भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत ही ज्यादा महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है- 'यस्य पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवताः। अर्थात, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु वर्तमान में जो हालात दिखाई देते हैं, उसमें नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे 'भोग की वस्तु' समझकर आदमी 'अपने तरीके' से 'इस्तेमाल' कर रहा है। यह बेहद चिंताजनक बात है। लेकिन हमारी संस्कृति को बनाए रखते हुए नारी का सम्मान कैसे किया जाए, इस पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है।

**माता का हमेशा सम्मान हो**

मां अर्थात माता के रूप में नारी, धरती पर अपने सबसे पवित्रतम रूप में है। माता यानी जननी। मां को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है, क्योंकि ईश्वर की जन्मदात्री भी नारी ही रही है। मां देवकी (कृष्ण) तथा मां पार्वती (गणपति/ कार्तिकेय) के संदर्भ में हम देख सकते हैं इसे।

डाक्टर प्रीति सिंह ने कहा की बदलते समय के हिसाब से संतानों ने अपनी मां को महत्व देना कम कर दिया है। यह चिंताजनक पहलू है। सब धन-लिप्सा व अपने स्वार्थ में डूबते जा रहे हैं। परंतु जन्म देने वाली माता के रूप में नारी का सम्मान अनिवार्य रूप से होना चाहिए, जो वर्तमान में कम हो गया है, यह सवाल आजकल यक्षप्रश्न की तरह चहुंओर पांव पसारता जा रहा है। इस बारे में नई पीढ़ी को आत्मावलोकन करना चाहिए।

**आज हर क्षेत्र में बाजी मार रही हैं लड़कियां**

अगर आजकल की लड़कियों पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि ये लड़कियां आजकल बहुत बाजी मार रही हैं। इन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए देखा जा सकता है । विभिन्न परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट में लड़कियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। किसी समय इन्हें कमजोर समझा जाता था, किंतु इन्होंने अपनी मेहनत और मेधा शक्ति के बल पर हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर ली है। इनकी इस प्रतिभा का सम्मान किया जाना चाहिए।

**कंधे से कंधा मिलाकर चलती नारी**

नारी का सारा जीवन पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में ही बीत जाता है। पहले पिता की छत्रछाया में उसका बचपन बीतता है। पिता के घर में भी उसे घर का कामकाज करना होता है तथा साथ ही अपनी पढ़ाई भी जारी रखनी होती है। उसका यह क्रम विवाह तक जारी रहता है।



उसे इस दौरान घर के कामकाज के साथ पढ़ाई-लिखाई की दोहरी जिम्मेदारी निभानी होती है, जबकि इस दौरान लड़कों को पढ़ाई-लिखाई के अलावा और कोई काम नहीं रहता है। कुछ नवुयवक तो ठीक से पढ़ाई भी नहीं करते हैं, जबकि उन्हें इसके अलावा और कोई काम ही नहीं रहता है। इस नजरिए से देखा जाए, तो नारी सदैव पुरुष के साथ कंधेसे कंधा मिलाकर तो चलती ही है, बल्कि उनसे भी अधिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी करती हैं। नारी इस तरह से भी सम्माननीय है।

**विवाह पश्चात**

विवाह पश्चात तो महिलाओं पर और भी भारी जिम्मेदारियां आ जाती है। पति, सास-ससुर, देवर-ननद की सेवा के पश्चात उनके पास अपने लिए समय ही नहीं बचता। वे कोल्हू के बैल की मानिंद घर-परिवार में ही खटती रहती हैं। संतान के जन्म के बाद तो उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। घर-परिवार, चौके-चूल्हे में खटने में ही एक आम महिला का जीवन कब बीत जाता है, पता ही नहीं चलता। कई बार वे अपने अरमानों का भी गला घोंट देती हैं घर-परिवार की खातिर। उन्हें इतना समय भी नहीं मिल पाता है वे अपने लिए भी जिएं। परिवार की खातिर अपना जीवन होम करने में भारतीय महिलाएं सबसे आगे हैं। परिवार के प्रति उनका यह त्याग उन्हें सम्मान का अधिकारी बनाता है।

**बच्चों में संस्कार डालना**

बच्चों में संस्कार भरने का काम मां के रूप में नारी द्वारा ही किया जाता है। यह तो हम सभी बचपन से सुनते चले आ रहे हैं कि बच्चों की प्रथम गुरु मां ही होती है। मां के व्यक्तित्व-कृतित्व का बच्चों पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार का असर पड़ता है।

डाक्टर प्रीति सिंह ने कहा की इतिहास उठाकर देखें तो मां पुतलीबाई ने गांधीजी व जीजाबाई ने शिवाजी महाराज में श्रेष्ठ संस्कारों का बीजारोपण किया था। जिसका ही परिणाम है कि शिवाजी महाराज व गांधीजी को हम आज भी उनके श्रेष्ठ कर्मों के कारण जानते हैं। इनका व्यक्तित्व विराट व अनुपम है। बेहतर संस्कार देकर बच्चे को समाज में उदाहरण के रूप में बनाने का कार्य नारी ही कर सकती है। अतः नारी सम्माननीय है।

**अभद्रता की पराकाष्ठा**

डाक्टर प्रीती सिंह ने कहा की आजकल महिलाओं के साथ अभद्रता की पराकाष्ठा हो रही है। हम रोज ही अखबारों और न्यूज चैनलों में पढ़ते व देखते हैं, कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई या सामूहिक बलात्कार किया गया। इसे नैतिक पतन ही कहा जाएगा। शायद ही कोई दिन जाता हो, जब महिलाओं के साथ की गई अभद्रता पर समाचार न हो।

**क्या कारण है इसका?**

प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दिन-पर-दिन अश्लीलता बढ़ती जा रही है। इसका नवयुवकों के मन-मस्तिष्क पर बहुत ही खराब असर पड़ता है। वे इसके क्रियान्वयन पर विचार करने लगते हैं। परिणाम होता है दिल्ली गैंगरेप जैसा जघन्य व घृणित अपराध। नारी के सम्मान और उसकी अस्मिता की रक्षा के लिए इस पर विचार करना बेहद जरूरी है, साथ ही उसके सम्मान और अस्मिता की रक्षा करना भी जरूरी है।

**अशालीन वस्त्र भी एक कारण**

कतिपय 'आधुनिक' महिलाओं का पहनावा भी शालीन नहीं हुआ करता है। इन वस्त्रों के कारण भी यौन-अपराध बढ़ते जा रहे हैं। इन महिलाओं का सोचना कुछ अलग ढंग का हुआ करता हैं। वे सोचती हैं कि हम आधुनिक हैं। यह विचार उचित नहीं कहा जा सकता है। अपराध होने यह बात उभरकर सामने नहीं आ पाती है कि उनके वस्त्रों के कारण भी यह अपराध प्रेरित हुआ है।

**इतिहास से**

देवी अहिल्याबाई होलकर, मदर टेरेसा, इला भट्ट, महादेवी वर्मा, राजकुमारी अमृत कौर, अरुणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी और कस्तूरबा गांधी आदि जैसी कुछ प्रसिद्ध महिलाओं ने अपने मन-वचन व कर्म से सारे जग-संसार में अपना नाम रोशन किया है। कस्तूरबा गांधी ने महात्मा गांधी का बायां हाथ बनकर उनके कंधे से कंधा मिलाकर देश को आजाद करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंदिरा गांधी ने अपने दृढ़-संकल्प के बल पर भारत व विश्व राजनीति को प्रभावित किया है। उन्हें लौह-महिला यूं ही नहीं कहा जाता है। इंदिरा गांधी ने पिता, पति व एक पुत्र के निधन के बावजूद हौसला नहीं खोया। दृढ़ चट्टान की तरह वे अपने कर्मक्षेत्र में कार्यरत रहीं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रेगन तो उन्हें 'चतुर महिला' तक कहते थे, क्योंकि इंदिराजी राजनीति के साथ वाक्-चातुर्य में भी माहिर थीं।

**अंत में...**

अंत में मेरा यही कहना ठीक रहेगा कि हम हर महिला का सम्मान करें। अवहेलना, भ्रूण हत्या और नारी की अहमियत न समझने के परिणाम स्वरूप महिलाओं की संख्या, पुरुषों के मुकाबले आधी भी नहीं बची है। इंसान को यह नहीं भूलना चाहिए, कि नारी द्वारा जन्म दिए जाने पर ही वह दुनिया में अस्तित्व बना पाया है और यहां तक पहुंचा है। उसे ठुकराना या अपमान करना सही नहीं है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी, दुर्गा व लक्ष्मी आदि का यथोचित सम्मान दिया गया है अतः उसे उचित सम्मान दिया ही जाना चाहिए।

# दलहन – तिलहन का बीज वितरित

## कृषि कार्यालय पाली जैविक कृषि के बताये गुर



**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- मध्यप्रदेश शासन की नीतियों को असली धरातल में उतारने के लिए कृत संकल्पित उमरिया जिले का कृषि अमला सतत रूप से प्रयत्न शील है और उसी मंशा अनुरूप कार्यक्रमो को बढ़ावा देने में जुटा हुआ है। मध्यप्रदेश सरकार व्दारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसकी फलस्वरूप नित नये कार्यक्रमों को कृषि विभाग आगे बढाने के लिए पिछले दिनों विकास खंड कृषि कार्यालय में क्षेत्र के दलहन तिलहन कृषि उत्पादको को निशुल्क बीज वितरण जन प्रति निधियों के माध्यम से कराया गया। इस अवसर पर ब्लॉक एस. ए. डी. ओ. श्री सूरज सिंह आर्मो, सुश्री शान्ति सिंह कृषि विस्तार अधिकारी मुख्यालय शाहपुर एवं दिलीप कुमार पाठक (प्रोजेक्ट एसोसिएट, एफ. पी.ओ., बाधवगढ़ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी) की उपस्थिति में किया गया।

बीज वितरण कार्यक्रम में पाली विकास खंड के दूरांचल क्षेत्रों से आए कृषकों में शाहपुर, कुश म्हाखुर्द, कुशम्हाकला, मालाचुआ, ओढ़ेरा हाथपुरा, डिडवरिया,खमरिया खुर्द, चाका, खोलखमहरा आदि, ग्रामों के किसानों को दलहन तिलहन का बीज उपलब्ध कराते हुए योजना के लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया । इस बीज वितरण कार्यक्रम मे 18 हेक्टेयर भूमि पर मूंगफली बीज किस्म Gg 37, 5 हेक्टेयर भूमि पर तिल बीज उन्नत किस्म रामा,वितरण किया गया साथ ही प्राकृतिक खेती और जैविक कृषि उत्पादों के महत्व से अवगत कराया गया। दलहन तिलहन का निशुल्क बीज प्राप्त कर किसानों के चेहरे खिल उठे, और उन्होंने कृषि विभाग के कर्मचारियों की कार्यशैली की तारीफ करते हुए बतलाया की कृषि विस्तार अधि कारियों के व्दारा समय समय पर शासन के व्दारा प्रदान होने वाली योजनाओं से हमें लाभान्वित करने का अथक प्रयास किया जाता है।

कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमारे खेतों तक पहुंचती है और कृषि के उन्नत तरीके बतला कर उन्नत कृषि के लिए सतत रूप से प्रोत्साहित करती है।

# सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण - विधायक

## पत्र सूचना कार्यालय द्वारा शहडोल में मीडिया वातार्लाप का आयोजन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल ।मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने और जनता की भावनाओं को सरकार तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विकास का कोई भी स्वप्न मीडिया के सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह यह विचार पत्र सूचना कार्यालय, भोपाल (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा विजयश्री होटल, शहडोल में विकसित भारत @2047 पर केंद्रित मीडिया वातार्लाप कार्यक्रम में व्यक्त कर रही थीं। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय भोपाल के निदेशक मनीष गौतम तथा अपर कलेक्टर सरोधन सिंह उपस्थित थे।




विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि देश की दशा और दिशा बदलने के लिए प्रधानमंत्री दिन-रात कार्य कर रहे हैं। हम सभी का दायित्व है कि हम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बड़े पैमाने पर गांवों की तस्वीर बदली है। गांव से शहर तक सड़कों का मजबूत नेटवर्क बनने से ग्रामीण उत्पादों का शहरों के बाजार तक पहुँचना आसान हुआ है, जिससे गांवों के विकास को गति मिली है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से इस कृषि प्रधान देश में कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

पत्र सूचना कार्यालय भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने कहा कि प्रशासन और मीडिया के बीच सार्थक संवाद से जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाना आसान हो जाता है। मीडिया सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है। प्रशासन और मीडिया के बीच संवाद को बढ़ावा देने तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी पत्रकारों को सीधे देने के उद्देश्य से पत्र सूचना कार्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न जिलों में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश को अपनी बढ़ती आबादी के अनुरूप अन्न, वस्त्र और आवास की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। मीडिया के सकारा त्मक सुझाव सरकार के कार्यों को पारदर्शी बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि अनुराग पटेल ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वैज्ञानिक श्री बृजकिशोर प्रजापति ने फसलों की उन्नत प्रजातियों के विकास तथा किसानों को समय पर मौसम संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे नवाचारों के बारे में बताया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. शुक्ला ने आयुष्मान भारत सहित स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं लीड बैंक मैनेजर श्री अमित चौरसिया ने पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा लोन, जनधन योजना तथा स्वस हायता समूहों के लिए चलाई जा रही वित्तीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मिडिया के पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक पराग मांदले ने किया।

# कटनी में कोयले से लदी मालगाड़ी पटरी से उतरी, बिलासपुर रूट पर रेल यातायात बाधित



**समाज जागरण**

कटनी-बिलासपुर रेल खंड पर शनिवारू सुबह एक बड़ा रेल हादसा टल गया, जब कोयले से लदी एक मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। यह घटना कटनी के एनकेजे (New Katni Junction) क्षेत्र के अंतर्गत गायत्री नगर आउटर के पास हुई है। इस घटना के बाद से इस व्यस्त रेल मार्ग पर आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।

**सुबह 11 बजे हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिलासपुर की ओर से आ रही कोयला लोड मालगाड़ी शनिवार सुबह लगभग 11 बजे कटनी पहुंचने वाली थी। इसी दौरान गायत्री नगर आउटर के पास ट्रेन के चार से अधिक डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

**रेलवे प्रशासन में मचा हड़कंप**

हादसे की खबर मिलते ही रेल प्रशासन तुरंत अलर्ट मोड पर आ गया। मौके पर जीआरपी (GRP), आरपीएफ (RPF) के जवानों के साथ रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी टीम पहुंच चुकी है। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (ART) की मदद से बेपटरी हुए डिब्बों को वापस ट्रैक पर लाने और रेल लाइन को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

**यात्री ट्रेनें प्रभावित**

इस दुर्घटना के कारण कटनी-बिलासपुर मार्ग पर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा है। रूट बाधित होने की वजह से कुछ ट्रेनों को बीच के स्टेशनों पर रोका गया है, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिकता ट्रैक को जल्द से जल्द खाली कर यातायात बहाल करने की है।

# मध्य प्रदेश में दो साल में टीचरों को पास करना होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा, वरना छोड़ना पड़ेगी नौकरी

**समाज जागरण**

जबलपुर। प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को निर्धारित अवधि में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यह आदेश संचालक लोक शिक्षण मध्य प्रदेश ने सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पहले नियुक्त हुए ऐसे शिक्षक, जिनकी सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष से अधिक समय शेष है, उन्हें अगले दो वर्षों के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना होगा। निर्धारित समय में परीक्षा पास नहीं करने वाले शिक्षकों को सेवा छोड़नी पड़ सकती है या उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जा सकती है। हालांकि उन्हें नियमों के अनुसार मिलने वाले टर्मिनल लाभ प्रदान किए जाएंगे, बशर्ते उन्होंने निर्धारित सेवा अवधि पूरी की हो। विभाग के अनुसार प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा का आयोजन जुलाई और अगस्त 2026 में संभावित है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जो शिक्षक अभी तक टीईटी उत्तीर्ण नहीं हैं, उन्हें परीक्षा में शामिल होने की सूचना देना सुनिश्चित करें।



**अधूरे बजट से स्कूलों में काम ठप-:**

वित्तीय सत्र समाप्त होने के बावजूद प्राइमरी और मिडिल स्कूलों को अब तक केवल 50 प्रतिशत राशि ही मिली है। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष राबर्ट मार्टिन ने आरोप लगाया है कि बजट के अभाव में स्कूलों के रखरखाव और अध्यापन कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। संगठन के सदस्य हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया, संतोष चौर सिया, सुरेंद्र चौधरी, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी,

एनोस विक्टर, अजय मिश्रा और रेवा प्रसाद चौबे ने शासन से शेष राशि जल्द जारी करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि राशि मिलने पर ही शाला प्रभारी समय पर लंबित भुगतान और जरूरी कार्य पूरे कर सकेंगे।

# मैहर के शारदा मंदिर की रोपवे सेवा 14 मार्च तक बंद, ऑनलाइन टिकट वालों को मिलेगा रिफंड, मेंटेनेंस के कारण लिया फैसला

**समाज जागरण**

सतना। मैहर जिला में स्थित मां शारदा देवी मंदिर में संचालित दामोदर रोपवे सेवा 5 मार्च से 14 मार्च तक मेंटेनेंस कार्य के कारण बंद कर दी गई है। रोपवे प्रबंधन ने ऑनलाइन टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को टिकट कैंसिल कर रिफंड लेने की सुविधा दी है। मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में संचालित दामोदर रोपवे सेवा 5 मार्च से 14 मार्च तक मेंटिनेंस कार्य के चलते पूरी तरह बंद कर दी गई है। इस अवधि में रोपवे का संचालन स्थगित रखा गया है।



**टिकट बुकिंग पर रोक और रिफंड की मांग:**

रोपवे बंद होने के साथ ही ऑनलाइन टिकट बुकिंग भी अस्थायी रूप से रोक दी गई थी, लेकिन इससे पहले कई श्रद्धालुओं ने लगभग एक सप्ताह पहले ही एडवांस टिकट बुक करा ली थी। इसके चलते कुछ यात्री पहले से बुक टिकट लेकर मैहर पहुंच रहे हैं और रिफंड की मांग कर रहे हैं। रोपवे प्रबंधन के अनुसार 5 मार्च से 15 मार्च के बीच कुल 18 लोगों ने 77 एडवांस टिकट बुक किए थे।

**रिफंड प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति:**

आठ टिकट धारकों को रिफंड, 30 यात्रियों का मिलना बाकीः 5 मार्च से 15 मार्च के बीच कुल 18 लोगों की 77 एडवांस टिकट बुक हुए थे। इनमें से 8 टिकटों का रिफंड, जिसमें 33 यात्रियों की राशि शामिल है, पूरा कर दिया गया है। वहीं 5 टिकट धारकों के 30 यात्रियों का रिफंड अभी लंबित है क्योंकि उनके बैंकिंग विवरण का इंतजार किया जा रहा है। प्रबंधन ने बताया कि शेष 5 टिकट धारकों ने कॉल का जवाब नहीं दिया है।

**प्रबंधन की अपील और हेल्पलाइन नंबर:**

उन्हें दिन में दो बार संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। उम्मीद जताई गई है कि मंगलवार तक सभी शेष रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, बशर्ते यात्रियों से बैंक खाते की जानकारी समय पर मिल जाए। प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की है कि रोपवे सेवा शुरू होने तक यात्रा की योजना बनाने से पहले जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। रिफंड या टिकट से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए यात्री हेल्पलाइन नंबर 0806 5130000 पर संपर्क कर सकते हैं या ईमेल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सीएम राइज स्कूल मानपुर निर्माण में सवालों के घेरे में ठेकेदार – करोड़ों की परियोजना, समय सीमा पार फिर भी अधूरा काम

**समाज जागरण उमरिया**

उमरिया जिले के मानपुर में लोक निर्माण विभाग (भवन) द्वारा बनाए जा रहे सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य अब गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। करोड़ों रुपये की इस परियोजना में न केवल काम तय समय सीमा में पूरा नहीं हुआ, बल्कि निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी स्थानीय स्तर पर नाराजगी बढ़ रही है ।निर्माण स्थल पर लगे बोर्ड के अनुसार इस परियोजना को 4187 लाख रुपये (करीब 41 करोड़) की प्रशासनिक स्वीकृति और 2686.62 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति दी गई है। कार्य का कायार्देश 3 अक्टूबर 2023 को जारी हुआ था और अनुबंध के अनुसार 18 माह के भीतर काम पूरा होना था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है। इस निर्माण कार्य का ठेका श्री राम कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंपनी द्वारा काम धीमी गति और संदिग्ध गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। कई जगहों पर निर्माण की स्थिति देखकर यह आशंका जताई जा रही है कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं हुई तो भविष्य में यह भवन छात्रों के लिए जोखिम बन सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कार्य समय सीमा में पूरा नहीं हुआ तो क्या लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार कंपनी पर कोई जुमार्ना लगाया? क्या गुणवत्ता परीक्षण कराया गया? यदि ऐसा नहीं हुआ तो इससे विभाग और ठेकेदार के बीच लापरवाही या मिलीभगत की आशंका भी जताई जा रही है। क्षेत्र के लोगों ने मांग की है कि सीएम राइज स्कूल मानपुर के निर्माण कार्य, गुणवत्ता और भुगतान की पूरी प्रक्रिया की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि करोड़ों रुपये की इस परियोजना में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो।

# UPSC में चमके मध्य प्रदेश के लाल, इशान भटनागर 5thऔर पक्षल सेक्रेटरी की 8वी रैंक

**समाज जागरण**

भोपाल। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में मध्य प्रदेश के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। भोपाल के इशान भटनागर ने ऑल इंडिया (AIR) में 5वीं रैंक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं धार जिले के पक्षल सेक्रेट्री ने 8वीं रैंक प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनाई है। इस तरह देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में मध्य प्रदेश के दो प्रतिभाशाली युवाओं ने टाप 10 में स्थान बनाकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

**लखनऊ में जन्मे लेकिन भोपाल में हुई परवरिशः**

इशान भटनागर का जन्म लखनऊ में हुआ है, लेकिन उनकी परवरिश भोपाल में हुई है। उन्होंने अपनी स्कूलिंग भी यहीं से पूरी की है। इसके बाद इशान दिल्ली स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में एडमिशनल लिया और यहां से बीए एलएलबी हॉनर्स किया लॉ की पढ़ाई करने के बाद इशान ने इटली में आयोजित एडीआर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता प्रतियोगिता में भाग लिया 2023 में इशान ने पहले अटेम्ट में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पास कर ली थी और 276वीं रैंक पाई थी वहीं यूपीएससी 2025 के रिजल्ट में उन्होंने ऑल इंडिया 5वीं रैंक हासिल की है।

**धार के पक्षल सेक्रेटरी की 8वीं रैंकः**

इसके साथ ही टॉप टेन में दूसरे अभ्यर्थी धार के पक्षल सेक्रेटरी हैं जिन्हें अक्क्8वीं रैंक हासिल की है। पक्षल के पिता निलेश कपड़ा व्यवसायी हैं, जबकि मां दीप्ति हाउस वाइफ हैं। पक्षल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

**गुना की देवांगी को मिली 236वीं रैंकः**

गुना से क्क्र की ट्रेनिंग करने गईं देवांगी मीणा ने यूपीएससी की परीक्षा में 236वीं रैंक हासिल की है। जिसमें देवांगी मीणा ने 764 में से 236 वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम एक बार फिर से रोशन किया है। देवांगी के पिता लीलाधर मीणो ने बताया कि "एनएफएल विजयपुर में प्रोडक्शन का काम देखते हैं। इसी वजह से देवांगी ने अपनी 10वीं और 12वीं की परीक्षा डीपीएस स्कूल विजयपुर से पूरी की इसके बाद देवांगी मिरांडा हाउस दिल्ली विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन किया फिलहाल वो अभी अपनी क्क्र कि ट्रेनिंग करने गई है, हो सकता है आज रात तक वापस आ जाए।

**राजस्थान के अनुज भटनागर ने किया टॉपः**

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा निवासी अनुज अग्निहोत्री ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम और तीसरे स्थान पर आकांश धुल रहे हैं। इस साल के परिणाम में देशभर के युवाओं ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी जगह बनाई है।

**958 उम्मीदवारों का हुआ चयनः**

संघ लोक सेवा आयोग ने मेरिट के आधार पर कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। चयनित अभ्यर्थियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के साथ ही केंद्रीय सेवाओं के ग्रुप A और B पदों पर नियुक्ति की सिफारिश की गई है।

**अगस्त में मेन्स, फरवरी में खत्म हुए इंटरव्यूः**

बता दें कि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 की लिखित मुख्य परीक्षा अगस्त 2025 में आयोजित की गई थी इसके बाद सफल अभ्यर्थियों के इंटरव्यू दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच आयोजित किए गए। आयोग के अनुसार पर्सनालिटी टेस्ट 27 फरवरी 2026 को समाप्त हुए, जिसके बाद अंतिम परिणाम जारी किए गए।

**दो अभ्यर्थियों का परिणाम रोका गयाः**

आयोग ने जानकारी दी है कि दो उम्मीदवारों का परिणाम फिलहाल रोक दिया गया है। वहीं 348 उम्मीदवारों का चयन प्रोविजनल रखा गया है। इनके दस्तावेजों और अन्य औपचारिकताओं के सत्यापन के बाद चयन को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# साजिद कुरैशी द्वारा भव्य रोजा इफ़्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के 176 विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज अंतर्गत मऊ गांव स्थित सैयदना अबू बर्क मदरसे में साजिद कुरैशी द्वारा भव्य रोजा इफ़्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा सांसद आर.के. चौधरी साहब तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर शामिल हुए।

इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने रोजेदारों से मुलाकात की और उनके साथ बैठकर कुशलक्षेम जाना। उन्होंने आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम और सद्भाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर इफ़्तार किया और क्षेत्र में आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की।



इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष राज किशोर रावत राजू जी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य राम किशोर रावत, अरुणेश प्रताप सिंह उर्फ. दल्लू, नितुल शर्मा, राजू कुरैशी, मो. शकील, मो. इरफान, मो. अनस, मो. अकतर, अमीर कुरैशी, अशर्फी लाल धीमान, वाहिद चेयरमैन, आरिफ कुरैशी, अमन असलम, इकबाल अहमद ढोलू,

शान मोहम्मद, हरी शंकर रावत, अनीद अहमद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भाईचारे और सौहार्द से भरा रहा, जिसमें सभी ने मिलकर रोजा इफ़्तार किया और एक-दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश दिया।।

# क्षेत्र के प्रभावितों का हित मेरी प्राथमिकता, दो माह में दें मुआवजा-मंत्री दिलीप जायसवाल

## बिजुरी नगरपालिका सभागार में जमुना-कोतमा और हसदेव क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक

**समाज जागरण**

इंट्रो -क्षेत्र के एक-एक प्रभावित परिवार के हितों की रक्षा करना मेरी प्राथमिकता है। यह बात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)और कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल ने बिजुरी नगरपालिका में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने जमुना-कोतमा और हसदेव क्षेत्र के खदान प्रभावितों की समस्याओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए डोला राम मंदिर के पास निवासरत परिवारों को दो माह के भीतर मुआवजा और विस्थापन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए हैं और सामंजस बैठाते हुए विकास कार्य को गति देने की बात कही गई!

बिजुरी। कोतमा विधायक एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद बिजुरी के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जमुना-कोतमा और हसदेव क्षेत्र के खदान प्रभावित परिवारों के पुनर्वास रोजगार और मुआवजे जैसे गंभीर विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री जायसवाल ने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि प्रभावितों के हक में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**डोला राम मंदिर के पास रहने वाले परिवारों का होगा विस्थापन**

बैठक का मुख्य केंद्र ओपन खदान डोला के अंतर्गत आने वाले राम मंदिर के समीप निवासरत परिवार रहे। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इन प्रभावित परिवारों को दो माह के भीतर मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। साथ ही नियमानुसार उनके विस्थापन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया है ताकि खदान विस्तार के कारण उन्हें किसी भी प्रकार की असुरक्षा का सामना न करना पड़े।



**मूलभूत सुविधाओं के लिए अधिकारियों को अल्टीमेटम**

मंत्री दिलीप जायसवाल ने जमुना-कोतमा और हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधकों और नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, शुद्ध पेयजल और बिजली जैसी अनिवार्य मूलभूत सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में लापरवाही न बरती जाए और प्रभावित लोगों के रोजगार से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए। मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा क्षेत्र के प्रत्येक प्रभावित परिवार के हितों की रक्षा करना और उन्हें उनके अधिकार दिलाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**प्रशासन और कालरी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी रहे मौजूद**

बैठक में प्रशासनिक और कोयला खदान प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। उक्त बैठक मे मुख्य रूप से

प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम कोतमा टी.आर. नाग, नायब तहसीलदार धनीराम सिंह, सीएमओ पवन साहू, इंजीनियर देवल सिंह सहित क्षेत्रीय महाप्रबंधक हसदेव मनोज विशनोई एवं जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक, समस्त खदानों के सब-एरिया मैनेजर एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे ।

# नहर में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव, इलाके में मचा हड़कंप

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, नगराम थाना क्षेत्र के अचलीखेड़ा बैराज के पास इंदिरा नहर में शनिवार को करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव उतराता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। नहर में शव दिखाई देने पर आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगराम और गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से नहर में उतराते शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सुबह के समय कुछ लोग नहर के किनारे से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर पानी में उतराते एक शव पर पड़ी। शव दिखाई देते ही लोगों ने शोर मचाया और आसपास के ग्रामीणों को जानकारी दी।पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों की भी जांच कर रही है ताकि युवक की पहचान हो सके।नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि नहर से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है और आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी जुटाई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। वहीं युवक की पहचान न होने के कारण पुलिस ने आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

# मेले में स्टंटबाजी पड़ी भारी पुलिस ने बाइक सीज कर तीन लोगों का शांति भंग में किया चालान

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, नगराम थाना क्षेत्र के देवती में लगे मेले में बाइक से स्टंट करना एक युवक को भारी पड़ गया। मेले में भारी भीड़ के बीच खतरनाक स्टंटबाजी करने पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया, वहीं तीन लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में चालान किया गया।जानकारी के अनुसार देवती गांव में लगे मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी दौरान एक युवक भीड़भाड़ वाले इलाके में बाइक से खतरनाक स्टंट करने लगा। युवक की इस हरकत से मेले में मौजूद लोगों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बनने लगा।मेले में ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके पर ही बाइक को सीज कर दिया। इसके बाद मामले में युवक के पिता और बहनोई समेत तीन लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में चालान की कार्रवाई की गई।पुलिस के मुताबिक अनुज कुमार और आशीष कुमार निवासी ग्राम छंगाखेड़ा मजरा देवती थाना नगराम लखनऊ तथा शक्ति सिंह निवासी ग्राम उदवत खेड़ा खुजौली थाना मोहनलालगंज के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शांति भंग की धारा में चालान किया गया है।थाना प्रभारी नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि मेले और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्टंटबाजी, हुड़दंग या लोगों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने मेले में आए लोगों से अपील की है कि शांति व्यवस्था बनाए रखें और किसी भी प्रकार की जोखिम भरी हरकत से बचें, ताकि मेले का आयोजन सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

# भारत की राष्ट्रपति ने 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में सहभागिता की

**समाज जागरण**

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (7 मार्च, 2026) पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में सहभागिता की।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि संथाल समुदाय के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे पूर्वज तिलका माझी ने लगभग 240 वर्ष पूर्व शोषण के विरुद्ध विद्रोह का ध्वज उठाया था। उनके विद्रोह के लगभग 60 वर्ष बाद, वीर भाई सिदो-कान्हू और चांद-भैरव ने वीर बहनों फूलो-झानो के साथ मिलकर 1855 में संथाल हुल का नेतृत्व किया था।

राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2003 संथाली समुदाय के इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा। उसी वर्ष संथाली भाषा को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। पिछले वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर, ओल चिकी लिपि में




संथाली भाषा में लिखित भारत का संविधान जारी किया गया था।

राष्ट्रपति ने कहा कि 1925 में पंडित रघुनाथ मुर्मु ने ओल चिकी लिपि का आविष्कार किया था। हाल ही में हमने इस आविष्कार की शताब्दी मनाई है। उनके योगदान ने संथाली भाषी लोगों को अभिव्यक्ति का एक नया द्वार प्रदान किया। उन्होंने "बिदु चंदन", "खेरवाल वीर", "दलगे धन" और "सिदो कान्हू - संथाल हुल" जैसे नाटकों की रचना भी की। इस प्रकार उन्होंने संथाली समुदाय में साहित्य और सामाजिक चेतना का प्रकाश फैलाया। उन्होंने कहा कि संथाल समुदाय के सदस्यों को अन्य भाषाओं और लिपियों का अध्ययन करना चाहिए लेकिन अपनी भाषा से जुड़े रहना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समुदायों ने सदियों से अपने लोक संगीत, नृत्य और परंपराओं को संरक्षित रखा है। उन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को बनाए रखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रकृति संरक्षण का पाठ भावी पीढ़ियों तक पहुँचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोक परंपराओं और पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ-साथ, हमारे आदिवासी समुदायों को आधुनिक विकास को अपनाना चाहिए और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संथाल समुदाय सहित आदिवासी समुदायों के सदस्य प्रगति और प्रकृति के बीच सामंजस्य का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस समय शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करना सबसे जरूरी है। आदिवासी युवाओं को शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से प्रगति करनी चाहिए। लेकिन इन सभी प्रयासों में उन्हें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा और संस्कृति को संरक्षित करने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। इससे हमें एक सशक्त समाज और एक मजबूत भारत के निर्माण में मदद मिलेगी।

# पहले हम कुएँ का खारा पानी पीते थे, अब हमारे घरों में साफ पानी आता है: लक्षद्वीप निवासी ने एलटीटीडी संयंत्र के दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री को बताया

**पहली बार हमने ताजे पानी से बनी चाय का स्वाद चखा: लाभार्थी ने लक्षद्वीप में विलवणीकरण संयंत्रों से पहले के जीवन को याद किया डॉ. जितेंद्र सिंह ने कवरत्ती में विलवणीकरण संयंत्र के लाभार्थियों से बातचीत की**

**समाज जागरण**

पहले हम कुएँ का खारा पानी पीते थे। अब हमारे इलाके में सभी लोग खारे पानी को मीठा करके पीने में इस्तेमाल कर रहे हैं, शुक्रवार को द्वीप में स्थित निम्न तापमान तापीय विलवणीकरण (एलटीटीडी) संयंत्र के दौरे के दौरान केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से बातचीत करते हुए कवरत्ती निवासी अब्दुल रहमान ने यह बात बतायी। रहमान सहित कई अन्य स्थानीय निवासियों ने केंद्रीय मंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लक्षद्वीप द्वीपसमूह में पेयजल की कमी को दूर करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा स्थापित विलवणीकरण सुविधाओं के कामकाज की समीक्षा की।

बातचीत के दौरान, निवासियों ने बताया कि खारे पानी को मीठा बनाने की सुविधा मिलने से द्वीप क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है। इस क्षेत्र में भूजल सीमित है और समुद्र के निकट होने के कारण अक्सर पानी खारा होता है। रहमान ने याद दिलाया कि पहले परिवार अपने घरों के पास के छोटे कुओं पर निर्भर थे, लेकिन पानी अक्सर खारा होता था और हमेशा पीने योग्य नहीं होता था। उन्होंने कहा कि अब जब खारे पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्र चालू हो गए हैं, तो नलों से साफ पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो गया है। एक अन्य निवासी, वलिया बी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि पानी लाना एक दैनिक कार्य हुआ करता था, जिसमें दिन में कई बार कुओं से घरों तक पानी ढोना पड़ता था। उन्होंने कहा, पहले हमें कुएं से पानी घर लाना पड़ता था। अब पानी हमारे दरवाजे पर ही उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री के साथ आए अधिकारियों ने बताया कि एलटीटीडी तकनीक गर्म सतही समुद्री जल और ठंडे गहरे समुद्री जल के तापमान अंतर का उपयोग करके समुद्री जल को पीने योग्य पानी में परिवर्तित करती है। स्थानीय समुदायों को पीने के पानी का स्थायी स्रोत उपलब्ध कराने के लिए लक्षद्वीप के कई द्वीपों में ये संयंत्र स्थापित किए गए हैं। यात्रा के दौरान श्री सिंह ने कहा कि खारे पानी को मीठा करने की यह पहल, जो कवरत्ती में शुरू हुई थी, धीरे-धीरे क्षेत्र के कई अन्य द्वीपों तक फैल गई है। उन्होंने आगामी महासागर तापीय ऊर्जा रूपांतरण (ओटीईसी) परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की, जिससे स्वच्छ बिजली उत्पन्न होने के साथ-साथ ताजे पानी का उत्पादन भी होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसी तकनीकें विशेष रूप से उन द्वीपीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं जहां ताजे पानी के स्रोत कम हैं लेकिन समुद्री जल प्रचुर मात्रा में है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं डीजल आधारित आपूर्ति पर निर्भरता को भी कम कर सकती हैं, जो अक्सर मानसून के दौरान लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियों से प्रभावित होती है। लक्षद्वीप को सीमित ताजे पानी के भंडार, खारेपन की समस्या और वर्षा पर अत्यधिक निर्भरता के कारण विश्वसनीय पेयजल प्राप्त करने में लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले वर्षों में द्वीप की आबादी के लिए पीने योग्य पानी की स्थिर और टिकाऊ आपूर्ति सुनिश्चित करने में विलवणीकरण सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोटा विमान पत्तन की नींव रखी; हड़ौती क्षेत्र के परिवर्तन को दिखाता है

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो संदेश के माध्यम से कोटा विमान पत्तन के शिलान्यास समारोह को संबोधित किया। यह हड़ौती क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री मोदी ने जोर देते हुए कहा, ह्लराजस्थान अभूतपूर्व गति से प्रगति कर रहा है और यह नया विमान पत्तन आर्थिक और औद्योगिक विकास में सहायक होगा।ह्व

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अजमेर की अपनी हालिया यात्रा का उल्लेख किया, जहां हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 21,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर लगातार आयोजित ये कार्यक्रम राज्य के विकास पथ के बारे में सशक्त संदेश देते हैं और बताते हैं कि "ये हमें बताते हैं कि राजस्थान आज कितनी तेजी से प्रगति कर रहा है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ के लिए नई उम्मीदों का दिन है, क्योंकि लगभग 1,500 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक विमान पत्तन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। श्री मोदी ने क्षेत्र के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, "यह आधुनिक विमान पत्तन आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा।"

प्रधानमंत्री ने नवंबर 2023 में अपनी यात्रा को याद करते हुए संतोष व्यक्त किया कि विमान पत्तन के संबंध में जनता से किया गया वादा अब पूरा हो रहा है। उड़ानों के लिए जयपुर या जोधपुर जाने की पिछली असुविधा से मुक्ति का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा, "जब यह विमान पत्तन शुरू होगा, तो यात्रा आसान हो जाएगी और कोटा सहित पूरे क्षेत्र में व्यापार तेजी से बढ़ेगा।"

प्रधानमंत्री ने कोटा को शिक्षा और ऊर्जा दोनों का एक अनूठा केंद्र बताया, जो परमाणु, कोयला, गैस और जल स्रोतों से विद्युत उत्पादन करता है। श्री मोदी ने कोटा डोरिया साड़ियों, कोटा पत्थर और बूंदी के बासमती चावल जैसे स्थानीय कृषि उत्पादों की वैश्विक पहचान की प्रशंसा करते हुए कहा कि "कोटा में इस नए विमान पत्तन से ये संभावनाएं कई गुना बढ़ जाएगी।" क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने श्री मथुराधीश जी और गराडिया महादेव के आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ मुकुंदरा पहाड़ियों जैसे वन्यजीव केंद्रों का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने जोर देते हुए कहा, बेहतर वायु संपर्क से वैश्विक पर्यटक इस क्षेत्र में आएंगे और इसका सीधा लाभ यहां के युवाओं, व्यापारियों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कोटा में हो रही व्यापक संपर्क क्रांति का भी उल्लेख किया जिसमें अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे शामिल है। कृषि आधारित उद्योगों की ओर बढ़ते रुझान पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा, "रेल और सड़क के बाद वायु संपर्क का यह नया अध्याय कोटा के विकास को और गति प्रदान करेगा।"

स्थानीय नेतृत्व के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कोटा से सांसद और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की क्षेत्र की प्रगति के प्रति समर्पण की सराहना की। संसद में श्री बिरला की भूमिका के बारे में बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "वे एक ऐसे शिक्षक हैं जो कुछ बड़े परिवारों के अनुशासनहीन छात्रों का सामना करते समय भी पूरी कक्षा को अच्छे से संभालते हैं। देश के विमानन परिदृश्य पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि विमान पत्तनों की संख्या 2014 में 70 से बढ़कर आज 160 से अधिक हो गई है। दिल्ली के पास नए टर्मिनलों और विमान पत्तनों को विकेंद्रीकृत विकास के उदाहरण के रूप में बताते हुए श्री मोदी ने कहा, "मुझे विश्वास है कि कोटा का यह नया विमान पत्तन भी इसी तरह इस क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा।"

अपने समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने तीव्र प्रगति हासिल करने के लिए "डबल इंजन" सरकार के महत्व और स्पष्ट इरादों पर जोर दिया। उन्होंने एक समृद्ध और सशक्त राज्य की परिकल्पना प्रस्तुत करते हुए कहा कि "विकसित राजस्थान की यह मजबूत नींव विकसित भारत के संकल्प को और अधिक बल प्रदान कर रही है।"

# डॉ. जितेंद्र सिंह ने अधिकारियों और समुद्र विशेषज्ञों के साथ लक्षद्वीप में समुद्र-आधारित विलवणीकरण परियोजनाओं में हुई प्रगति की समीक्षा की

**मंत्री जी ने राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ गहरे समुद्र में पाइपलाइन बिछाने और महासागर तापीय विलवणीकरण प्रणालियों की स्थिति का जायजा लिया**

**समाज जागरण**

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) की ओर से कार्यान्वित की जा रही प्रमुख समुद्र प्रौद्योगिकी परियोजनाओं में हो रही प्रगति की समीक्षा की। इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य जल सुरक्षा को सुदृढ़ करना और द्वीपीय क्षेत्र के लिए संपोषित ऊर्जा समाधानों को प्रोत्साहन देना था।

कवरत्ती में एनआईओटी के वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक के दौरान, मंत्री जी ने द्वीपों में संचालित मौजूदा निम्न तापमान तापीय विलवणीकरण (एलटीटीडी) संयंत्रों के कार्यान्वयन का आकलन किया और कवरत्ती में विकसित हो रही आगामी महासागर तापीय ऊर्जा रूपांतरण (ओटीईसी) संचालित विलवणीकरण सुविधा का जायजा लिया।

अधिकारियों ने मंत्री जी को जानकारी दी कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ओर से एनआईओटी के जरिए स्थापित एलटीटीडी संयंत्र वर्तमान में लक्षद्वीप के आठ द्वीपों में काम कर रहा है, जो इस क्षेत्र में पीने योग्य पानी का एक भरोसेमंद स्रोत प्रदान करता है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से सीमित भूजल संसाधनों, खारे पानी की घुसपैठ और मौसमी बारिश पर निर्भरता जैसी चुनौतियों का सामना करता रहा है। यह तकनीक लगभग 350 से 400 मीटर की गहराई से मिले ठंडे गहरे समुद्र के पानी और गर्म सतही जल के बीच प्राकृतिक तापमान अंतर का इस्तेमाल कर समुद्री जल को पीने योग्य पानी में बदलती है।

मंत्री जी ने संयंत्रों के कार्यान्वयन प्रदर्शन की समीक्षा की और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के अंतर्गत प्रशिक्षित स्थानीय कर्मचारियों के सहयोग से किए जा रहे रखरखाव कार्यों पर चर्चा की। अधिकारियों ने जानकारी दी कि खारे पानी को मीठा बनाकर उपलब्ध कराने से द्वीपों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता में सुधार हुआ है और वर्षा जल संचयन प्रणालियों पर निर्भरता कम हुई है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कवरत्ती में तैयार किए जा रहे देश के पहले ओटीसी-संचालित विलवणीकरण संयंत्र में हुई प्रगति की भी समीक्षा की। इस परियोजना का उद्देश्य समुद्र के प्राकृतिक तापीय अंतर का इस्तेमाल कर एक साथ बिजली और पीने योग्य पानी का उत्पादन करना है। मंत्री जी को जानकारी दी गई कि संयंत्र का सिविल निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और प्रमुख प्रक्रिया उपकरण पहले ही निर्मित हो चुके हैं, जिनकी स्थापना चरणबद्ध तरीके से की जा रही है।

समीक्षा में ओटीसी प्रणाली के लिए 1,000 मीटर से अधिक की गहराई से ठंडा समुद्री जल निकालने के लिए तैयार की गई लगभग 3.8 किलोमीटर लंबी उच्च घनत्व वाली पॉलीइथिलीन पाइपलाइन की तैनाती पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। एनआईओटी के अधिकारियों ने मंत्री को सूचित किया कि कवरत्ती खाड़ी के दक्षिणी किनारे पर पाइपलाइन के खंडों की वेल्डिंग का काम फिलहाल जारी है, और लगभग 250 मीटर पाइपलाइन पहले ही लगा दी गई है। यह पाइपलाइन गहरे समुद्र के ठंडे पानी को तटवर्ती संयंत्र तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएगी, जिससे विलवणीकरण प्रक्रिया और बिजली उत्पादन संभव हो सकेगा।

अधिकारियों के अनुसार, एक बार शुरू हो जाने पर, इस संयंत्र की विलवणीकरण क्षमता प्रतिदिन लगभग 100 घन मीटर पीने योग्य जल की होगी और यह डीजल आधारित बिजली पर निर्भर नहीं रहेगा, जो वर्तमान में द्वीपों के अधिकांश इंफ्रास्ट्रक्चर को बिजली प्रदान करती है। इस परियोजना से ईंधन पर निर्भरता कम होने के साथ-साथ द्वीप समुदाय की दीर्घकालिक ऊर्जा और जल की जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद है।

समीक्षा के दौरान, मंत्री जी ने द्वीप और तटीय क्षेत्रों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों का समाधान करने वाली स्वदेशी समुद्री प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने परियोजना में शामिल वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के साथ भी चर्चा की और कार्यान्वयन के बाकी चरणों की समय-सीमा की समीक्षा की।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने जानकारी दी कि एलटीटीडी सुविधाओं और आगामी ओटीईसी-संचालित विलवणीकरण संयंत्र की संयुक्त प्रगति द्वीपीय क्षेत्रों में संपोषित विकास के लक्ष्यों के साथ समुद्री विज्ञान को एकीकृत करने की दिशा में एक कदम है। एक बार शुरू हो जाने पर, इन पहलों से जल सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ-साथ उष्णकटिबंधीय समुद्री वातावरण में स्वच्छ ऊर्जा के मौकों की खोज करने की उम्मीद है।

# भारत-ब्रिटेन हरित हाइड्रोजन मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल सम्मेलन में सुरक्षित हरित हाइड्रोजन उत्पादन के विस्तार के लिए सहयोग को आगे बढ़ाया गया

**नई दिल्ली में आयोजित उच्च स्तरीय सम्मेलन में नीति निमार्ता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए**

**समाज जागरण**

भारत-ब्रिटेन हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल सम्मेलन का आयोजन 27 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में किया गया। इसमें दोनो देशों की सरकार, उद्योग, शिक्षा जगत, मानक निकायों, परीक्षण संस्थानों, अनुसंधान संगठनों और नियामक एजेंसियों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया ताकि भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत हरित हाइड्रोजन के सुरक्षित उपयोग पर सहयोग को मजबूत किया जा सके।

यह सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के समर्थन में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) ने भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतरराष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चचाएँ हुईं। इनमें उत्पादन, भंडारण, परिवहन और अंतिम उपयोग अनुप्रयोग




शामिल हैं।

उद्घाटन सत्र का प्रारंभ राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान के महानिदेशक मोहम्मद रिहान के संदर्भ-निर्धारण संबंधी संबोधन से हुआ। इसके बाद नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के मिशन निदेशक अभय बकरे, भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव (व्यापार) जिनूस शरियाती, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के सचिव अंजन कुमार मिश्रा और भारत में ब्रिटिश उच्चायोग के प्रथम सचिव (जलवायु और ऊर्जा) लौरा आयलेट ने विशेष संबोधन दिए।

भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के वैज्ञानिक सचिव परविंदर मैनी ने मुख्य भाषण देते हुए, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के बड़े पैमाने पर उपयोग को सक्षम बनाने के लिए मजबूत सुरक्षा ढांचे, मानक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर बल दिया।

सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण हाइड्रोजन सुरक्षा और मानकों के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय नियामकों की भागीदारी थी। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) ने हाइड्रोजन प्रणालियों के लिए सुरक्षा अनुपालन, जोखिम मूल्यांकन और आपदा प्रबंधन पर नियामक दृष्टिकोण साझा किया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने विकसित हो रहे मानक ढांचे और भारतीय हाइड्रोजन मानकों को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने के लिए चल रहे प्रयासों पर जानकारी प्रस्तुत की।

सम्मेलन के तकनीकी सत्रों में उद्योग, शिक्षा जगत और अनुसंधान संस्थानों के प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में सुरक्षा प्रथाओं पर प्रस्तुतियाँ और चचाएँ शामिल थीं। वक्ताओं में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, एनटीपीसी लिमिटेड, ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, अरूप, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के प्रतिनिधि शामिल थे। सत्रों में हाइड्रोजन के अंतिम उपयोग अनुप्रयोगों में सुरक्षा प्रथाओं, हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण और परिवहन प्रणालियों के सुरक्षित डिजाइन और संचालन, जोखिम मूल्यांकन पद्धतियों, घटना केस स्टडी और हाइड्रोजन सुरक्षा के लिए उन्नत सेंसर प्रौद्योगिकियों और एआई-सक्षम निगरानी जैसे उभरते नवाचारों को शामिल किया गया। सम्मेलन का समापन भारत और यूके द्वारा मानकों के विकास, नियामक क्षमता निर्माण और सुरक्षा ढाँचों पर सहयोग को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ, ताकि हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के विश्वसनीय और बड़े पैमाने पर उपयोग को समर्थन मिल सके।

सम्मेलन का समापन भारत और ब्रिटेन के बीच सुदृढ़ मानकों, नियामक ढाँचों और सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने के लिए सहयोग को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ ताकि हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के सुरक्षित और व्यापक स्तर पर उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके। उम्मीद है कि ये विचार-विमर्श राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत चल रहे प्रयासों में योगदान देंगे। इसका उद्देश्य एक व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और भारत में एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाना है।

# भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने स्विट्जरलैंड के दूतावास और जीईएसडीए के साथ मिलकर नई दिल्ली में एंटीसिपेटरी लीडरशिप लैब की मेजबानी की

**समाज जागरण**

भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने भारत में स्विट्जरलैंड के दूतावास और जिनेवा साइंस एंड डिप्लोमेसी एंटीसिपेटर (जीईएसडीए) के साथ मिलकर 6 मार्च 2026 को नई दिल्ली में एक ह्यएंटीसिपेटरी लीडरशिप लैब (पूवार्नुमानित नेतृत्व प्रयोगशाला) की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में भारत और स्विट्जरलैंड के प्रमुख संस्थागत नेताओं ने भाग लिया। इनमें भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय सूद, स्विट्जरलैंड के विदेश मामलों के राज्य सचिव राजदूत अलेक्जेंडर फासेल, वैज्ञानिक सचिव डॉ. परविंदर मैनी, भारत में स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी और जीईएसडीए की महानिदेशक प्रोफेसर मैरीलीन एंडरसन शामिल थे।

जीईएसडीए के साइंस ब्रेकथ्रू रडार और पूवार्नुमान आधारित विज्ञान कूटनीति के ढांचे पर आधारित इस लैब में शिक्षा जगत, सरकार, राजनयिक मिशनों, डीपटेक स्टार्टअप्स, व्यावसायिक संस्थाओं और नागरिक समाज संगठनों के 60 नेताओं ने भाग लिया। इसका उद्देश्य एक संरचित, बहु-हितधारक संवाद के माध्यम से उभरती वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय प्रगतियों का पूवार्नुमान लगाने और उनके प्रभावी नियंत्रण की सामूहिक क्षमता को मजबूत करना था। चर्चा मुख्य रूप से क्वांटम कंप्यूटिंग, एआई, सिंथेटिक बायोलॉजी और न्यूरोटेक्नोलॉजी में हो रहे अनुसंधान की प्रगति पर केंद्रित रही, जिनके आने वाले 5, 10 और 25 वर्षों में समाज और दुनिया पर गहरा प्रभाव डालने की संभावना है।

सभा को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सूद ने कहा, ह्लजैसे-जैसे प्रौद्योगिकी परिपक्व होती है और बहुत ज्यादा बदलाव पैदा होता है, तब एक



गवर्नेंस गैप दिखाई देने लगता है। पारंपरिक प्रतिक्रियात्मक चक्र तब पर्याप्त था, जब परिवर्तन की गति दशकों में मापी जाती थी, लेकिन अब यह पर्याप्त नहीं है। क्वांटम कंप्यूटिंग, कृत्रिम सामान्य बुद्धि, सिंथेटिक बायोलॉजी, न्यूरोटेक्नोलॉजी जैसी प्रौद्योगिकियां दूर की बातें नहीं है - ये अगले पच्चीस वर्षों के दौरान निर्णायक होंगी। अगले पांच से दस वर्षों में हमारे द्वारा लिए गए शासन संबंधी निर्णय यह तय करेंगे कि ये प्रौद्योगिकियां मानवता की सेवा कितने प्रभावी ढंग से करती हैं।

राजदूत फासेल ने कहा, स्विस सरकार के लिए वैज्ञानिक उपलब्यिों का पूवार्नुमान लगाना और उन्हें समझना अब विलासिता नहीं, बल्कि एक कूटनीतिक आवश्यकता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक मुख्य मुद्रा बन चुकी है, जो वैश्विक स्तर पर समृद्धि, संप्रभुता और सुरक्षा को प्रभावित करते हैं। इसलिए स्विट्जरलैंड ने अपनी विदेश नीति में पूवार्नुमान आधारित विज्ञान कूटनीति को प्राथमिकता दी है। भारत के साथ हमारा सहयोग दो वैश्विक इनोवेशन लीडर्स की एक साझा दृष्टि को दशार्ता है - जहां अत्याधुनिक उत्कृष्टता भारत के लाखों लोगों तक नवाचार पहुंचाने की अनूठी क्षमता के साथ मिलती है।

जीईएसडीए की महानिदेशक प्रोफेसर मैरीलीन एंडरसन ने कहा, पूवार्नुमान आधारित विज्ञान कूटनीति हमें तेजी से आगे बढ रही वैज्ञानिक उपलब्धियों को मानवता के हित में उपयोग करने में सक्षम बनाती है, इससे पहले कि वे वैश्विक विभाजन और असमानताओं को बढाएं। यह निर्णय-निर्माण को ठोस वैज्ञानिक आधार पर स्थापित करती है और बातचीत को प्रतिस्पर्धा या त्वरित समाधान के दवाब से मुक्त रखती है। यह नीति-निमार्ताओं, राजनयिकों, वैज्ञानिकों, नवप्रवर्तकों और नागरिकों को विभिन्न भौगोलिक, सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक संदर्भों में एक साथ चर्चा का अवसर प्रदान करती है।

इस एक्सरसाइज के दौरान प्रतिभागियों ने एक दूरदर्शी विचार-मंथन सत्र में भाग लिया, ताकि यह जांचा जा सके कि उभरती प्रौद्योगिकियां अल्पावधि, मध्यावधि और दीर्घावधि में भारत और वैश्विक परिदृश्य को कैसे आकार दे सकती है। विचार-विमर्श का केंद्र लोक नीति, कूटनीति और उद्योग के लिए प्रमुख अवसरों और जोखिमों की पहचान करना तथा दीर्घकालिक सहयोग और सहभागिता के संभावित मार्ग सुझाना था। यह चर्चा इस सिद्धांत पर आधारित थी कि परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों के लिए शासन ढांचे 'विज्ञान पूवार्नुमान' पर आधारित होने चाहिए। यदि संभावित प्रौद्योगिकीय उपलब्धियों और उनके प्रभावों के प्रारंभिक चरण में व्यवस्थित पहचान की जाए, तो देश सहयोग और सामूहिक जोखिम-मूल्यांकन के लिए पर्याप्त अवसर बना सकते हैं, इससे पहले कि प्रतिस्पर्धा, भू-राजनीतिक विभाजन या संकट-आधारित प्रतिक्रियाएं, वैश्विक प्रौद्योगिकीय परिदृश्य पर हावी होने लगें।

# भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर

**समाज जागरण**

डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर देशों के शासन करने, लेन-देन करने और सर्विस देने के तरीके को बदल रहा है। इस बदलाव में, भारत डिजिटल सिस्टम के बड़े यूजर से बढ़कर आबादी के हिसाब से डिजिटल आर्किटेक्चर बनाने वाला बन गया है। भारत के नजरिए की खासियत इसका स्केल, खुलापन और इंटीग्रेशन है। पहचान, पेमेंट और डेटा एक्सचेंज को इंटर-ऑपरेबल पब्लिक रेल के जरिए जोड़ा गया है जो वेलफेयर डिलीवरी, इकोनॉमिक एक्टिविटी और राज्य की क्षमता को सपोर्ट करते हैं। जैसे-जैसे दुनिया भर के देश भरोसेमंद और सबको साथ लेकर चलने वाले डिजिटल रास्ते खोज रहे हैं, भारत का अनुभव लगातार ध्यान खींच रहा है। यह मॉडल दिखाता है कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को एक बंद प्लेटफॉर्म के बजाय एक पब्लिक गुड के तौर पर डिजाइन किया जा सकता है। यह दिखाता है कि सबको साथ लेकर चलना और कुशलता एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। ऐसा करके, भारत लगातार इस बात पर ग्लोबल बातचीत को आकार दे रहा है कि इक्कीसवीं सदी में डिजिटल सिस्टम कैसे बनाए और चलाए जाने चाहिए।

**ग्लोबल डिजिटल मोमेंट: डीपीआई क्यों जरूरी है?**

आज इंफ्रास्ट्रक्चर सिर्फ.सड़कों, बंदरगाहों और पावर ग्रिड तक सीमित नहीं है। यह डिजिटल है। यूनाइटेड नेशंस डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बुनियादी डिजिटल सिस्टम के एक सेट के तौर पर बताता है, जो मॉडर्न समाज की रीढ़ हैं। ये सिस्टम लोगों, बिजनेस और सरकारों के बीच सुरक्षित और बिना रुकावट के बातचीत को मुमकिन बनाते हैं। पहचान वेरिफाई करने और बैंक अकाउंट खोलने से लेकर तुरंत डिजिटल पेमेंट और सुरक्षित डेटा एक्सचेंज को मुमकिन बनाने तक, डीपीआई रोजमर्रा की ज़िंदगी को आकार देता है। जैसे रेलवे कभी इलाकों को मौकों से जोड़ता था, वैसे ही डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर अब यह तय करता है कि मॉडर्न इकॉनमी में कौन सर्विस, मार्केट और अधिकारों का इस्तेमाल कर सकता है।

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से लोगों को फायदा हो, इसके लिए यह जरूरी है कि वह सबको साथ लेकर चलने वाला, आपस में काम करने वाला और लोगों के हित में चलने वाला हो। एक अच्छी तरह से डिजाइन किया गया डिजिटल आइडेंटिफि केशन सिस्टम सब्सिडी डिलीवरी, वोटर रजिस्ट्रेशन और सुरक्षित बैंकिंग में मदद कर सकता है। जब इसे पेमेंट और डेटा एक्सचेंज फ्रेमवर्क से जोड़ा जाता है, तो यह एक ऐसा आर्किटेक्चर बनाता है जो राज्य की क्षमता को मजबूत करता है और मौके बढ़ाता है।

इस बैकग्राउंड में, भारत का अनुभव इस बात का एक काम करने वाला उदाहरण है कि बड़े पैमाने पर डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर क्या हासिल कर सकता है। भारत ने बहुत कम लागत पर 1.4 बिलियन से ज्यादा लोगों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है। यह एक खुला और आसानी से मिलने वाला नेटवर्क है, जिसे रेगुलेशन और कई तरह के एप्लिकेशन का सपोर्ट है जो इकॉनमी को मॉडर्न बनाते हैं, गवर्नेंस में सुधार करते हैं और ज़िंदगी बदलते हैं। भारत के मामले में, सबको साथ लेकर चलना, इनोवेशन और भरोसे के सिद्धांत इसके डीपीआई इकोसिस्टम की ऑपरेशनल सच्चाई हैं। बड़े पैमाने पर, और मापने लायक असर के साथ, भारत ने दिखाया है कि डिजिटल सिस्टम विकास को तेज करते हुए डेमोक्रेसी को और मजबूत कर सकते हैं।

**भारत के डीपीआई की नींव: जैम ट्रिनिटी**

भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रातों-रात नहीं बना। इसे पहचान, बैंकिंग और कनेक्टिविटी के सोचे-समझे मेल से बनाया गया था। इस मेल ने जैम ट्रिनिटी का रूप लिया। जन धन बैंक अकाउंट, आधार एनरोलमेंट और बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन की पहुंच ने भारत के डिजिटल बदलाव के लिए बेस लेयर बनाया। इन सबने मिलकर लोगों को सीधे और वेरिफाई किए जा सकने वाले तरीके से सरकार से जोड़ा। जैम के जरिए, वेलफेयर बेनिफिट सीधे बैंक अकाउंट में जाने लगे। बिचौलिए कम हो गए। देरी कम हो गई। लीकेज कम हो गया। इस इंटीग्रेशन के पैमाने ने उस चीज की नींव रखी जो बाद में एक बड़े ह्लइकोसिस्टम में बदली।

आधार ने देश भर के लोगों के लिए बायोमेट्रिक बेस्ड डिजिटल आइडेंटिटी प्लेटफॉर्म पेश किया। इसने अच्छी सर्विस डिलीवरी के लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन और सिक्योर ऑथेंटिकेशन को मुमकिन बनाया। मार्च 2026 तक, 144 करोड़ से ज्यादा आधार नंबर जेनरेट किए जा चुके थे। इसका इस्तेमाल रोजमर्रा के सिस्टम में गहराई से इंटीग्रेशन दिखाता है।

# सड़क हादसे में तीन की दर्दनाक मौत, तेज रफ्तार चार पहिया वाहन और मोटरसाइकिल की टक्कर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



बहादुरगंज-ठाकुरगंज मुख्य मार्ग (एनएच-327ई) पर खैखाट चौक के समीप शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार चार पहिया वाहन और
मोटर साइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इस भीषण दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार एक अन्य व्यक्ति और एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी भी मौत हो गई।
मृतक मोटरसाइकिल चालक की पहचान ताराबाड़ी निवासी शादाब आलम (करीब 30 वर्ष) के रूप में हुई है। बाइक पर सवार दूसरे मृतक नजीर अहमद (26 वर्ष) भी ताराबाड़ी के निवासी थे, जबकि तीसरे मृतक की पहचान राहगीर शाह आलम के रूप में हुई है।
घटना की सूचना मिलते ही बहादुरगंज थाना अध्यक्ष संदीप कुमार, पौआखाली थाना अध्यक्ष अंकित कुमार सिंह तथा एडीपीओ गौतम कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, किशनगंज भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है।
स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब शादाब आलम इफ्तार के बाद किसी आवश्यक कार्य से ताराबाड़ी से लोहागाड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ठाकुरगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। बहादुरगंज थाना अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि मामले में अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

# निविदा प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप, संवेदकों ने डीएम से की जांच की मांग

**वीरेंद्र चौहान समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




किशनगंज। भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल किशनगंज द्वारा जारी अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 37/2025-26 को लेकर संवेदकों ने अनियमितता का आरोप लगाया है। इस संबंध में पंजीकृत संवेदक ओसामा रेजा, मकतूब सहित अन्य संवेदकों ने जिलाधिकारी विशाल राज को आवेदन देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। संवेदकों का कहना है कि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 6 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे निर्धारित थी, लेकिन विभाग की ओर से आवेदन स्वीकार करने में टालमटोल किया गया, जो निविदा नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि समय-सीमा के भीतर भी आवेदन लेने में विभाग द्वारा अनावश्यक देरी की गई, जिससे निविदा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।
विभाग द्वारा जारी निविदा के अनुसार परिमाण विपत्र (बीओक्यू) की बिक्री की अंतिम तिथि 5 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे तक तय की गई थी, जबकि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 6 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे निर्धारित की गई थी। निविदा खोलने का समय उसी दिन अपराह्न 3:30 बजे तय किया गया था।
निविदा के तहत न्यायिक पदाधिकारी कॉलोनी, डुमरिया में एडीजे-1 एवं एडीजे-2 तथा पीओ क्वार्टर के पेंटिंग कार्य और किचेन-बाथरूम के जीर्णोद्धार, व्यवहार न्यायालय किशनगंज में सीजेएम कोर्ट के जीर्णोद्धार व रूफ ट्रीटमेंट, रिकॉर्ड रूम में स्टील रैक लगाने सहित कई कार्यों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आवास और परिसर के जीर्णोद्धार तथा चहार दीवारी निर्माण से संबंधित कार्य भी इसमें शामिल हैं।
संवेदकों का आरोप है कि निविदा प्रक्रिया के दौरान अब तक विभाग की ओर से बीओक्यू उपलब्ध नहीं कराया गया है और न ही निविदा रद्द किए जाने से संबंधित कोई आधिकारिक सूचना जारी की गई है। जबकि विभागीय स्तर पर टेंडर रद्द होने की केवल मौखिक जानकारी दी जा रही है।
संवेदकों ने यह भी आरोप लगाया कि आवेदन जमा करने के दौरान विभाग द्वारा टालमटोल किया गया, जिससे निविदा प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न हो गया है। उनका कहना है कि पूरी प्रक्रिया को किसी खास पक्ष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रभावित किए जाने की आशंका है। संवेदकों ने जिलाधिकारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर पारदर्शी तरीके से निविदा प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की है।

# आरटीआई में सूचना देने से इनकार, पत्रकार ने डीएम से की कार्रवाई की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने को लेकर एक आरटीआई कार्यकर्ता सह पत्रकार ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। रुईधाशा वार्ड संख्या-24 निवासी पत्रकार धर्मेन्द्र सिंह ने भवन प्रमंडल किशनगंज पर सूचना छिपाने और भ्रामक जवाब देने का गंभीर आरोप लगाया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मेन्द्र सिंह ने 02 जनवरी 2026 को लोक सूचना पदाधिकारी, भवन प्रमंडल किशनगंज को आरटीआई आवेदन देकर निरीक्षण भवन (आईबी) के निर्माण पूर्ण होने के बाद से अब तक उसके रख-रखाव के लिए निकाली गई सभी निविदाओं से संबंधित जानकारी मांगी थी। आवेदन में निकाली गई निविदाओं की संख्या, निविदाकारों के नाम-पते, स्वीकृत राशि, किसके पक्ष में निविदा स्वीकृत हुई, संबंधित ठेकेदार का नाम तथा निविदा में जमा दस्तावेजों की अभिप्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। इसके साथ 10 रुपये का भारतीय पोस्टल ऑर्डर भी संलग्न किया गया था।
आरोप है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। बाद में भवन प्रमंडल किशनगंज के कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार सिंह ने कार्यालय पत्रांक-137, दिनांक 29 जनवरी 2026 के माध्यम से सूचना देने से इनकार करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4(1)(घ) एवं 8(1)(घ) का हवाला दिया और मांगी गई सूचना को अस्पष्ट तथा प्रकटीकरण योग्य नहीं बताया।
आरटीआई कार्यकर्ता धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि मांगी गई सूचना किसी व्यक्ति की गोपनीयता या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी नहीं है, बल्कि सरकारी धन के उपयोग और प्रशासनिक पारदर्शिता से संबंधित है। ऐसे में सूचना देने से इनकार करना आरटीआई अधिनियम की भावना के विपरीत है और इससे विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। सूचना नहीं मिलने पर उन्होंने 06 फरवरी 2026 को प्रथम अपील दायर करते हुए जिलाधिकारी सह प्रथम अपीलीय प्राधिकार, किशनगंज से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। साथ ही लोक सूचना पदाधिकारी को सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश देने और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है। प्रथम अपील के साथ भी 10 रुपये का भारतीय पोस्टल ऑर्डर संलग्न किया गया है। आवेदक ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र सूचना उपलब्ध कराने तथा लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# नबीनगर पैक्स चुनाव : दूसरा दिन कुल 76 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर पैक्स चुनाव के लिए नामांकन के दूसरा एवं आखिरी दिन संपन्न हो गया। नामांकन दाखिल को लेकर प्रखंड कार्यालय के बाहर उम्मीदवारों के समर्थकों में काफी गहमागहमी रही ।उम्मीदवारों के समर्थकों ने अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में जमकर नारे लगाए ।नामांकन के आखिरी दिन शनिवार को 8 लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए और 68 लोगों ने सदस्य पद के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया। निवार्ची पदाधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि कुल 7 पैक्स का चुनाव होना है, जिसमें महुआव, नाउर, तोल, मूंगिया, बसडीहा, खजुरी पांडु और टंडवा पैक्स शामिल हैं ।अध्यक्ष पद के लिए महुआव से अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बरुण सिंह,नाउर से शिवशंकर सिंह,टंडवा से संजय कुमार पासवान, बसडीहा से दीपक तिवारी,खजुरी पांडु से अमृत कुमार सिंह,मूंगिया से डॉक्टर प्रसाद सिंह,दिलीप यादव और तोल पंचायत से उमाकांत सिंह उर्फ टिंकू सिंह ने नामांकन दाखिल किया है ।वहीं सदस्य पद के लिए महुआव पैक्स से 7, नाउर से 11 ,बसडीहा से 11, खजुरी पांडु से 9 ,मूंगिया से 12 तोल पैक्स से 8 ,टंडवा पैक्स से 10 लोगों ने सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया । निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन के लिए कुल 3 टेबल बनाया गया जहां उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया ।बीडीओ ने बताया कि चुनाव में 11 तारीख को नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा ।वहीं वोटिंग 18 मार्च को और मतगणना 19 मार्च को निर्धारित है ।नामांकन में सहयोग के लिए शिक्षक धनंजय सिंह,मनीष कुमार,संजीव कुमार सिंह,आनंद कुमार,मुकेश कुमार,रामजय कुमार, शैलेंद्र कुमार,सुशील कुमार सहित अन्य प्रखंड कार्यालय कर्मी शामिल थे ।वही सुरक्षा व्यस्था के लिए नबीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के औचक निरीक्षण में कई अनियमितताएं उजागर, बंद मिले चार केंद्र

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




07 मार्च। जिला पदाधिकारी विशाल राज के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिस पर जिला प्रशासन ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, बच्चों की वास्तविक उपस्थिति, पोषण आहार की व्यव स्था, अभिलेख संधारण तथा आधारभूत संरचना की स्थिति की जांच करना था।
औचक निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी मो. जफर आलम ने कोचाधामन प्रखंड के डेरामारी पंचायत, वरीय उप समाहर्ता सुनीता कुमारी ने ठाकुरगंज प्रखंड के नगर क्षेत्र, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अंकिता सिंह ने पोठिया प्रखंड के छतरगाछ पंचायत, जिला योजना पदाधिकारी कुंदन कुमार सिंह ने बहादुरगंज प्रखंड के डांगी पंचायत, डीआरडीए निदेशक शशिम सौरभ मणि ने टेढ़ागाछ प्रखंड के कालपी पंचायत, परियोजना पदाधिकारी सह निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम मनोज कुमार ने किशनगंज प्रखंड के हालामाला तथा सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग आलोक कुमार भारती ने दिघलबैंक प्रखंड के तुलसिया पंचायत के कुल 57 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों में पोषण आहार का भोजन तैयार नहीं पाया गया, जिसे गंभीर लापरवाही मानते हुए इसकी जांच के आदेश दिए गए हैं। कई केंद्रों पर बच्चों की वास्तविक उपस्थिति बेहद कम पाई गई, जबकि उपस्थिति पंजी में सभी बच्चों की उपस्थिति दर्ज कर दी गई थी। इस गड़बड़ी को लेकर अभिलेखों और संबंधित पंजियों की विस्तृत जांच कराई जाएगी।
निरीक्षण के दौरान चार आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह बंद पाए गए। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित सेविका और जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई केंद्रों का पर्यवेक्षण नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। पर्यवेक्षक और संबंधित सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना पदा धिकारी) द्वारा केंद्रों का समय-समय पर निरीक्षण नहीं किए जाने के कारण ऐसी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले में सेविका, सहायिका के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने कहा है कि निरीक्षण से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर सभी मामलों में आवश यकतानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पटना में महिलाओं का प्रदर्शन, नीतिश कुमार की वापसी की मांग तेज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ के मनोहरपुर कछुआरा स्थित महादलित टोले में शनिवार को आयोजित जनसभा में दर्जनों महिलाओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतिश कुमार को दिल्ली भेजे जाने का विरोध करते हुए उनकी तत्काल बिहार वापसी की मांग की। सभा के दौरान महिलाओं ने नीतिश कुमार वापस आओ के नारे लगाए और कहा कि अगर उनकी आवाज नहीं सुनी गई तो वे सड़क पर उतरकर व्यापक धरना-प्रदर्शन करेंगी। सभा में प्रतिमा देवी की अगुवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने कहा कि नीतिश कुमार के शासनकाल में गरीबों और कमजोर वर्गों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू हुईं, जिससे उनके जीवन में बदलाव आया। हर घर नल-जल योजना, बेहतर राशन वितरण व्यवस्था, जीविका समूहों को आर्थिक सहायता और मुफ्त बिजली जैसी योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचा और गरीब परिवारों को राहत मिली। महिलाओं ने कहा कि नीतिश कुमार के राज में कानून व्यवस्था बेहतर थी और महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करती थीं। कई महिलाओं ने कहा कि नीतिश कुमार के शासन में हम लोग रात 12 बजे भी कहीं से घूमकर घर आ सकते थे। महिलाओं को डर नहीं लगता था और माहौल अच्छा रहता था। सभा में महिलाओं ने यह भी कहा कि उन्होंने नीतिश कुमार के नाम पर ही वोट दिया था। हम लोगों ने नीतिश कुमार के नाम पर वोट दिया और उन्हीं पर भरोसा किया। अब वह किस परेशानी में या किसके दबाव में दिल्ली जा रहे हैं, यह हम लोगों को समझ में नहीं आ रहा है। महिलाओं ने कहा कि वे गरीब जरूर हैं, लेकिन नीतिश कुमार के शासन में उनके जीवन में विकास हुआ और कई सुविधाएं गांव तक पहुंचीं। महिलाओं का कहना था कि नीतिश कुमार के समय गांव का माहौल बेहतर हुआ, युवाओं को काम मिला और कई लोगों को रोजगार के लिए आर्थिक सहायता भी मिली। जीविका समूहों और अन्य योजनाओं के माध्यम से गरीब परिवारों की आय बढ़ी और लोगों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलने और दबाव बनाने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल बन रहा है। उनका कहना था कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो गुंडाराज बढ़ जाएगा और गरीबों व महिलाओं की परेशानियां और बढ़ेंगी। प्रदर्शन में शारदा देवी, सीमा देवी, रंगिया देवी, चुलबुल देवी, संजू देवी, रंजू देवी, चंपा देवी, उषा देवी और सरबतिया देवी सहित कई महिलाएं मौजूद थीं। सभा के अंत में महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे शांतिपूर्ण लेकिन बड़े स्तर पर धरना और विरोध-प्रदर्शन करेंगी।

# बसडीहा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दीपक तिवारी ने ढोल बाजे के साथ किया नामांकन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बसडीहा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन के आखिरी दिन निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष दीपक तिवारी ने



ढोल बाजे सिंघा के साथ नामांकन दाखिल किया ।दीपक तिवारी के नामांकन में बड़ी संख्या में पंचायत के कृषक मतदाता एवं उनके समर्थक शामिल रहे। मौके पर दीपक तिवारी ने कहा कि अध्यक्ष पद के चुनाव वैसे तो अन्य प्रत्याशी भी मैदान में हैं लेकिन उनका किसी से मुकाबला नहीं है और वे भरी जनमत के साथ चुनाव में जीत हासिल करेंगे ।उन्होंने कहा कि पैक्स अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल निर्विवाद रहा है वे किसानों के मुद्दे को लेकर हमेशा संघर्षशील रहे है और यही कारण है कि क्षेत्र में वे किसानों के बीच लोकप्रिय रहे है जिसका लाभ पुनः इस चुनाव में उनको मिलने वाला है।

# मां की प्रेरणा से गौरव कुमार ने पाई यूपीएससी में सफलता

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बेऊर जेल रोड इलाके के रहने वाले गौरव कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 338वां स्थान हासिल कर अपने परिवार और इलाके का नाम रोशन किया है। पिता के निधन के बाद भी कठिन परिस्थितियों में लगातार मेहनत करते हुए उन्होंने यह सफलता प्राप्त की। गौरव कुमार के पिता स्व. अरविन्द्र कुमार घोष अब इस दुनिया में नहीं हैं। पिता के नहीं रहने के बावजूद उनकी मां सोनामती कुमारी ने बेटे को हर कदम पर हिम्मत और प्रेरणा दी। मां के उत्साहवर्धन और अपने दृढ़ संकल्प के बल पर गौरव कुमार ने वर्षों की कठिन तैयारी के बाद यह मुकाम हासिल किया। बताया जाता है कि गौरव कुमार पिछले कई वर्षों से यूपीएससी की तैयारी में जुटे हुए थे। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन और अनुशासन ने आखिरकार उन्हें सफलता दिलाई। परिवार के लोगों का कहना है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लगातार मेहनत करते रहे। गौरव कुमार का घर बेऊर जेल रोड, पाटलीपुत्र केंद्रीय विद्यालय के पीछे, शिवाजीनगर, पटना में है। उनकी सफलता की खबर मिलते ही इलाके में खुशी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और परिचितों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवार के लोगों का कहना है कि गौरव कुमार की इस उपलब्धि में उनकी मां की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने हमेशा बेटे को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कठिन समय में उसका हौसला बढ़ाया। आज उसी मेहनत और त्याग का परिणाम है कि गौरव कुमार ने देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल की है।

# केवाईसी नही कराने पर राशन जार्ड से कट सकती है नाम

31 नरक तक है केवाईसी कराने की तिथि

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में राशन कार्डधारियों के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। राज्य के सभी लाभुकों के लिए अब इलेक्ट्रॉनिक पहचान सत्यापन प्रक्रिया (ई-केवाईसी) कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुकों को भविष्य में खाद्यान्न योजना के लाभ से वंचित किया जा सकता है। शुरूआत में लाभुकों को ई-केवाईसी कराने के लिए 15 फरवरी तक का समय दिया गया था, लेकिन प्रक्रिया की धीमी गति को देखते हुए इसकी अंतिम तिथि पहले 28 फरवरी और अब बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी जिलों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक लाभुक का ई-केवाईसी सुनिश्चित कराएं। इसी बीच विभाग ने संदिग्ध राशन कार्डधारियों की जांच भी तेज कर दी है। राज्य में 57 लाख से अधिक कार्डधारियों को संदिग्ध सूची में रखा गया है। अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि इन मामलों की शीघ्र जांच कर उनका निष्पादन किया जाए। जांच के दौरान संदिग्ध लाभुकों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और यदि उनका उत्तर संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उनके नाम राशन सूची से हटाए जा सकते हैं। अब तक 33 लाख से अधिक नाम हटाने वाली सूची में शामिल किए जा चुके हैं। जिन जिलों में ई-केवाईसी की प्रक्रिया सबसे अधिक लंबित है, उनमें वैशाली, सीवान, सीतामढ़ी, औरंगाबाद, समस्तीपुर, पूर्वी चंपारण, दरभंगा, पश्चिम चंपारण और अररिया प्रमुख हैं। अधिकारियों के अनुसार जागरूकता की कमी और सही जानकारी नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में लाभुक अभी तक ई-केवाईसी नहीं करा पाए हैं। इसके अलावा कई लोग रोजगार या अन्य कारणों से राज्य से बाहर रहने के कारण भी यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी कराने के लिए लाभुकों को बिहार आने की आवश्यकता नहीं है। देश के किसी भी राज्य में रहने वाले राशन कार्डधारी अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली की दुकान पर जाकर यह प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकते हैं। इसलिए लाभुकों को सलाह दी गई है कि वे समय रहते ई-केवाईसी कराकर अपनी खाद्यान्न योजना का लाभ सुरक्षित रखें।

# नबीनगर के तोल पंचायत से उमाकांत सिंह को निर्विरोध चुना जाना तय

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के तोल पंचायत से पैक्स चुनाव में शनिवार को आखिरी दिन पूर्व मुखिया एवं पूर्व पैक्स अध्यक्ष रहे उमाकांत सिंह उर्फ टिंकू सिंह ने नामांकन दाखिल किया ।टिंकू सिंह के नामांकन में बड़ी संख्या



में समर्थक और किसान मतदाता शामिल रहे। तोल पंचायत से एकमात्र नामांकन टिंकू सिंह के दाखिल होने से उनकी निर्विरोध चयन होने का रास्ता साफ हो गया है नामांकन वापसी के आखिरी दिन उन्हें निर्विरोध चुने जाने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी किए जाने की संभावना है ।बीडीओ ने बताया कि चुनाव में 11 तारीख को नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा ।वहीं वोटिंग 18 मार्च को और मतगणना 19 मार्च को निर्धारित है। टिंकू सिंह के नामांकन में जिला पार्षद हरि राम,राजद के प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# नीमडीह में विधायक सविता महतो ने चार पीसीसी सड़कों का किया उद्घाटन

## 29 लाख 36 हजार रुपये की लागत से ग्रामीणों को मिली सड़क की सौगात

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**




शनिवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सविता महतो ने नीमडीह प्रखंड के विभिन्न गांवों में विधायक योजना से निर्मित चार पीसीसी सड़कों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण कर सड़कों को ग्रामीणों को समर्पित किया। इस दौरान विधायक ने कहा कादलागांव के खेकरी बांद से रंजीत मांझी के घर तक लगभग 8 लाख 90 हजार 300 रुपये, कादला मोड़ से प्रामाणिक के घर तक लगभग 7 लाख 27 हजार 900 रुपये, पारकीडीह में नन्द मांझी के घर से नदी की ओर लगभग 7 लाख 1 हजार रुपये तथा रामनगर डूंगरीकुली आरईओ रोड तक लगभग 6 लाख 16 हजार 900 रुपये की लागत से बनी पीसीसी सड़कों का उद्घाटन किया गया। चारों सड़कों का निर्माण 29 लाख 36 हजार 100 रुपये कि लागत से कराई गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग और जरूरतों को देखते हुए क्षेत्र में लगातार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीसीसी सड़क बनने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में कीचड़ से राहत मिलेगी और आवागमन में काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सचिव काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, अनिल मांझी, मंगल मांझी, हरी महतो, टिंकू महतो, जदुपति महतो, उपेंद्र नाथ गोस्वामी, विश्वनाथ गोप, भिरगु मांझी, देवेन महतो, सुजीत महतो, सुफल सिंह, दिलीप सिंह, लालतू मांझी, परीक्षित महतो, गुरुपद सिंह, शिक्षित्त मांझी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।